निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

नवबिहार टाइम्स

• 28 मार्च 2025 शुक्रवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 303 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं


1963 : रूस और अमेरिका के बीच शीत युद्ध हुआ।
1964 : इंग्लैंड के पास पहला समुद्री डाकू रेडियो स्टेशन बना।
1795 : पोलैंड का विभाजन हुआ।
1941 : नेताजी सुभाष चंद्र बोस नजरबंदी से बचकर बर्लिन पहुंचे।
1959 : चीन ने तिब्बत की सरकार भंग की और पांचेन लामा को पदासीन किया।
2013 : इंटरनेट पर इतिहास का सबसे बड़ा हमला हुआ।
2015 : सायना नेहवाल दुनिया की नंबर एक महिला बैडमिंटन खिलाड़ी बनीं।

भारत धर्मशाला नहीं कि कोई जब चाहे आकर रहे : गृह मंत्री

लोकसभा में इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल 2025 पास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। लोकसभा में गुरुवार को इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल 2025 पास हो गया। बिल पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, पश्चिम बंगाल से बांग्लादेशियों और रोहिंग्या की घुसपैठ हो रही है। ऐसे में जो लोग भारत की व्यवस्था में योगदान करने, व्यापार और शिक्षा के लिए आते हैं, ऐसे सभी लोगों का स्वागत है। लेकिन चाहे रोहिंग्या हो या बांग्लादेशी अगर यहां अशांति फैलाने के लिए आते हैं, तो ऐसे लोगों के साथ बड़ी कठोरता के साथ व्यवहार होगा। अगर कोई भारत को नुकसान पहुंचाने की मानसिकता के साथ आता है तो उससे सख्ती से निपटा जाएगा। 'उन्होंने कहा, 'मोदी सरकार



केवल उन लोगों को भारत आने से रोकेगी जिनके इरादे गलत हैं। यह देश कोई धर्मशाला नहीं है। भारत में आने वाले सभी विदेशी नागरिकों की जानकारी रखी जाएगी। वे किस रास्ते से आ रहे हैं, कहां रुक रहे हैं, क्या कर रहे हैं। इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल लोकसभा में 11 मार्च को पेश किया गया था। इस पर सत्ता और विपक्ष के 30 सांसदों ने अपनी बात रखी।

नियम बनाकर अवैध घुसपैठियों को रोक रहे

अमित शाह ने कहा कि हमारी सीमा पर कुछ संवेदनशील स्थान हैं, सेना के अड्डे हैं, उनको दुनियाभर के लिए खुले नहीं छोड़ सकते थे। पहले भी घुसपैठियों को रोका जाता था, लेकिन तब इसका नियम नहीं था। हममें हिम्मत है नियम बनाकर रोकने की। पूरी व्यवस्था को वैज्ञानिक तरीके से एक कानून में बांधने का काम किया गया है।

भारत आए विदेशियों की जानकारी पुख्ता होगी

गृह मंत्री ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से ड्रग्स कार्टल, घुसपैठियों की कार्टल, हवाला व्यापारियों को समाप्त करने की व्यवस्था हम इस बिल में कर रहे हैं। पासपोर्ट एक्ट में पासपोर्ट-वीजा अनिवार्य होगा। विदेशियों के रजिस्ट्रेशन को और पुख्ता किया जाएगा।


फेंसिंग के लिए ममताजी नहीं दे रहीं जमीन

पश्चिम बंगाल से बांग्लादेशियों और रोहिंग्या की घुसपैठ हो रही है। 450 किमी आपकी कृपा से खुली सीमा है, वहीं से घुसपैठ है, वहीं नागरिक बनते हैं, आधार कार्ड बनते हैं और देशभर में फैल जाते हैं। गृह मंत्री ने कहा कि जितने घुसपैठिए पकड़े गए हैं, सबके पास 24 परगना के आधार कार्ड मिले हैं। 'जहां फेंसिंग लगाने जाते हैं, सत्ताधारी पार्टी का कैडर हुड़दंग करता है, धार्मिक नारे लगाता है।

राजनीतिक दल बूथवार अपने बूथ लेवल एजेंट अवश्य नियुक्त करें : के. रवि कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए निर्वाचन संबंधी विषयों पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक की गई है। उक्त बैठक में राजनीतिक दलों के सुझाव लिए गए। वर्तमान में कानूनी प्रावधानों के अनुसार मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के सुझावों पर क्रियान्वयन हेतु कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बैठक में खास तौर पर मतदान केंद्रों के रिलोकेशन को कम करते हुए इसे शून्य करने की दिशा में सुझाव प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा ऐसे मतदाताओं का नाम नजदीकी मतदान केंद्रों की मतदाता सूची में अंकित करने का सुझाव दिया गया जिनके नजदीक में मतदान केंद्र होते हुए भी उन्हें दूर के मतदान केंद्र पर अपने मत का प्रयोग करने के लिए जाना पड़ता है। श्री कुमार गुरुवार को निर्वाचन सदन में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रहे



थे। के. रवि कुमार ने बैठक में राजनीतिक दलों के जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे बुथ लेवल एजेंट के चुनाव संबंधी ज्ञान संवर्धन एवं उनके द्वार बीएलओ के कार्य में सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि राजनितिक दल बूथवार अपने बुथ लेवल एजेंट अवश्य नियुक्त कर लें साथ ही चुनाव आयोग द्वार बताए गए दिशा निर्देशों से उन्हें ससमय अवगत भी कराते रहें। बैठक में श्री कुमार ने चुनाव एवं उसके उपरांत मतदाताओं एवं जमीनी स्तर पर राजनीतिक दलों के अनुभवों को भी जाना। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं ईआरओ द्वारा भी अपने-अपने स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक किए जा रहें हैं। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार, सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सहित निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो का एक्शन

कंप्यूटर ऑपरेटर पांच हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

लोहरदगा। भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) ने गुरुवार को कार्रवाई की है। झारखंड के लोहरदगा जिले के रजिस्ट्री ऑफिस का कंप्यूटर ऑपरेटर पांच हजार रुपए रिश्वत लेते गुरुवार को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया गया। एसीबी रांची की टीम ने जिला निबंधन कार्यालय से उसे घूस लेते अरेस्ट किया। गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम उसे रांची ले गयी है और पूछताछ कर रही है। लोहरदगा के बगडू थाना क्षेत्र के आलिमउद्दीन ने एसीबी को शिकायत की थी कि जमीन का पट्टा निकलवाने के एवज में रजिस्ट्री ऑफिस के कंप्यूटर ऑपरेटर (अनुबंध) दिलीप कुमार ने उनसे पांच हजार रुपए रिश्वत मांगी थी। वह घूस नहीं देना चाहते थे। आखिरकार उन्होंने एंटी करप्शन ब्यूरो में लिखित शिकायत दर्ज करायी। लोहरदगा रजिस्ट्री ऑफिस के कंप्यूटर ऑपरेटर दिलीप कुमार ने जब पीड़ित से जमीन का पट्टा निकालने के एवज में पांच हजार रुपए रिश्वत की मांग की तो उसने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रांची से संपर्क किया और पूरे मामले की



जानकारी दी। इस मामले में उसने लिखित शिकायत दर्ज करायी। इसके बाद एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने केस का सत्यापन किया। सत्यापन में मामला सही पाया गया। इसके बाद गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाया गया। गुरुवार को रांची एसीबी की टीम लोहरदगा रजिस्ट्री ऑफिस पहुंची और कंप्यूटर ऑपरेटर को घूस लेते रंगेहाथ दबोच लिया।

दो ट्रकों में टक्कर से लगी भीषण आग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गुमला। जिले के पालकोट थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिमडेगा गुमला सड़क पर बीती रात दो ट्रकों के बीच टक्कर होने से भीषण आग लग गई। जिसके बाद दोनों ट्रक धूं-धूं कर जलने लगी। सूचना पर पहुंचे पालकोट थाना प्रभारी राहुल कुमार दसोंदी के द्वारा दमकल वाहन को बुलाया गया और काफी मशक्कत के बाद लगभग 2 घंटे बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक दोनों ट्रक जलकर खाक हो चुके थे। वहां पर मौजूद लोगों के अनुसार दोनों वाहन काफी तेज रफ्तार में था, जिसकी वजह से आमने-सामने से टक्कर हो गई। एक ट्रक में कोयला लदा हुआ था जबकि दूसरा खाली था। बताया जा रहा है कि दोनों ड्राइवरों का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। आशंका जाहिर की जा रही है कि इस भीषण आग की चपेट में कहीं दोनों चालक तो नहीं आ गए हैं। कुछ लोगों का कहना है कि टक्कर होने के साथ दोनों ने ट्रक से कूद कर जान बचाई। रात की घटना की वजह से पुलिस भी स्पष्ट नहीं बता पा रही है। हालांकि सुबह होते ही पुलिस इस मामले पर गहनता से छानबीन में जुट गई है। घटना के बाद वाहनों की लंबी कतार भी काफी देर तक लगी रही। जानकारी के मुताबिक एक ट्रक अंबिकापुर के अम्बा गांव से कोयला लेकर टाटा नगर जा रहा था। जबकि पालकोट के चौक टंगरा के पास विपरीत दिशा से दूसरा ट्रक आ रहा था, जिसकी आपस में सीधी भिड़ंत हो गई।

माइक्रोफाइनेंस कंपनी के चार कर्मी लाखों का गबन कर हुए फरार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हाजीपुर। हाजीपुर के जंदाहा थाना क्षेत्र अंतर्गत जंदाहा बाजार स्थित एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कार्यालय से चार कर्मचारी 37 लाख 50 हजार 363 रुपये का गबन कर फरार हो गये। इस मामले में जंदाहा स्थित स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंशियल लिमिटेड कंपनी के शाखा प्रबंधक पूर्वी चंपारण जिले के मेहसी थाना क्षेत्र के चक रसूल गांव के निवासी छोटन कुमार ने कंपनी के तत्कालीन क्वालिटी ब्रांच मैनेजर पूर्वी चंपारण के कनकटी गांव के संतोष कुमार, शाखा प्रबंधक बोधगया थाना के मनकोसी गांव के रूपेश कुमार, ऋण अधिकारी पूर्वी चंपारण के मंगलपुर गांव के रंजीत कुमार और पटना जिले के खराठी गांव के सूरज कुमार राज के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है। एफआइआर कॉपी में आरोप लगाया गया है कि छह अक्टूबर 2024 की रात करीब दो बजे, शाखा में नकद और यूपीआई के माध्यम से एकत्रित की गयी कुल 30 लाख 75 हजार 893 रुपये की राशि लेकर संतोष कुमार और रूपेश कुमार फरार हो गये। जांच में यह पाया गया कि शाखा के कैश लॉकर की एक चाबी क्वालिटी ब्रांच मैनेजर संतोष कुमार और दूसरी चाबी ब्रांच मैनेजर रूपेश कुमार के पास थी। दोनों ने मिलीभगत कर उक्त राशि गबन की। इसके अलावा, ऋण अधिकारी रंजीत कुमार पर महिलाओं से ऋण की किस्त के नाम पर वसूली गयी 5 लाख 38 हजार 350 रुपये लेकर फरार होने का भी आरोप है।

रांची के पंडरा में कारोबारी की गला काटकर हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। रांची के पंडरा इलाके में अपराधियों ने एक कारोबारी की गला काट कर हत्या कर दी है। मृतक का नाम भूपल साहू है। हनसे के बाद उन्हें गंभीर स्थिति में एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। रांची के कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। हत्याकांड में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया जा रहा है। मौके पर मौजूद स्थनीय लोगों ने बताया कि विशाल फुटवेयर के संचालक भूपल साहू अपनी दुकान की सीढ़ियों पर खड़े थे, इसी दौरान एक युवक ने भूपल साहू को निशाना बनाते हुए उनके गले पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। भूपल पर अपराधी ने

■ हमले के बाद आरोपित फरार

इतने वार किए की दुकान के बाहर की सीढ़ी खून से लाल हो गई। हमला करने के बाद आरोपी मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। पास में ही एक भंडारे का आयोजन किया गया था, जिसकी वजह से वहां काफी भीड़ थी, स्थानीय लोगों ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश भी की लेकिन वह फरार हो गया। चाकू लगने से घायल कारोबारी को स्थानीय लोगों के द्वारा ही आनन-फानन में एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। डॉक्टरों की टीम ने गंभीर रूप से घायल कारोबारी को बचाने की भरपूर कोशिश की लेकिन वे उसे बचा नहीं पाए।

अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में रांची बंद का दिखा व्यापक असर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। भाजपा नेता अनिल टाइगर के हत्या के विरोध में आहूत रांची बंद का राजधानी में व्यापक असर दिखा। रांची के कांके चौक सहित दर्जनों स्थनों पर हत्या के विरोध में प्रदर्शन किए गए। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के साथ-साथ दर्जनों भाजपा नेता सड़कों पर उतरकर बंद को समर्थन देते नजर आए। वहीं, दूसरी तरफ रांची पुलिस ने एहतियातन प्रतुल शाहदेव और भैरव सिंह जैसे कई भाजपा नेताओं को हिरासत में ले लिया है। अनिल टाइगर की हत्या के खिलाफ बुलाए गए बन्द का राजधानी रांची के लगभग सभी इलाकों में व्यापक असर दिखा। रांची के शहर और ग्रामीण दोनों ही इलाकों में सुबह से ही भाजपा कार्यकर्ता और भाजपा के बड़े नेता सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं। रांची के रातू रोड में देश के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बंद को सफल बनाने के लिए सड़क मार्च किया। भाजपा के कई नेता अपने-अपने क्षेत्र में बंद को सफल बनाने के लिए सुबह से ही सड़क पर उतरे। सबसे ज्यादा बन्द का असर रांची के कांके इलाके में नजर आया। कांके इलाके में



ही बुधवार की शाम अनिल टाइगर की गोली मारकर हत्या की गई थी। हत्या के विरोध में बुधवार की सुबह से ही कांके चौक को पूरी तरह से जाम कर दिया गया। जगह-जगह पर टायर जलाकर प्रदर्शन किया गया। रांची बंद को लेकर रांची के लगभग सभी स्कूल बुधवार को बंद रहा। व्यापारिक प्रतिष्ठान, छोटे दुकान, बाजार और हाट भी बंद नजर आए। रांची के अरगोड़ा, किशोर गंज, बरियातू ओरमांझी, बेड़ो, धुर्वा, खलारी, कांके रातू, रातू रोड, बूटी मोड़ पर भाजपा कार्यकर्ता सड़क जमकर प्रदर्शन करते नजर आए। राजधानी रांची में संवेदनशीलता को देखते हुए भाजपा नेता प्रतुल शाहदेव और भैरव सिंह को रांची पुलिस ने सुबह ही हिरासत में ले लिया। वहीं, राजधानी में विभिन्न इलाकों से प्रदर्शन कर रहे 50 से ज्यादा भाजपा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। खूंटी के बुंडू में भी पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में बंद का असर देखने को मिला। हालांकि खूंटी जिला के शहरी इलाके में बंद बेअसर रहा। भाजपा और आजसू पार्टी ने बाइक जुलूस निकालकर बुंडू शहरी क्षेत्र में दुकानों को बंद कराया। जुलूस के दौरान भाजपा और आजसू नेताओं ने हेमंत सरकार पर नारेबाजी करते हुए कानून व्यवस्था पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि यहां कानून व्यवस्था लचर है। राज्य में हेमंत सरकार को कानून व्यवस्था दुरुस्त करना होगा। नेताओं ने कहा कि अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। आए दिन खुलेआम हत्या की घटनाएं घट रही हैं। पुलिस प्रशासन का डर अपराधियों में नहीं रहा है। यहां की सरकार अपराधियों को संरक्षण देने का काम करती है, इसलिए भाजपा और आजसू झारखंड बंद का समर्थन कर रहा है। इधर बन्दी को देखते हुए जगह-जगह पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। चौक-चौराहों पर एहतियात बरतते हुए पुलिस अलर्ट रही।

डॉ. सुरेश पासवान ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद/ रांची। बिहार के पूर्व मंत्री डॉ. सुरेश पासवान ने गुरुवार को झारखंड विधानसभा में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन और देवघर के विधायक सुरेश पासवान से औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने झारखंड के विकास को लेकर मुख्यमंत्री की प्रतिबद्धता की सराहना की और बिहार-झारखंड के बीच साझा परियोजनाओं पर मिलकर काम करने की जरूरत पर जोर दिया। बैठक के दौरान डॉ. सुरेश पासवान ने बिहार और झारखंड के बीच उत्तर कोयल जैसी साझा विकास परियोजनाओं में समन्वय बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जल संसाधन, ऊर्जा और बुनियादी ढांचे से जुड़े क्षेत्रों में दोनों



■ बिहार विधानसभा चुनाव साथ लड़कर सरकार बनाने का किया दावा

राज्यों के बीच सहयोग से आम जनता को अधिक लाभ मिलेगा। डॉ. पासवान ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि उनकी दूरदर्शी नीतियों से झारखंड जल्द ही देश के विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा। श्री पासवान ने मुख्यमंत्री से आगामी बिहार विधानसभा चुनाव पर चर्चा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनता दल एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा मिलकर चुनाव लड़ेगी एवं बिहार में सरकार बनाएगी।

पटना म्यूजियम में जबरदस्त धमाका

पटना (नबिटा ब्यूरो)। बिहार की राजधानी पटना में मौजूद पुराना म्यूजियम गुरुवार को दहल उठा। इतना जोरदार धमाका हुआ कि अफरा-तफरी मच गयी। आसपास में भगदड़ का माहौल कायम हो गया। पुराना म्यूजियम को कई लोग जादूघर के नाम से भी जानते हैं। धमाके के बाद कुछ देर तक लोगों को समझ ही नहीं आया कि आखिर हुआ क्या? फिर पता चला कि जो पुराने फायर सेफ्टी सिलेंडर रखे हुए थे, वहीं ब्लास्ट हुआ है। पूरा मामला कोतवाली थाना अंतर्गत का है। इस धमाके के कारण म्यूजियम की दीवार में दरार आ गयी। वहीं शीशे से बना दरवाजा चकनाचूर हो गया। गनीमत थी कि वहां कोई मौजूद नहीं था, नहीं तो कोई बड़ी घटना हो सकती थी। वहीं घटना की सूचना पर कोतवाली थाने की पुलिस के साथ अग्निशमन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची।

FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

324 करोड़ के रबर डैम का सूख गया पानी, कर्मकांड के लिए तीर्थयात्रियों को खरीदना पड़ रहा जल

गया, एजेंसी। सीएम नीतीश कुमार के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल गया रबर डैम की हालत दयनीय है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार गयाजी में फल्गु नदी के पानी से तर्पण करने का बड़ा महत्व है। फल्गु इसमें सालों भर पानी रहे इसके लिए देश का सब से लंबा रबर डैम 324 करोड़ की लागत से बनाया गया था। 2022 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों इसका उद्घाटन धूमधाम से हुआ था तब कहा गया था कि अंतः सलिल फल्गु नदी अब सतह सलिला हो गई है।

सतह पर गंदगी और गादः कुछ समय तक ऐसा हुआ भी। गयाजी रबर डैम बनने के बाद यहां आने वाले पिंडदानी भी फल्गु के जल का प्रयोग करने लगे। हालांकि अब स्थिति बदल चुकी है। रबर डैम का पानी पूरी तरह से सूख चुका है। नदी में डैम की गंदगी और उसका गाद सतह पर है। ऐसे में तीर्थयात्री पिंडदान करने से भी कतरा रहे हैं। गंदगी के बीच पिंडदान व तर्पण करना पड़ रहा है। उन्हें फल्गु का पवित्र जल खरीदना पड़ रहा है ताकि तर्पण कर सकें।



10 रुपये प्रति गलास पानीः आपको बता दें कि गयाजी में मिनी पितृपक्ष मेला चल रहा है। देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिदिन 10 से 15 हजार तीर्थयात्री आ रहे हैं। ऐसे में पानी की कमी के कारण उन्हें भटकना पड़ रहा है। देवघाट से रबर डैम तक लगभग पांच चापाकल लगे हुए हैं लेकिन इसमें कुछ खराब भी हैं। मौके का लाभ उठाने के लिए फल्गु नदी में कुछ स्थानीय लड़के जगह-जगह पर गड्ढे खोदकर कर 10 रुपये प्रति प्लास्टिक ग्लास फल्गु का पवित्र जल बेच रहे हैं।

इन्फेक्शन का खतराः स्थानीय लोग बताते हैं कि गर्मी शुरू होने के साथ करीब 80 प्रतिशत जलस्तर घट गया है। बचा हुआ पानी प्रदूषित रहने के कारण अनूपयोगी है। स्थानीय वार्ड पार्षद चंदू देवी बताती हैं कि अभी फल्गु में जितना पानी बचा है, उसको अगर उपयोग में लाते हैं तो इन्फेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। क्योंकि यह प्रदूषित है। हालांकि बरसात के बाद पितृपक्ष मेले तक बारिश के पानी से इसका जलस्तर ठीक-ठाक था।

पानी क्यों खरीद रहे?ः

कर्मकांड के लिए उतर प्रदेश से आए आशीष कुमार और उनके दूसरे साथी नदी से बर्तन में पानी लेकर घाट की तरफ बढ़ रहे थे तभी अचानक उन्होंने नदी में दो लड़कों को गड्ढा खोद कर पानी निकालते देखकर रूक गए। तभी उनमें एक लड़का चमन कुमार कहता है कि पवित्र जल खरीद लीजिए। इतना सुनना था कि आशीष और उनके साथी बर्तन से गंदा और गाद वाला पानी फेंक देते हैं और चमन को लोटा पानी के लिए थमा देते हैं। आशीष इसके बदले चमन को 25 रूपये भी देते हैं।

गंदे पानी से स्नान कैसे करेंगे?ः

आगे आशीष कहते हैं कि जिन्हें स्नान करना होगा वे इतने गंदे पानी से स्नान कैसे करेंगे? जानकर बड़ा कष्ट हुआ कि इतना बड़ा तीर्थ गयाजी में फल्गु नदी का यह हाल है। चारों तरफ गंदगी फैली हुई है। जिला प्रशासन और सरकार आग्रह है कि इसपर ध्यान दें। कहा कि यह तो बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है कि 300 करोड़ खर्च करने के बाद भी रबर डैम की यह दशा है।

फल्गु नदी आस्था का विषयः

मध्य प्रदेश से आए एक तीर्थयात्री मंडेश्वर बताते हैं कि उन्होंने 10 रुपये में एक गिलास साफ जल खरीदा है। वह कहते हैं कि नदी में तो जल है, लेकिन गंदगी बहुत है। जल साफ नहीं है। प्रयागराज उत्तर प्रदेश से आए एक और तीर्थयात्री शैलेंद्र जायसवाल ने कहा कि फल्गु नदी आस्था का विषय है। हम लोग पूजा पाठ करने के लिए यहां पर आते हैं।

संक्षिप्त समाचार

नालंदा में शिक्षा विभाग के कर्मी की संदिग्ध मौत, 4 मंजिला इमारत से गिरकर गई जान

नालंदा, एजेंसी। बिहार के नालंदा में एक सरकारी कर्मी की संदिग्ध मौत हो गई है। मृतक की शिनाख्त मनीष कुमार के रूप में हुई है। मनीष हरनौत प्रखंड बीआरसी में ब्लॉक प्रोजेक्ट मैनेजर (बीपीएम) के पद पर कार्यरत थे। प्रखंड बीआरसी के निकट एक निजी मकान में किराए पर रहते थे।

नालंदा में शिक्षा विभाग के कर्मी की मौत : बताया जाता है कि, मनीष की 4 मंजिला मकान की छत से गिरकर संदिग्ध परिस्थिति में दर्दनाक मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना मिलते ही शिक्षा विभाग के कर्मियों में हड़कंप मच गया। मामला हरनौत बाजार एनएच-20 किनारे का है।

जांच में जुटी पुलिस : घटना की सूचना मिलते ही हरनौत थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। साथ ही मामले की जांच पड़ताल में जुट चुकी है।

लोगों ने सुबह में देखा शव : बताया जाता है कि मृत युवक मनीष कुमार सीतामढ़ी जिला के रहने वाले थे। मोहल्ले वासियों ने बुधवार की सुबह देखा कि मकान के पीछे मनीष कुमार मृत अवस्था में पड़े हुए हैं। मौके पर मौजूद बीपीएम नवीन कुमार ने बताया कि नौकरी को लेकर वह कुछ दिनों से तनाव में चल रहे थे।

पटना में बीए के छात्र ने दे दी जान, परीक्षा देने के लिए बहनोई के घर गया था

पटना , एजेंसी। राजधानी पटना के जक्कनपुर थाना क्षेत्र स्थित पुरंदरपुर में 21 वर्षीय छात्र अमन कुमार ने आत्महत्या कर ली। वह बीए की पढ़ाई कर रहा था। बताया जा रहा है कि अमन बक्सर का निवासी था। वह अपने बहनोई विजय पांडेय के घर परीक्षा देने के लिए गया था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पटना में छात्र ने की आत्महत्याः अमन के बहनोई विजय पांडेय एक फाइनांस कंपनी में कार्यरत हैं और मंगलवार को वह अपने काम के सिलसिले में घर से बाहर थे। मंगलवार देर रात घर में केवल अमन का चार साल का भांजा था। इसी दौरान अमन ने कमरे में आत्महत्या कर ली। देर रात बहन घर लौटी तो अमन का शव देखकर दंग रह गई। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दिया।

परिजनों का रो रोककर बुरा हालः पुलिस मंगलवार रात करीब 11 बजे मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। अमन पिता रामानंद तिवारी बताया जा रहा है। वह पटना अपने बहन के घर परीक्षा देने आए था। इस घटना के बाद परिजनों में शोक की लहर है। अमन की बहन और घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बीए की पढ़ाई कर रहा थाः अमन के परिजनों ने बताया कि वह शांत स्वभाव का लड़का था और पढ़ाई को लेकर गंभीर रहता था। आत्महत्या क्यों की इसका पता नहीं चला है। पुलिस के कमरे से कोई भी सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। पुलिस परिवार व पड़ोसियों से बयान दर्ज कर रही है।

बैंक कर्मी से 1.10 लाख की लूट, अज्ञात पर एफआईआर

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। अहियापुर थाना के नाजिरपुर बांध पर बाइक सवार तीन अपराधियों ने बंधन बैंक कर्मी महुआ निवासी राजीव कुमार से पिस्टल के बल पर 1.10 लाख रुपये लूट लिए। बीते 21 मार्च को हुई इस घटना की एफआईआर अहियापुर थाने में दर्ज कराई गई है। इसमें बाइक सवार तीन अज्ञात को आरोपित बनाया गया है। पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर रही है।

बकरा चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

भागलपुर, एजेंसी। प्रखंड के भवानीपुर थाना क्षेत्र का बीरबन्ना गांव से मंगलवार की रात चार बकरों की चोरी हो गई। भवानीपुर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर महेश कुमार को बीरबन्ना निवासी सबीना खातून और एक और महिला ने सूचना देते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई। पुलिस ने बुधवार को गुप्त सूचना पर आरोपी मेघु सहनी निवासी एकनियां गांव मानसी थाना क्षेत्र को चार बकरों के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि शेष आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गुरुवार को आरोपी को न्यायिक हिरासत में नवगछिया भेजा जाएगा।

नये सत्र में बच्चों को समय पर मिलेगी पुस्तकें

भागलपुर, एजेंसी। निज संवाददाता नये सत्र में बच्चों को इस वर्ष समय पर पाठ्य पुस्तक मिलेगी। बीआरसी से सभी स्कूल प्रधान को पुस्तक उठाव का निर्देश दिया गया है। बीईओ रेखा भारती ने बताया कि नये सत्र में बच्चों को समय पर पुस्तक दिये जाने को निर्देशित किया गया है। जिसको देखते हुए सभी विद्यालय प्रधान को पुस्तक का उठाव किये जाने का निर्देश दिया गया है। लगभग 100 विद्यालय द्वारा पुस्तक का उठाव भी कर लिया गया है।

होटल में चल रही थी शराब पार्टी, शिक्षा विभाग का क्लर्क समेत 5 गिरफ्तार

बांका, एजेंसी। बिहार में शराबबंदी कानून लागू होने के बाद बावजूद न तो शराब की तस्करी थम रही है और न ही शराब के सेवन पर पूरी तरह से रोक लग पा रही है। लोग चोरी-छिपे शराब पी भी रहे हैं और पिला भी रहे हैं। हालांकि पुलिस और



उत्पाद विभाग की टीम समय-समय पर छापेमारी भी करती रहती है। इसी क्रम में मंगलवार को एक होटल में शराब पार्टी के दौरान 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें शिक्षा विभाग का क्लर्क भी शामिल है।

होटल में शराब पार्टी के दौरान छापा

बांका शहर के चर्चित होटल के कमरा नंबर 207 से उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक दीपक महतो के नेतृत्व में पांच लोगों को शराब पार्टी करते गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर जब टीम ने छापेमारी की तो सभी लोग शराब पार्टी कर रहे थे। ये सभी लोग नशे में लिप्त पाए गए हैं। सभी को हिरासत में लिया गया है।

शराबी क्लर्क समेत 5 गिरफ्तार

जानकारी के अनुसार योजना एवं लेखा शिक्षा विभाग के उच्च वर्गीय लिपिक पंकज कुमार को पुलिस ने पकड़ा है। उसके साथ शराब की पार्टी कर रहे भागलपुर जगदीशपुर बैजानी निवासी जगदीश तिवारी, अमरपुर के विश्वभरचक निवासी दिलीप कुमार, राकेश कुमार, सौरभ कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर पहुंची उत्पाद विभाग की टीम ने सभी को शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

शराब के खिलाफ बड़ा एक्शन

बांका के जिला शिक्षा पदाधिकारी कुंदन कुमार ने भी इसे लेकर पत्र जारी किया है। पुलिस ने बताया कि सभी को जुर्माना के बाद छोड़ दिया गया है लेकिन एक वेंडर सौरभ कुमार को शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उत्पाद विभाग के दारोगा दीपक महतो ने बताया कि सौरभ कुमार सिंह को शराब सेवन के जुर्म में दूसरी बार गिरफ्तार किया गया है।

कोटा में नालंदा के छात्र की खुदकुशी, होली मना कर 18 मार्च को गया था राजस्थान



नालंदा, एजेंसी। देशभर में कोचिंग हब के रूप में मशहूर कोटा में एक और छात्र ने आत्महत्या कर ली है। मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम नीट यूजी की तैयारी कर रहे बिहार के नालंदा जिले के रहने वाले छात्र हर्ष राज शंकर ने आत्महत्या की है। पुलिस ने मृतक के शव को कोटा के अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

एक साल पहले गया था कोटाः बताया जाता है कि हर्ष राज एक साल पहले मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम नीट यूजी की तैयारी के लिए कोटा गया था और वह जवाहर नगर के एक हॉस्टल में रहता था। परिवार के लोग शव को लेने के लिए कोटा राजस्थान के लिए सुबह ही रवाना हो गए।

हर्ष की आत्महत्या से पसरा मातमः गांव में माहौल गमगीन है और इस घटना के बाद हर कोई व्यथित और दुखी है। हर किसी की आंख नम है। गांव में जैसे ही हर्ष के आत्महत्या की सूचना पहुंची तो मातम पसर गया। गांव परिवार के लोग कुछ भी बोलने से इंकार कर रहे हैं। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

होली में आया था घरः

परिजनों ने बताया कि होली पर घर आया था। यहां 10 दिन रहकर 18 मार्च को कोटा के लिए रवाना हुआ था। कोटा फोन पर बात की थी। वह पढ़ाई में शुरू से ही तेज था। हर्ष राज शंकर के पिता प्रवीण शंकर सरकारी स्कूल के शिक्षक हैं। दो भाइयों में सबसे बड़ा था।

होली में हुई थी बातः

मृतक के चाचा संतोष कुमार ने बताया कि आखिरी बार होली के समय उससे बात हुई थी। तब उसने बताया था कि सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा है। पढ़ाई में वह अच्छा था और उसका सपना डॉक्टर बनने का था। हर्ष दो भाइयों में बड़ा था।

इस साल 9 बच्चों ने की आत्महत्या

कोचिंग हब के रूप में मशहूर कोटा इस साल ये नौवीं आत्महत्या का मामला है। सिर्फ जनवरी में छह कोचिंग छात्रों, जिसमें पांच जेईई और एक नीट का छात्र था, आत्महत्या कर ली थी। 2024 में कोटा में 17 कोचिंग छात्रों ने आत्महत्या की थी।

जमुई डीएम ने आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण: केंद्र की हालत देख भड़की

मेन्यू के विपरीत बना भोजन देख बीडीओ को भी लगाई फटकार



जमुई, एजेंसी। जमुई की जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सोनो प्रखंड के लखनक्यारी इलाके में वार्ड नंबर 12 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाई गई गंभीर अनियमितताओं पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई।

केंद्र में आंगनबाड़ी सहायिका अनुपस्थित मिलीं। बच्चे फर्श पर बैठे हुए थे। मेन्यू में सब्जी-चावल होने के बावजूद खिचड़ी बनाई गई थी। डीएम ने आंगनबाड़ी का रजिस्टर जांचा, जिसमें कई खामियां पाई गईं। डीएम ने सहायिका से सवाल किया, ÷क्या ऐसे आंगनबाड़ी चलता है? घर में बैठकर आंगनबाड़ी चलाती हो?÷ उन्होंने केंद्र में फैली गंदगी और बच्चों की प्लेटों की खराब स्थिति पर भी सवाल उठाए।

मौके पर डीएम ने सीडीपीओ को फोन करवाया और सोमवार से शनिवार तक का मेन्यू मंगवाया। बीडीओ को भी फटकार लगाते हुए कहा कि वे विकास अधिकारी हैं, उन्हें हर चीज का ध्यान रखना चाहिए। केंद्र में बच्चों को पढ़ाने वाला भी कोई नहीं मिला। डीएम ने केंद्र में उपलब्ध सामानों की सूची बनाने के निर्देश दिए। शौचालय और पेयजल सुविधाओं की जांच में भी कई कमियां सामने आईं। डीएम ने स्पष्ट किया कि इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह पूरी घटना बुधवार की है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

रोहतास में आग से बचाव के लिए विशेष तैयारी: 25 दमकल गाड़ियां तैयार, 2 मिनट में पहुंचेगी टीम

मॉक ड्रिल से लोगों को कर रहे जागरूक



सासाराम (रोहतास), एजेंसी। रोहतास में बढ़ती गर्मी के मद्देनजर अग्निशमन विभाग ने विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिले में बढ़ती घटना को लेकर विभाग ने जिले में 25 दमकल गाड़ियों को 24 घंटे तैयार रखा है। अग्निशमन पदाधिकारी नवल किशोर सिंह के अनुसार, गर्मी के मौसम में आग की घटनाएं बढ़ जाती हैं।

इसलिए विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। सूचना मिलने के 2 मिनट के अंदर दमकलकर्मी घटनास्थल के लिए रवाना हो जाते हैं। विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक, बैनर, होर्डिंग और पैंफलेट के माध्यम से जागरूकता अभियान चला रहा है। खरीफ फसलों के पकने और पछुआ हवाओं के चलने से आग का खतरा बढ़ गया है।

किसानों को अलर्ट रहने की सलाह

सहायक अग्निशमन पदाधिकारी शिव प्यारे दुबे ने लोगों से आग लगने पर तुरंत 101 पर या नजदीकी अग्निशमन केंद्र को सूचित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोग अपने घरों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा मानकों का पालन करें। विभाग द्वारा आग से बचाव और आग लगने पर की जाने वाली एहतियाती कार्रवाई के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। किसानों को भी विशेष रूप से सतर्क रहने की सलाह दी गई है। इन सभी प्रयासों का मुख्य उद्देश्य आग से होने वाले जान-माल के नुकसान को रोकना है।

बिहार में पार्टी नहीं कैंडिडेट के हिसाब से होगी सीट शेयरिंग, दिल्ली में एनडीए ने तय किया फॉर्मूला

पटना, एजेंसी। बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसे देखते हुए लगभग सभी पार्टियां अपनी-अपनी तैयारी में जुट गई है। बुधवार को दिल्ली में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) नेताओं की सांसद संजय जायसवाल के घर एक बैठक हुई। इस बैठक में एनडीए के सभी सांसद शामिल हुए। इस बैठक की अध्यक्षता भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने की।

जेपी नड्डा ने बैठक में एक महत्वपूर्ण संदेश दिया, जो एनडीए के सभी सहयोगी दलों के लिए था। उन्होंने पार्टी के नेताओं से एकजुट रहने की अहमियत पर जोर दिया और बिहार में आरजेडी और कांग्रेस के गठबंधन के टूटते रिश्तों का उदाहरण देते हुए कहा कि एनडीए की एकता अत्यंत महत्वपूर्ण है। नड्डा ने कहा, ÷हम एकजुट हैं तो हम जीत सकते हैं। यदि हम विभाजित होते हैं तो हम गिर सकते हैं। यदि हम एकजुट हैं तो हम आगामी चुनावों में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन कर सकते हैं।÷

बुधवार की इस बैठक को राष्ट्रीय राजधानी में बिहार दिवस समारोहों के एक विस्तार के रूप में देखा जा सकता है। यह केंद्र सरकार की पहल थी, जिसमें बिहार की धरोहर, संस्कृति, भोजन और परंपरा को देश भर में सम्मानित किया गया। आपको बता दें कि बिहार के लोग देशभर में प्रवासी के रूप में फैले हुए हैं।

आपको यह भी बता दें कि बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सीटों के वितरण पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन छोटे दल जैसे जीतन राम मांझी के नेतृत्व वाला हम और एलजेपी के चिराग पासवान ने अपनी मांगें उठाई हैं। इस बार सीटों का वितरण अलग तरीके से किया जाएगा।



कैंडिडेट देखकर सीट शेयरिंग

सूत्र के हवाले से कहा, ÷हर बार हम सीटों को देखते हैं और गठबंधन सहयोगियों के बीच बांटते हैं। इस बार हम उम्मीदवारों को देखेंगे और हर एनडीए सहयोगी से कहा जाएगा कि वे हर सीट के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची दें। जीतने की क्षमता ही अंतिम मानदंड होगी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 29 और 30 मार्च को गोपालगंज में सहकारिता मंत्रालय की बैठक में शामिल होंगे और सभी पीएसी प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे। इस यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा गठबंधन द्वारा एजेंडा की आधिकारिक शुरुआत होगा। 29 मार्च को शाह भाजपा नेताओं से एक आंतरिक बैठक करेंगे और अगले दिन एनडीए के सभी साझेदारों से मिलकर चुनावों से पहले साझा रणनीति पर चर्चा करेंगे।

सूत्र ने कहा, ÷पिछली बार की तरह इस बार हम एक सामान्य रणनीति के साथ चुनावी मैदान में उतरेंगे और यह एनडीए के लिए एक लड़ाई होगी, न कि किसी विशेष राजनीतिक दल या प्रतीक के लिए। जैसे महाराष्ट्र में हुआ था, हम एक सामान्य घोषणापत्र के साथ चुनाव लड़ेंगे और केंद्र के सभी नेता गठबंधन के सभी उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं तक यह संदेश पहुंचाना होगा कि चुनाव में एकजुट मोर्चा उतरा है।

अप्रैल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बिहार का दौरा करेंगे और 24 तारीख को मधुबनी में ग्राम पंचायतों के एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने की संभावना है।

चुनाव में कुछ महीने शेष हैं और एनडीए गठबंधन में नए सहयोगी दल जुड़ने के साथ बुधवार की बैठक इस लिहाज से महत्वपूर्ण थी क्योंकि इसमें सभी प्रमुख दलों के शीर्ष नेता शामिल हुए थे। बैठक में भाजपा के जेपी नड्डा, जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, एलजेपी के अध्यक्ष चिराग पासवान, हमके जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा ने राष्ट्रीय राजधानी से बिहार के लिए रणनीति को मजबूत किया।

Page 3_16.12..2018 PAGE-04.qxd 27-03-2025 22:10 Page 1

गली में खेल रही बच्ची को उठा ले गये दरिंदा

बिहारशरीफ। नालन्दा में पांच साल की अबोध बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। यह घटना राजगीर थाना क्षेत्र के एक गांव की है। परिजनों ने घटना के संबंध में बताया कि बच्ची गांव की गली में खेल रही थी। तभी एक युवक आया और उसे गोद में उठाकर गौशाला में ले गया और उस बच्ची के साथ दुष्कर्म किया।

घटना की जानकारी पीड़ित बच्ची ने अपनी मां को आकर बताई। हालांकि ग्रामीणों ने इस मामले को दबाने की भरपूर कोशिश की। पीड़िता के परिजनों का कहना है कि पीड़िता और उसकी माँ को राजगीर लाया गया, लेकिन बिना थाना आये ही उन्हें वापस घर भेज दिया गया। जब घटना की भनक पुलिस को लगी तब पुलिस सक्रिय हुई। फिर पीड़िता को उसकी मां के साथ थाना लाकर मामला दर्ज किया गया। डीएसपी ने बताया कि पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुये एक छापामारी दल का गठन किया गया है।

घटना की पुष्टि करते हुए राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि बच्ची के साथ गांव के एक युवक ने गौशाला में ले जाकर दुष्कर्म किया है। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि घटना बुधवार की है। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस ने गुरुवार को आरोपी युवक (26) को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी सुबोध सिंह का पुत्र रोहित कुमार उर्फ लल्लू है।

घटना के संबंध में राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी रोहित कुमार उर्फ लल्लू के खिलाफ राजगीर थाना में पास्को एक्ट के तहत गुरुवार को कांड दर्ज किया गया है। इस कांड के अनुसंधान की जिम्मेदारी महिला थानाध्यक्ष कुमारी उषा सिन्हा को सौंपी गई है। छापामारी दल में डीएसपी सुनील कुमार सिंह के अलावे अंचल निरीक्षक संजय कुमार, राजगीर थानाध्यक्ष रमन कुमार, महिला थानाध्यक्ष कुमारी उषा सिन्हा और राजगीर के अपर थानाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने आरोपी रोहित कुमार उर्फ लल्लू को गिरफ्तार कर लिया है।

जिला स्तरीय एसआरआई समागम संपन्न





नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खूंटी। जिला स्तरीय दो दिवसीय पीएम एसआरआई विद्यालय समागम 2025 का समापन आज शिक्षा विभाग की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समागम के दूसरे दिन की शुरूआत जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मेला के आयोजन से हुआ, जिसमें शिक्षकों ने एफएलएन टीएलएम एवं रोचक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को प्रभावी शिक्षण के नए तरीके प्रस्तुत किए। इससे बच्चों और शिक्षकों को नवीन शिक्षण पद्धतियों की जानकारी मिली।इसके बाद एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न राज्यों की संस्कृति, परिधान, और भाषा को दर्शाने हेतु विद्यालयों के विद्यार्थियों ने रंगारंग लोकनृत्य एवं वेशभूषा की शानदार प्रस्तुतियां दीं। प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग के तहत विद्यार्थियों द्वारा तैयार मॉडल और प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया गया। इसमें श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इसके अतिरिक्त, भाषा उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत पलाश बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम की महत्ता, उद्देश्यों एवं भाषा के विविध पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रदीप रवानी, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी विभाष चंद्र महतो, पीओ नरेंद्र कुमार सिंह, रिसोर्स पर्सन आशुतोष कुमार मांझी, अंकज कुमार एवं नकुल कुमार सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

कटहल प्रोसेसिंग यूनिट के बेहतर संचालन को ले बैठक

नए एफपीओ को जोड़ने एवं प्रशिक्षण देने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खूंटी। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने आज कदमा स्थित कटहल प्रोसेसिंग यूनिट के बेहतर संचालन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं एजेंसी को नए एफपीओ (फार्मर्स प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन) के किसानों को जोड़ने और उन्हें प्रशिक्षित करने का निर्देश दिया, ताकि यूनिट का संचालन और भी प्रभावी तरीके से किया जा सके।

बैठक के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों में होने वाले कटहल उत्पादन की खरीदारी की प्रक्रिया को सुचारू बनाने को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने किसानों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत से न केवल कृषि क्षेत्र को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि स्थानीय उत्पादों को भी नया बाजार मिल रहा है।

उपायुक्त ने कटहल प्रोसेसिंग यूनिट में तैयार होने वाले उत्पादों की गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा कि यह



यूनिट किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने एफपीओ के किसानों को उनकी मेहनत और समर्पण के लिए बधाई दी। उल्लेखनीय है कि कटहल प्रोसेसिंग यूनिट के माध्यम से कटहल के विभिन्न उत्पादों का उत्पादन किया जा रहा है, जिनकी बाजार में बढ़ती मांग देखी जा रही है।

पुलिस छापेमारी में सेक्स रैकेट का भंड़ाफोड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सारण। पुलिस ने सेक्स रैकेट चलाने वालों के खिलाफ फिर से कार्रवाई की है। यह कार्रवाई शहर के हृदय स्थली कहे जाने वाले भगवान बाजार थाना क्षेत्र के एक निजी होटल में की है, जहां लगभग 10-12 युवक युवतियों को हिरासत में लिया गया है। पकड़े गए लोगों में 6 महिलाएं और 5 पुरुष शामिल हैं। हिरासत में लेने के बाद सारण पुलिस ने सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। छापेमारी के दौरान सभी लोग होटल के अंदर आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गए है। साथ ही इन लोगों के पास से कई आपत्तिजनक सामान भी बरामद किये गये हैं। अचानक सारण पुलिस के द्वारा इस तरह की छापेमारी से होटल संचालकों ने हड़कंप मच गया है।

सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने बताया कि सारण पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि शहर के निजी होटल में कुछ युवक और युवतियां एक-एक करते हुए अंदर गई है। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि इस होटल में सेक्स रैकेट चल रहा है। इसी सूचना के आधार पर भगवान बाजार थाने के थानाध्यक्ष सुभाष कुमार के नेतृत्व में महिला पुलिस पदाधिकारी और पुलिसकर्मियों के द्वारा होटल में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान होटल सहित आसपास में अफरातफरी का माहौल बन गया। हालांकि इसी बीच कुछ लोग मौके से फायदा उठाते हुए भागने की फिराक में थे, लेकिन पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए सभी को अपनी गिरफ्त में ले लिया। स्थानीय लोगों के अनुसार होटल में कई महीनों से अलग-अलग लड़कियां और लड़के हाथों में बगैर कुछ सामान लिए आते रहते थे। उनको देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि अंदर से डरे और सहमे हुए है। जिस कारण उन लोगों का हरकत संदिग्ध और आने जाने की गतिविधियां कुछ ठीक नहीं लग रही थी। इसी तरह की सूचना सारण पुलिस को मिली थी।इस संबंध में सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि भगवान बाजार थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड में एक होटल द्वारा गलत तरीके से अनैतिक कार्य को किया जा रहा है। जिसके बाद भगवान बाजार थाने की पुलिस द्वारा छापेमारी करते हुए कुल 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें छह महिला और पांच पुरुष शामिल है, इनलोगों के पास कुछ आपत्तिजनक वस्तु भी बरामद किया गया हैं, हालांकि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने कहा कि इस बार पुलिस की कोशिश रहेगी कि कम से कम एक वर्ष के लिए उक्त होटल को सील किया जाए। ताकि दूसरे होटल संचालकों में डर और भय व्याप्त हो।

खेत में मिला किशोर का शव

मोतिहारी। 17 वर्षीय युवक की शव सरेह में मिलने से हड़कंप मच गया। युवक बुधवार शाम से ही घर से लापता था। मोतिहारी पुलिस हत्या है या आत्महत्या इसकी गुत्थी सुलझाने में लगी है। पूरा मामला मोतिहारी के जीतना थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। जहां बनकटवा गांव के ध्रुव प्रसाद यादव के 17 वर्षीय अवनीश कुमार उर्फ मुनिफ का शव आज दिन में लगभग 11 बजे गांव के पीछे के सरेह में गेहूं के खेत से मिला है। मृतक युवक के पिता ध्रुव प्रसाद के अनुसार, कल शाम से ही उसका बेटा मुनीफ घर से लापता था। काफी खोजबीन करने के बाद भी वह नहीं मिला। आज गांव की कुछ महिलाएं पशु के लिए घास काटने गई, तब अज्ञात शव को देखकर बदहवास भागते हुए गांव में आकर लोगों को बताई। तब गांव के लोगों ने शव की पहचान मुनीफ के रूप किया। सूचना पर पहुंची जीतना थाना की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम हेतु मोतिहारी भेज दिया। मृतक के परिजनों के अनुसार अवनीश पढ़ाई के साथ साथ मुंबई में रहकर काम करता था। इसी होली में वह मुंबई से अपने घर लौटा था और आज उसका शव सरेह से बरामद हुआ है।

एमएमसीएच अधीक्षक ने किया ग्रामीण व शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण

अधीक्षक ने दिए कई निर्देश, बेहतर प्रबंधन से खुश नजर आए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल, पलामू के अधीक्षक डॉ. प्रो. अजय कुमार ने गुरुवार को अस्पताल से जुड़े ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र सीएचसी चैनपुर व शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र यूपीएचसी नई मुहल्ला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दोनों केंद्रों की स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। सीएचसी चैनपुर निरीक्षण के क्रम में अधीक्षक ने रजिस्ट्रेशन काउंटर, ओपीडी, टीबी लैब, फामेर्सी, कुपोषण उपचार केंद्र एमटीसी, लेबर रूम, कार्यालय, बीपीएचयू आदि का निरीक्षण किया। साथ ही उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर ने बताया कि हर महीने के 9वें व चौथे बुधवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के लिए डॉक्टर उपलब्ध नहीं रहते हैं।

इस पर अधीक्षक ने पत्र भेजने को कहा ताकि डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति की जा सके। इसके अलावा उन्होंने नवनिर्मित ऑपरेशन थिएटर के लिए दरवाजे की आवश्यकता को ले जल्द से जल्द मांग पत्र भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि मोतियाबिंद रोगियों की स्क्रीनिंग के लिए जल्द ही दो नेत्र सहायक की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक ने अस्पताल परिसर में स्थित किचन गार्डन का भी दौरा किया। उन्होंने इस पहल की सराहना की। उन्होंने चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा लागू किए गए कंप्यूटरीकृत मरीज पंजीकरण प्रणाली की भी प्रशंसा की। इसके साथ ही अधीक्षक ने निर्देश दिया कि रात में भी नियोजित



सर्जरी के लिए डॉक्टरों की तैनाती की जाएगी।

अधीक्षक ने यूपीएचसी नई मुहल्ला निरीक्षण निरीक्षण के दौरान निर्देश दिया कि सभी आवश्यक दवाएं व लैब टेस्ट हर समय उपलब्ध रहनी चाहिए।पाया कि दोनों स्वास्थ्य केंद्रों में मेडिकल कॉलेज के इंटर्न डॉक्टर ओपीडी की जिम्मेदारी निभा रहे थे। उन्होंने बेहतर योजना व सेवाओं में सुधार के लिए अधीक्षक ने दोनों स्वास्थ्य केंद्रों का मासिक डेटा भी एकत्र किया। साथ ही उसके विश्लेषण पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह डेटा आगे की रणनीति बनाने में मददगार साबित होगा। इससे स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा।निरीक्षण दल के साथ मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल के अस्पताल प्रबंधक सुनीत श्रीवास्तव, सीएचसी चैनपुर में डॉ सुशील रमन ब्लॉक अकाउंट मैनेजर धीरज सिन्हा, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर सुनीता कुमारी, ब्लॉक डेटा मैनेजर संजीव सिंह, लिपिक पंकज कुमार यूपीएचसी नई मुहल्ला में पीएचएम सुबोध कुमार, सुजीत कुमार मौजूद थे।

शिल्पी नेहा तिर्की ने मंत्री को पहनाई पगड़ी, सरहुल की दी बधाई



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने गुरुवार को सूबे के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर को सरहुल की परंपरा को निभाते हुए सम्मानित किया। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रांची में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर को विधान सभा स्थित कार्यालय में आदिवासी पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की सांस्कृतिक आदिवासी साड़ी पहनी हुई दिखीं। जानकारी हो कि आदिवासियों का महत्वपूर्ण पर्व इस वर्ष 1 अप्रैल को मनाया जाएगा। इसी की बधाई देने के लिए शिल्पी नेहा तिर्की ने वित्त मंत्री को सम्मानित किया।

जिला खेल एवं पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक सम्पन्न

जिले में खेल और पर्यटन को बढ़ावा देने पर हुई चर्चा, उपायुक्त ने दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खूंटी। जिला खेल एवं पर्यटन संवर्धन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आज समाहरणालय के कार्यालय कक्ष में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में खेल एवं पर्यटन विभाग से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों एवं संचालित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने खूंटी जिले में खेल संरचनाओं के विकास हेतु मिनी स्टेडियम/हॉकी मैदान निर्माण के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। सभी अंचल अधिकारियों को आवश्यक भूमि चिह्नित कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने और कार्यकारी एजेंसी द्वारा मॉडल एस्टीमेट तैयार कराने के निर्देश दिए गए। पिछले दिनों आए बारिश, ओलावृष्टि एवं आंधी-तूफान के कारण बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, खूंटी के प्रवेश



द्वार के पास स्थित गैलरी शेड को हुए नुकसान के मद्देनजर उपायुक्त ने उसके पुनर्निर्माण का निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिया। इसके अलावे पर्यटन विभाग से जुड़े पेरवाघाघ, रानी फॉल, दशम फॉल समेत अन्य स्थानों पर संचालित विकास कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। बैठक के उपरांत उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने राज्य स्तरीय स्मीता हॉकी टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले जूनियर एवं सब-जूनियर महिला खिलाड़ियों तथा उनके कोचों से मुलाकात किया। उन्होंने टीम के कोचों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया और खिलाड़ियों को मिठाई खिलाकर प्रोत्साहित किया। उपायुक्त ने टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

गौरतलब है कि 17 से 24 मार्च 2025 तक रांची में आयोजित हॉकी टूर्नामेंट में खूंटी जिले की जूनियर और सब-जूनियर महिला हॉकी टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम ने प्रतियोगिता में दमदार खेल दिखाते हुए पलामू को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि के लिए विजेता टीम को 1,20,000 का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी, जिला पर्यटन पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

आग ने सौ घरों को लीला

कई सिलेंडर हुए ब्लास्ट, लाखों की क्षति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दरभंगा। जिले में बहेड़ी प्रखंड के चकवा भरवारी पंचायत के बेंता गांव भीषण अगलगी की घटना में सौ से ज्यादा घर जलकर राख हो गए। आग कैसे लगी, यह किसी को पता नहीं चल पाया। लेकिन आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने स्थानीय बोरिंग हैंडपंप और तालाब के पानी से आग पर काबू पाने का काफी प्रयास किया, लेकिन एक भी घर बचा नहीं सके।

इस अगलगी की घटना के दौरान लगातार कई सिलेंडर ब्लास्ट हो रहा था, जिससे आग और ज्यादा धधक जा रही थी। इस कारण आग पर काबू पाने में दिक्कत हो रही थी। घटना की सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की गाड़ियों ने करीब तीन से चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने में सफल हो सके। तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली, लेकिन तब तक कुछ भी जलने से नहीं बच पाया।

पीड़ित महिला चंदाराम ने बताया कि आग कैसे और किसके यहां से शुरू हुई, यह पता नहीं चल सका। अचानक से सिलेंडर ब्लास्ट होने की आवाज आने पर लोगों ने घर से निकल कर देखा तो पूरे गांव को आग ने अपनी आगोश में ले चुका था। सभी घरों से लंबी-लंबी लपटें उठ रही थी। स्थानीय लोगों ने बोरिंग और हैंडपंप चलाकर आग बुझाने का काफी प्रयास किया। लेकिन तब तक सब कुछ जलकर नष्ट हो चुका था। महिला ने बताया कि उसके पुत्र की शादी भी अभी हाल ही में हुई थी। उसके बहू के सारे गहने जेवर सहित सभी सामान जलकर खाक हो गया है।

अग्निशन अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही हम लोग घटना स्थल के लिए निकल गए थे। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। उन्होंने बताया कि लगभग 100 सौ से ज्यादा घर जल गए हैं। अगलगी की सूचना मिलते ही हायाघाट प्रखंड और बहेड़ी प्रखंड की सीओ मौके पर पहुंचे। जले घरों का जाएगा लिया जा रहा है। सरकारी प्रावधानों के अनुसार पीड़ितों को मुवावजा दिया जाएगा।

शांति व सरकार के गाईड लाईन के अनुसार मनाएं त्यौहार : सर्किल इंस्पेक्टर

ईद व रामनवमी त्यौहार को ले सदर थाना में शांति समिति की बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। ईद, रामनवमी व सरहुल त्यौहार को लेकर सदर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सदर थाना प्रभारी संतोष कुमार गुप्ता व संचालन बीस सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर ने किया। बैठक में दोनों समुदायों के लोग समेत कई गणमान्य शामिल थे। बैठक में दोनों समुदायों ने प्रशासन की मौजूदगी में भाईचारे व शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाने का निर्णय लिया। बैठक में लोगों ने अपने- अपने क्षेत्र की समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया। प्रशासन ने हर हाल में समस्या समाधान कराने का आश्वासन दिया। मुख्य अतिथि सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश राम ने कहा कि कोई भी त्यौहार खुशियां लेकर आती है। दोनों समुदाय के लोग शांति व सरकार के गाईड लाईन के अनुसार त्यौहार मनाएं। त्यौहार के दौरान शांति भंग करने वाले असमाजिक तत्वों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। कहा कि त्यौहार के दौरान कोई भी अश्लील गाना नहीं बजायेंगे।

सदर थाना प्रभारी संतोष गुप्ता ने कहा कि कोई भी व्यक्ति गलत मैसेज पोस्ट या व्हाट्स एप पर शेयर नहीं करेंगे। ऐसा करने पर पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। कहा कि त्यौहार आपसी सौहार्द के साथ मिलजुलकर मनाएं। पुलिस हमेशा आपके साथ है। त्यौहार के दौरान पुलिस क्षेत्र में लगातार गश्त करते रहेगी। किसी भी तरह की सूचना पुलिस को जरूर दें। इससे तत्काल कार्रवाई की जा सकेगी। बैठक में निवर्तमान थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय, एसआई रंजीत कुमार, एएसआई आनंद सिंह, एएसआई भरत भूषण सामड़, एसआई मनोज मुंडा, एएसआई अरबिंद गुप्ता, सुआ कौड़िया के जेनरल अध्यक्ष मुकेश गुप्ता, श्रीराम सेना के जेनरल अध्यक्ष सुआ कौड़िया टाईगर कुमार, मुख्य संरक्षक प्रेम प्रकाश ठाकुर, अध्यक्ष सुबोध कुमार विश्वकर्मा, अजय चौधरी, मुख्य पुजारी , चियांकी मुखिया बिनको उरांव, अनिल विश्वकर्मा, अनुप सिंह, पंसस अजीत सिंह, पूर्व जिला परिषद अर्जुन सिंह, हृदया सिंह, सुरेंद्र तिवारी, नरेंद्र मेहता समेत कई लोग शामिल थे।

छूटे टोलों को चिन्हित कर विद्युतीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खूंटी। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने आज समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में विद्युत विभाग की बैठक आयोजित कर मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना एवं रेवंप्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत संचालित कार्यों की समीक्षा की।

बैठक में उपायुक्त ने विद्युतीकरण से वंचित टोलों की पहचान कर उन्हें टवख योजना के तहत विद्युतीकृत करने के निर्देश दिए। साथ ही, आमजनों से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति की जानकारी में कोई ऐसा टोला हो जो अब तक विद्युतीकरण से वंचित है, तो उसकी जानकारी जिला विद्युत कार्यालय या कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल के मोबाइल नंबर 9431135616 पर साझा करें। इससे वंचित टोलों की पहचान कर उन्हें शीघ्र विद्युत सुविधा से जोड़ा जा सकेगा।

इसके अलावा, फ्लर योजना के तहत विद्युत तारों की 100% केबलिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए ताकि बिजली चोरी जैसी घटनाओं को रोका जा सके और विद्युत आपूर्ति को अधिक सुरक्षित व सुदृढ़ बनाया जा सके। बैठक में कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल खूंटी जेम्स कुजूर समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

दो करोड़ की अवैध लॉटरी बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पूर्णिया। जिले में अवैध लॉटरी कारोबार के खिलाफ पुलिस ने एक और बड़ी कार्रवाई की है। इस अभियान में पुलिस ने करीब दो करोड़ रुपये की अवैध लॉटरी बरामद की। पिछले कई वर्षों से जिले में अवैध लॉटरी का कारोबार फल-फूल रहा था। हालांकि, पुलिस समय-समय पर कार्रवाई करती रही।

पिछले दो-तीन वर्षों में यह कारोबार चरम पर पहुंच गया था, जिसके बाद गुलाबबाग टीओपी पुलिस ने इस पर कड़ा प्रहार किया। पुलिस ने वाहन जांच के दौरान जीरोमाइल में ऑटो की जांच की। ऑटो से 17 बोरा नागालैंड ब्रांड लॉटरी बरामद किया गया। साथ ही ऑटो चालक को गिरफ्तार किया गया। बरामद 18 बोरा से 14 लाख 54 हजार पिस लॉटरी है। जो नागलैंड बरामद है। गिरफ्तार चालक की पहचान कस्टम कार्यालय मरियम नगर निवासी सुशील साह के पुत्र मनीष कुमार साह (19 वर्ष) के रूप में की गई है। मामले की जानकारी देते हुए सदर एसडीपीओ पंकज कुमार शर्मा ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि पूर्णिया बस स्टैंड से एक ऑटो से भारी मात्रा अवैध लॉटरी को लोडिंग कर जीरोमाइल की तरफ ले जाने वाला है। गुप्त सूचना के आधार पर गुलाबबाग टीओपी प्रभारी टीम में शामिल पुलिस अवर निरीक्षक सहित अन्य पुलिस बल के द्वारा जीरोमाइल में वाहन जांच अभियान चलाया गया।

पूर्व रेलवे

ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार है: **नीलामी की कैटेगरी:** वाणिज्यिक प्रचार (विज्ञापन)। **ई-नीलामी कैटलॉग सं.: एएसएन-एडीवीटी-10-04, स्टेशनों/स्थान का नाम/ट्रेन नं. एवं एसएलआर: आरडीएन: (i) आसनसोल में:**आसनसोल स्टेशन में डायनैमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ पीआरएस काउंटरों एवं यूटीएस काउंटरों पर डीडीएफआरएस का संस्थापन, परिचालन एवं रखरखाव। **(ii) पानागढ़ में:**पानागढ़ स्टेशन में स्टेशन के अंदर विज्ञापन। **ओओएचः (i) अंडाल में:** अंडाल स्टेशन के दोनों ओर 12 लाइट पोस्ट पर विज्ञापन। **(ii) सिमुलतला में:** सिमुलतला स्टेशन के उत्तरी भाग के सर्कुलेटिंग एरिया में विज्ञापन। **(iii) सिमुलतला में:** सिमुलतला स्टेशन के दक्षिणी भाग के सर्कुलेटिंग एरिया में विज्ञापन। **कुल 05 परिसंपत्तियाँ: (1)** आरडीएन परिसंपत्तियों की सं.: 02, **(2)** ओओएच परिसंपत्तियों की सं.: 03, **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** दिनांक 10.04.2025 को 12.00 बजे। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि दी गई सूची के अनुसार संपूर्ण विवरण एवं ई-नीलामी में भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps. gov.in** देखें। ASN-392/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

संक्षिप्त समाचार

पुलिस मुठभेड़ में दो तस्कर गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली

कुशीनगर , एजेंसी। गोवंश लेकर पिकअप से बिहार जा रहे पशु तस्करों और पुलिस के बृहस्पतिवार को सुबह मुठभेड़ हो गई। इसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जबकि दूसरे को पुलिस ने दबोच लिया। बाकी तस्कर मौके से भाग निकले। इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगाई गई हैं। तस्करों के पास तमंचा और गोवध के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरण बरामद किया गया है। दोनों तस्कर कुशीनगर जिले के रहने वाले हैं। नौ गोवंश को पुलिस ने मुक्त कराया। दोनों तस्करों पर पडरौना कोतवाली में पहले से केस दर्ज है। दोनों पशु तस्कर कुशीनगर के रहने वाले है

शराब का स्टॉक खपाने के लिए ऑफर दे रहे दुकानदार, दे रहे एक के साथ एक फ्री

अलीगढ़ , एजेंसी। 31 मार्च को शराब और बियर की दुकान का कार्यकाल समाप्त होने वाला है। ऐसे में बचे हुए स्टॉक को कम कीमत में बेचने के लिए दुकान मालिक जुटे हैं। 26 मार्च को शहर के मथुरा रोड स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान पर एक के साथ एक फ्री के ऑफर की जानकारी मिलते ही खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। दुकान के बाहर लंबी कतार लग गई। जानकारी मिले ही आबकारी विभाग की टीम पहुंच गई। मार्च माह समाप्त होने में महज पांच दिन बचे हैं। 31 मार्च तक पूरा स्टॉक निपटाना है। शराब का स्टॉक बचा तो आबकारी विभाग जब्त कर लेगा। स्टॉक को खपाने के लिए कई दुकानों पर शराब के दामों में छूट दी जा रही है। तुर्कमान गेट, खैर रोड, रामघाट रोड सहित अन्य कई क्षेत्रों में अंग्रेजी शराब दुकानों पर दामों में छूट के बैनर लगाए गए हैं। इन दुकानों पर बोतल पर 100 रुपये, हाफ पर 50 रुपये व क्वार्टर पर 20 रुपये तक की छूट दी जा रही है। सोशल मीडिया पर भी यह खूब वायरल हो रहा है।

सीओ सिटी ने सपाइयों को खदेड़ा, भांजी लाठियां

कन्नौज , एजेंसी। बोर्डिंग ग्राउंड में मां पीतांबरा के महायज्ञ में शामिल होने आए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को देखने के लिए सपाई दीवार फांदकर अंदर घुसने का प्रयास कर रहे थे। इस पर सीओ सिटी ने कई युवकों के थप्पड़ व लाठियां जड़कर दीवार के उस पार निकाल दिया। सीओ ने सिपाहियों को चेतावनी दी कि यदि दीवार फांदकर कोई आया तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

यज्ञाधीश रामदास महाराज की कुटिया में महज छह लोगों को ही अंदर जाने दिया गया। सपा नेताओं के लिए बाहर टेंट लगाया गया था। उसमें भी निर्धारित नेताओं को बुलाया गया था। अखिलेश की फ्लीट पहुंचते ही सपाई दीवार फांदकर अंदर घुसने लगे। यह देखकर सीओ सिटी कमलेश कुमार ने सपाईयों के थप्पड़ जड़ दिया। साथ ही कार्यकर्ताओं को लाठियां भांजकर दीवार के उस पार कर दिया। पुलिस कर्मियों को दीवार की ओर मुंह करके ड्यूटी करने की हिदायत दी। इसके बाद भी कोई दीवार फांदकर आया तो पुलिस कर्मी के खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी दी। इसके बावजूद प्रेसवार्ता के दौरान कई सपा नेता पुलिस का सुरक्षा घेरा तोड़कर अंदर घुस गए। अखिलेश यादव की गाड़ियों की फ्लीट आ रही थी। तभी यज्ञशाला के कर्मचारी लोडर व ट्रैक्टर से सामान लेने के लिए निकल पड़े।

अज्ञात वाहन से टकराई स्विफ्ट कार, गोवर्धन से भंडारा कर लौट रहे तीन की मौत, दो गंभीर

अलीगढ़ , एजेंसी। 26 मार्च की मध्य रात्रि इगलास कोतवाली क्षेत्र में मथुरा रोड पर भीषण हादसा हुआ। मोनिया रजबहा के निकट स्विफ्ट कार में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गाड़ी में सवार जनपद बदायूं के गढ़ में चौराहा बिसौली निवासी पांच लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। जिनमें से तीन की उपचार के दौरान मौत हो गई। दो गंभीर रूप से घायल हैं। जनपद बदायूं के गढ़ में चौराहा बिसौली निवासी 52 वर्षीय शशिकांत पुत्र उमेश चंद्र, 40 वर्षीय अंशुल पुत्र दिनेश चंद्र, 50 वर्षीय मोहित राज पुत्र हरभवन राज, 40 वर्षीय सचिन पुत्र देवकीनंदन, 44 वर्षीय विकास पुत्र अशोक कुमार 26 मार्च की रात्रि गोवर्धन से भंडारा करके लौट रहे थे।

सीएम योगी बोले- प्रदेश में अगर हिंदू सुरक्षित हैं, तो मुसलमान भी सुरक्षित होगा, संभल में 54 हिंदू तीर्थ खोजे



लखनऊ , एजेंसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भरोसा दिलाया है कि राज्य में सभी धर्मों के लोग सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि एक योगी होने के नाते, वह सभी के सुख की कामना करते हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई को दिए एक साक्षात्कार में सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में अगर हिंदू सुरक्षित हैं, तो मुसलमान भी सुरक्षित हैं।

सीएम योगी ने कहा कि एक मुस्लिम परिवार सैकड़ों हिंदू परिवारों के बीच खुद को सुरक्षित महसूस करता है। उन्हें अपनी धार्मिक मान्यताओं का पालन करने की पूरी स्वतंत्रता होती है। वहीं, उन्होंने सवाल उठाया कि क्या 50 हिंदू परिवार 100 मुस्लिम परिवारों के बीच सुरक्षित रह सकता है?... नहीं। बांग्लादेश और इससे पहले पाकिस्तान इसका उदाहरण था। अफगानिस्तान में क्या हुआ?

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें खुद के चपेट में आने से पहले सतर्क हो जाना चाहिए। यूपी में मुसलमान सबसे सुरक्षित हैं। पहले यूपी में दंगे हो रहे थे। अगर हिंदू की दुकान जल रही थी, तो मुस्लिम भी चपेट में आए। प्रदेश में बीजेपी के सत्ता में आने के बाद से सांप्रदायिक दंगे बंद हो गए हैं।

मुसलमान नहीं, वोट बैंक की राजनीति खतरे में है

योगी ने एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के मुसलमान खतरे में हैं वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि यूपी में मुसलमान खतरे में नहीं हैं। इनकी वोट बैंक की राजनीति खतरे में है। जिस दिन भारतीय मुसलमान अपने पूर्वजों को समझ लेंगे, इन सभी को बोरिया-बिस्तर बांधकर भागना पड़ेगा।

रंग पड़ने से पहचान खराब नहीं होती

संभल में तिरपाल से ढकी मस्जिदों के बारे में कहा कि अगर आप रंगों से खेल रहे हैं, तो संभव है कि यह किसी पर भी पड़ सकता है। लेकिन, इससे किसी की पहचान खराब नहीं होती है। मुहर्रम के दौरान जुलूस निकलते हैं। क्या उनके झंडे की छाया किसी हिंदू घर या हिंदू मंदिर के पास नहीं पड़ती है। क्या इससे घर अपवित्र हो जाता है। क्या मुसलमान रंगीन कपड़े नहीं पहनते हैं। अगर आप पर रंग पड़ जाता है, तो आप समस्या पैदा करते हैं। दोहरे मापदंड क्यों हैं। कई मुसलमानों ने हमारे साथ होली खेली है। एक दूसरे से गले मिले हैं।

संभल में 54 तीर्थ खोजे, और तलाश रहे

योगी ने कहा कि संभल में 64 तीर्थ स्थल हैं, हमने उनमें से 54 को खोज लिया है। जो बचे हैं, उसे भी खोज निकालेंगे। दुनिया को दिखाएंगे कि संभल में क्या हुआ था। संभल एक सच्चाई है। आपको पूजा-पाठ की पूरी स्वतंत्रता है, आप कहीं भी मस्जिद बना सकते हैं। लेकिन, आप इस्लाम के सिद्धांतों से भटक गए हैं। इस्लाम कहता है कि किसी हिंदू मंदिर, किसी हिंदू घर या किसी अन्य पूजा स्थल का निर्माण खुदा द्वारा स्वीकार नहीं किया जाता, तो आपने इन्हें क्यों बनाया। आप खुद इस्लाम के खिलाफ कार्य कर रहे हैं। हम कानून के दायरे में रहकर काम कर रहे हैं।

डसॉल्ट-ब्रह्मोस में भी प्रदेश के युवाओं को मिलेगी नौकरी, एकेटीयू में दोनों कंपनियां खोलेंगी अपना सेंटर



लखनऊ , एजेंसी। राफेल लड़ाकू विमान बनाने वाली फ्रांस की कंपनी डसॉल्ट सिस्टम्स और ब्रह्मोस मिसाइल बनाने वाली कंपनी ब्रह्मोस एयरोस्पेस में भी प्रदेश के युवा अपना दम दिखाएंगे। रक्षा क्षेत्र में चल रही निवेश की कवायद के क्रम में यह दोनों कंपनियां यूपी में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस खोलेगी। यहां लगभग 500 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी और लगभग दस हजार युवाओं को तैयार करके उनको रोजगार के भी अवसर देंगी।

हाल ही में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम, दावोस गए उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल से डसॉल्ट सिस्टम्स के प्रतिनिधियों की वार्ता हुई थी। इसमें डसॉल्ट ने यूपी में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने में रुचि दिखाई थी। इसी क्रम में इनवेस्ट यूपी की ओर से डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में इस सेंटर को स्थापित करने की कवायद की जा रही है।

डसॉल्ट सिस्टम्स के प्रस्ताव के अनुसार यह प्रोजेक्ट 237 करोड़ रुपये का होगा। इसमें कंपनी 200 करोड़ रुपये और राज्य सरकार 40 करोड़ रुपये लगाएगी। इस प्रोजेक्ट में कंपनी तीन साल में पांच हजार युवाओं को हाईड्रोजन, इलेक्ट्रिक व्हीकल, एयरोस्पेस व डिफेंस, इंडस्ट्री के लिए रिसर्च प्रोजेक्ट, स्टार्टअप व एडवांस स्किल, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस(एआई), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) की ट्रेनिंग देगा। साथ ही वर्चुअल लर्निंग केंद्र व इनोवेशन हब से जुड़कर थ्रीडी डिजाइनिंग, सिमुलेशन व स्मार्ट मैन्युफेक्चरिंग से भी जुड़ी जानकारी देगी।

कंपनी प्रशिक्षण देने के साथ ही युवाओं को अपने यहां सेवायोजित भी करेगी। इससे प्रदेश के युवाओं को न सिर्फ रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे बल्कि इंडस्ट्री व एमएसएमई को भी सहयोग मिलेगा। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में एकेटीयू व संबद्ध कॉलेजों के साथ ही प्रदेश के अन्य शिक्षण संस्थानों के युवा भी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। जल्द ही एकेटीयू, इनवेस्ट यूपी व डसॉल्ट सिस्टम्स के प्रतिनिधियों की बैठक होने वाली है।

ब्रह्मोस एयरोस्पेस भी एकेटीयू में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करेगा। इसमें एआई, आईओटी, ड्रोन बनाने आदि के प्रशिक्षण दिए जाएंगे। पहले चरण में आईटीआई और पॉलीटेक्निक के छात्रों को प्रशिक्षण देकर रोजगार देंगे। तो दूसरे चरण में इंजीनियरिंग के छात्रों को थर्ड ईयर से ही प्रशिक्षण देकर उद्योगों के लिए तैयार करेंगे। बाद में इनमें से योग्य छात्रों को नौकरी भी देंगे। इस सेंटर में कंपनी के ही विशेषज्ञ प्रशिक्षण देंगे।

अखिलेश बोले, राणा सांगा की वीरता पर नहीं उठाया कोई सवाल, डिंपल ने भी खोला सरकार के खिलाफ मोर्चा



लखनऊ , एजेंसी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय और समतामूलक समाज की स्थापना में विश्वास करती है। हम कमजोर से कमजोर व्यक्ति को भी सम्मान दिलाना चाहते हैं। समाजवादी पार्टी मेवाड़ के राजा राणा सांगा की वीरता और राष्ट्रभक्ति पर कोई सवाल नहीं कर रही है। भाजपा ने इतिहास के कुछ विषयों को सदैव राजनीतिक लाभ उठाने के लिए और देश को धार्मिक-जातिगत आधार पर विभाजित करने के लिए इस्तेमाल किया है।

अखिलेश यादव ने जारी बयान में कहा कि हमारे सांसद ने सिर्फ एकपक्षीय लिखे गए इतिहास और एक पक्षीय की गई व्याख्या का उदाहरण देने की कोशिश की है। हमारा कोई भी प्रयास राजपूत समाज या किसी अन्य समाज का अपमान करना नहीं है। आज के समय में इतिहास की घटनाओं की व्याख्या नहीं की जा सकती। अखिलेश यादव ने कहा कि इतिहास की घटनाओं के आधार पर आज की लोकतांत्रिक व्यवस्था नहीं चल सकती। भाजपा सरकार को अपनी भेदकारी नीतियों में सुधारकर जनता के रोजी-रोजगार, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर कुछ ध्यान देना चाहिए।

मैनपुरी की सांसद डिंपल यादव ने कहा कि प्रदेश में कोई सुरक्षित नहीं है। अगर हम उत्तर प्रदेश के हालात देखें तो यहां सड़क पर बम फट रहे हैं और महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सांसद रामजी लाल सुमन के साथ जो घटना घटी है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है।

डिंपल यादव ने दिल्ली में मीडिया से बातचीत में कहा कि उपद्रव के समय शासन-प्रशासन जानबूझकर समय से कदम नहीं उठाते हैं। सरकार के ही इशारे पर यह सब हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा गड़े मुर्दे उखाड़ रही है। इससे उनकी नीति और नीयत दोनों का पता चलता है। बेकारी, महंगाई और शिक्षा की दुर्दशा जैसे ज्वलंत मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए ही यह सब किया जा रहा है। लाखों-करोड़ो के एमओयू साइन होने का दावा है, लेकिन जमीन पर कुछ नहीं दिख रहा है। भाजपा लोगों को गुमराह कर रही है।

गृहकर बकाएदारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, बीएसए कार्यालय समेत दो प्रतिष्ठानों पर निगम ने जड़ा ताला

वाराणसी , एजेंसी। गृहकर बकाएदारों के खिलाफ नगर निगम द्वारा गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की गई। दो सरकारी विभागों को सील कर ताला बंद कर दिया गया। सुबह 10 बजे संयुक्त नगर आयुक्त जितेंद्र कुमार आनंद और कर निर्धारण अधिकारी अनुपम त्रिपाठी के नेतृत्व में कार्रवाई की गई।

गौरतलब है कि बीएसए ऑफिस पर 6,73000 का टैक्स बाकी है, पूर्व में कई बार गृहकर वसूली के लिए प्रयास किया गया। लेकिन गृहकर जमा नहीं किया गया। इसी मामले को लेकर संयुक्त नगर आयुक्त द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए बीएसए कार्यालय को बंद कर दिया गया।

वहीं कुछ ही देर के अंतराल में दूसरी कार्रवाई करते हुए सांस्कृतिक संकुल में भी ताला लगा दिया गया। सांस्कृतिक संकुल पर 57000 बकाया है। सांस्कृतिक संकुल के संस्थापक से भी कई बार टैक्स जमा करने के लिए कहा गया, लेकिन कर नहीं जमा किया गया। ऐसे में दोनों प्रतिष्ठानों पर ताला बंद कर दिया गया।

कार्डियो एक्सपर्ट प्रो. सिद्धार्थ लखोटिया ने दिया इस्तीफा, बीएचयू को बताया दबंगों का सिंडिकेट

वाराणसी , एजेंसी। बीएचयू में सीटीवीएस विभागाध्यक्ष प्रो. सिद्धार्थ लखोटिया ने बुधवार देर रात अपने पद से इस्तीफा दे दिया। कार्यवाहक कुलपति प्रो. संजय कुमार को मेल किया है, हालांकि अभी स्वीकार नहीं हुआ है। आरोप है कि पत्नी भी अस्पताल के वातावरण से परेशान थीं, जिसके चलते छोड़कर चली गईं। प्रो. सिद्धार्थ लखोटिया ने कहा कि मुझे मेरे परिवार की सुरक्षा और सुकून प्राथमिकता हैं। हमको मानसिक शांति चाहिए। यहां नहीं रहना है।



प्रो. लखोटिया ने लगाया ये आरोप- प्रो. लखोटिया अगले तीन महीने नोटिस पर रहेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल पूरी तरह से दबंगों का सिंडिकेट बन गया है। अब तक देश विदेश के 14 अस्पतालों में काम किया, लेकिन कहीं भी इतनी राजनीति और भ्रष्टाचार नहीं है। उन्होंने अपने ही कार्डियोथोरेसिक विभाग के दो प्रोफेसरों पर परेशान करने का आरोप लगाया।

मुझे बीएचयू का दीमक बोला जा रहा- कहा कि मुझे बीएचयू का दीमक बोला जा रहा है। 15 साल से मानसिक प्रताड़ना दी जा रही है। छह महीने पहले पिटवाया गया। मरीज के साथ आ रहे थे, तो 25 लड़कों ने रात के डेढ़ बजे अटैक किया गया था। बिड़ला हॉस्टल के बाहर खूब पीटा गया। किसी तरह से जान बचा कर भागा।

फॉर्म हाउस में घुसकर लूटपाट: दंपती और नौकर को बंधक बनाकर पीटा; लाखों का माल लेकर मालिक की कार से बदमाश फरार

बाराबंकी , एजेंसी। यूपी के बाराबंकी में बुधवार रात बदमाशों ने एक फार्म हाउस में धावा बोला। मालिक, उनकी पत्नी और नौकर को बंधक बनाकर पीटा। असलहा दिखाकर दंपती को धमकाया। इसके बाद तीन लाख रुपये नकद, जेवर और अन्य कीमती सामान लूटकर दंपती की ही कार से फरार हो गए। बदमाश अपने साथ सीसीटीवी की डीवीआर भी ले गए।

घटना रामनगर थाना क्षेत्र के जुरौंडा गांव की है। सूचना पर कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने भी घटनास्थल का निरीक्षण करके जानकारी ली। पुलिस ने डॉग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम के साथ निरीक्षण करके साक्ष्य जुटाए। वारदात में किसी जानकार व्यक्ति के शामिल होने की आशंका जताई जा रही है। हमले में फार्म हाउस के मालिक बाबूलाल (50) (जो मूल रूप से बस्ती के रहने वाले हैं) और बिहार निवासी नौकर अजय (45) गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां हालत गंभीर देखते हुए केजीएमयू लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया।

महिला के साथ छेड़छाड़ की कोशिश- घटना के दौरान फार्म हाउस मालिक की पत्नी खुशी (35) ने आरोप लगाया कि बदमाशों ने लूटपाट के दौरान उनके साथ छेड़छाड़ भी करने की कोशिश की। बदमाशों से बचने के लिए उन्होंने किसी तरह खुद को एक कमरे में बंदकर अपनी इज्जत और जान बचाई। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगी हुई है।

सीएम योगी ने 283 चिकित्सा अधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

बोले- आठ साल में दी गई 8.5 लाख नौकरी

लखनऊ , एजेंसी। राजधानी लखनऊ में गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयुष विभाग के 283 चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इनका चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा किया गया है। लोक भवन ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने पुष्पगुच्छ देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आठ वर्ष में साढ़े आठ लाख नौकरी दी गई हैं। ये पूरी तरह से सूचितापूर्ण हैं, अन्यथा मामला कोर्ट में हुआ। 163 चिकित्सकों, तीन प्रोफेसर, 96 लैब टेक्नीशियन को पत्र दिया जा रहा है। इसके लिए आयोग को भी बधाई। जिन्हें नियुक्ति पत्र मिल रहा है, उन्हें बधाई।

शासकीय नौकरी मिलना, सपने को उड़ान मिलने जैसा- उन्होंने कहा कि किसी भी युवा के लिए शासकीय नौकरी मिलना उसके सपने को उड़ान देने जैसा है। अभिभावकों, मित्रों ने जो सपना देखा वह पूरा हो रहा है। आठ वर्ष पहले यही आयोग भर्ती बोर्ड की क्या स्थिति थी किसी से छिपा नहीं है। अनेक याचिका लंबित थीं। हाईकोर्ट ने भी सरकार के कामकाज पर सवाल उठाया था।

आयुष के जरिए हासिल कर सकते हैं आरोग्यता- सीएम योगी ने आगे कहा कि विभागीय टेक्नोलॉजी से कामकाज को गति दिया जा सकता है। हमने महाकुंभ में यही किया। आयुष का अब नया मंत्रालय बन चुका है। हम योग को आगे बढ़ा रहे हैं। दुनिया के मन में योग को लेकर श्रद्धा भाव आया है। पहले भारत की विरासत को कुछ लोग कोसते थे, लेकिन अब दुनिया योग से जुड़ रही है। 45 दिन के आयोजन में दुनियाभर में प्रयागराज प्राइम न्यूज बनी। यह चीजें दिखाती हैं कि हम अपनी संस्कृति में रुचि दिखाते हैं तो दुनिया आतुर होती है। आयुष के जरिए हम आरोग्यता हासिल कर सकते हैं। इसके लिए सरकार ने कई कार्यक्रम चलाए हैं।

सिखाई जा रही प्रकृति के अनुरूप जीने की कला- इस मौके पर मंत्री दयाशंकर मिश्र ने कहा कि आयोग से चयनित 163 डॉक्टर प्रदेश की सेवा में आज से तत्पर हो रहे हैं। उम्मीद है कि आयुष विभाग प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते हुए प्रदेश के विकास में सहभागी बनेगा। तीन नए आयुष के मेडिकल कॉलेज बन रहे हैं।



लोगों को प्रकृति के अनुरूप जीने की कला सिखाई जा रही है। मंत्री ने कहा कि यूपी नवाचार के लिए जाना जाता है। काशी में प्रकृति चिकित्सा का केंद्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि नवचयनित से अपील है कि उन्हें जिस सुचिता से नियुक्ति मिली है, उनका आगे के जीवन में पालन करें। अब सभी की मंजिल सिर्फ सेवा होनी चाहिए।

संक्षिप्त समाचार

हरियाणा में सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती शुरू, हजारों पदों पर होगी नियुक्ति

चंडीगढ़, एजेंसी। सरकारी स्कूलों में नए शैक्षणिक सत्र में पढ़ाई शुरू होने से पहले शिक्षकों के रिक्त पदों को भर दिया जाएगा। विभिन्न विषयों के स्नातकोत्तर शिक्षक (पीजीटी) के कुल 4780 पदों को भरने के लिए मांगपत्र जुलाई 2024 को हरियाणा लोक सेवा आयोग को भेजा गया था। आयोग द्वारा 1704 पदों को भरने की सिफारिशें शिक्षा विभाग को मिलने के बाद नियुक्ति पत्र जारी करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने बुधवार को कांग्रेस विधायक अशोक अरोड़ा, मनदीप चट्ठा और बलवान सिंह दौलतपुरिया द्वारा विधानसभा में राजकीय विद्यालयों की स्थिति को लेकर लगाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जवाब में यह जानकारी दी।

दादा लखमीचंद स्टेट यूनिवर्सिटी में उगाई गई प्रतिबंधित अफीम

रोहतक, एजेंसी। हरियाणा के रोहतक स्थित दादा लखमीचंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स में अफीम की खेती करने का मामला सामने आया है। जिससे यूनिवर्सिटी सवालों के घेरे में आ गई है। यूनिवर्सिटी में 100 से अधिक अफीम के पौधे मिले हैं। पौधों को इस तरह फूलों के बीच उगाया गया है ताकि किसी को पता ना चले। जिस जगह में अफीम उगाई गई है, वहां यूनिवर्सिटी के बड़े अधिकारियों के ऑफिस हैं। बुधवार को यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स ने इसकी शिकायत की तो यूनिवर्सिटी प्रशासन हरकत में आया। फिलहाल इस मामले में 5 सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। बता दें कि हरियाणा में अफीम की खेती पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध है। अगर इस मामले में कोई पाया जाता है तो 20 वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। इस मामले में यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रार गुंजन मलिक ने कहा कि यूनिवर्सिटी कैंपस में अफीम के पौधे उगाने की शिकायत मिली थी। जिस पर तुरंत एक्शन लेते हुए 5 सदस्यों की टीम गठित कर दी गई है। मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

हिसार एयरपोर्ट पर जहाजों का ट्रायल शुरू, 14 अप्रैल को पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

हिसार, एजेंसी। हिसार के महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट का पीएम नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को एयरपोर्ट का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उद्घाटन कर सकते हैं। इसके लेकर आज यानी गुरुवार से हिसार एयरपोर्ट पर एलायंस एयर गुरुवार से ट्रायल शुरू करेगी। यह ट्रायल 31 मार्च तक चलेगा। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इसकी अनुमति दी है। ट्रायल के बाद हिसार से पांच राज्यों के लिए उड़ानें शुरू हो जाएंगी। एयरपोर्ट से जुड़े अधिकारियों की मानें तो एलायंस एयर की टीम अगर देरी से पहुंचती है तो एक दिन बाद ट्रायल शुरू होगा। ट्रायल के लिए अयोध्या, दिल्ली, अमृतसर, कुल्लू, अंबाला और जयपुर का रूट निर्धारित किया गया है। बता दें एयरपोर्ट से पहली फ्लाइट श्रीराम के नाम अयोध्या जाएगी। बता दें कि हिसार एयरपोर्ट का दूसरे चरण का काम पूरा हो चुका है। यहां इंटरनेशनल स्तर का 10 हजार फीट का रनवे तैयार है। ट्रायल लेने वाली एलायंस एयर यहां रनवे की क्षमता जांचेंगी। यहां पर 503 करोड़ रुपये की लागत से बड़ा पैसेंजर टर्मिनल तैयार किया जा रहा है। नाइट लैंडिंग के लिए कैट-टू लाइट्स लगाई गई हैं। हालांकि, लैंडिंग इंस्ट्रूमेंट सिस्टम अभी लगाया जाना बाकी है।

कुरुक्षेत्र में पकड़े गए नकली नोट बनाने वाले 3 मास्टरमाइंड, मशीन-प्रिंटर सहित कई सामान बरामद

कुरुक्षेत्र, एजेंसी। हरियाणा में सीआइए टू ने नकली नोट देने के बहाने लोगों के साथ धोखाधड़ी करने के मामले में यमुनानगर के गांव अमलोहा निवासी शैंकी, महमदपुर निवासी संजीव कुमार उर्फ रिंकू व गुदियानी निवासी राहुल को गिरफ्तार किया। आरोपियों से वारदात में प्रयोग गाड़ी, नोटों के आकर में कागज की गड्डी, कांच की प्लेट, स्याही, मशीन व प्रिंटर बरामद की है। आरोपितों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है। सीआइए टू प्रभारी मोहन लाल ने बताया कि टीम को गुप्त सूचना मिली कि कुछ लोगों डबल पैसे करने का झांसा देकर पैसे ठगते हैं।

गन कल्चर, अश्लीलता हरियाणवी गानों के विरोध में उतरी फोगाट खाप, लिया बड़ा फैसला

चरखी दादरी, एजेंसी। गन कल्चर व अश्लीलता फैलाने वाले हरियाणवी गानों के विरोध में सर्वजातिय फोगाट खाप भी उतर आई है। खाप पदाधिकारियों ने मीटिंग में मंथन करते हुए गन कल्चर व अश्लीलता फैलाने वाले सभी कलाकारों के गानों पर रोक लगाने की सरकार से मांग की।

लव मैरिज, लीव इन रिलेसनशीप सहित कई मुद्दों के खिलाफ मंथन किया गया। इस दौरान खाप ने कहा कि उनकी मांगों पर सरकार संज्ञान लेगी तो खापें धन्यवाद करेंगी, अगर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो पंचायत खापें एकजुट होकर बड़े स्तर पर फैसले लेंगी।

चरखी दादरी में स्वामी दयाल धाम पर सर्वजातिय फोगाट खाप की कार्यकारिणी की मीटिंग प्रधान सुरेश फोगाट की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मीटिंग में गन कल्चर, अश्लीलता हरियाणवी गानों पर रोक लगाने, लव मैरिज, लीव इन रिलेशनशिप कई मुद्दों को लेकर मंथन किया गया। मीटिंग में पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से मुद्दों पर



सहमति देते हुए सरकार से एक्शन लेने की मांग की गई।

खाप प्रधान सुरेश फोगाट ने बताया कि खाप का मकसद समाज में आपसी भाईचारा कायम रखने के अलावा समाज में फैलती अराजकता को खत्म करने का है। जिस तरह से गन कल्चर व अश्लीलता के हरियाणवी गानों का प्रचलन है, उससे युवा वर्ग भटक रहा है। ऐसे गाने चलाने वाले सभी कलाकारों पर जुर्माना सहित ठोस कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं कलाकारों को भी आपस में लड़ने की बजाये कोर्ट में जायें।

खाप प्रधान ने कहा कि फोगाट खाप गन कल्चर व अश्लीलता गाने वाले किसी कलाकार के पक्ष में नहीं है। खाप पंचायतें गन कल्चर व अश्लीलता, लव मैरिज, लीव इन रिलेसनशीप सहित कई मुद्दों के खिलाफ हैं। सरकार को अश्लीलता पर रोक लगानी चाहिए और बड़े स्तर पर एक्शन लें। अगर सरकार खाप पंचायतों के मुद्दों पर कोई संज्ञान नहीं लेती है तो खाप पंचायतें एकजुट होकर कड़े फैसले लेंगी।

गन कल्चर के बाद अब इस मुद्दे पर भड़की हरियाणा की 4 खापें, एसपी से मिलकर की सख्त कार्रवाई की मांग

जींद, एजेंसी। जींद जिले में खापें अब एक्शन मोड़ में नजर आती दिख रही हैं। गुरुवार को दाढ़न खाप, माजरा खाप, चहल खाप और खटकड़ खाप के प्रधान और सदस्य अपनी मांगों को लेकर पुलिस अधीक्षक से मिले। खापों की मांग है कि गावों के अंदर छ्छु बजाते समय गन कल्चर को बढ़ावा देने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

दाढ़न खाप के प्रधान सूरजभान और माजरा खाप के प्रधान गुरबिंद्र सिंह ने कहा है कि आज पुलिस अधीक्षक से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा हैं कि प्रदेश में शादियों में अश्लील गाने और गन कल्चर को बढावा देने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

उन्होनें कहा कि सभी जिले के छ्छु बजाने वालों की लिस्ट तैयार की जाये। जिसमें सभी को छ्छु बजाने का टाइम सेट किया जाए। ताकि कहीं भी छ्छु पर लचर गीत बजते हैं तो उनके खिलाफ सख्त कारवाई होनी चाहिए। वहीं खापों ने गन कल्चर के गाने डिलीट किए जाने पर सरकार का धन्यवाद किया है।

मोहनलाल बड़ौली ने पीएम मोदी और अमित शाह से की मुलाकात, प्रदेशाध्यक्ष की अटकलें तेज



हिसार, एजेंसी। हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की है। इससे पहले बीते दिन उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात की थी। इन मुलाकातों के बाद मोहनलाल बड़ौली के दोबारा प्रदेश अध्यक्ष बनने की अटकलें तेज और मजबूत नजर आ रही हैं।

पिछले कुछ समय से हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को बदले जाने को लेकर चर्चा चल रही थी। हालांकि अंतिम समय में सूची जारी करने पर रोक लगा दी गई थी। लेकिन मोहनलाल बड़ौली की मुलाकार की तस्वीरों ने राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज कर दी है कि बड़ौली ही एक बार से प्रदेशाध्यक्ष बन सकते हैं।

वहीं, मोहनलाल बड़ौली ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट शेयर की है और लिखा है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट कर उनका आशीर्वाद और स्नेह प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। उनका मार्गदर्शन और स्नेह सदैव हमारी प्रेरणा बनेगा।

दूसरी पोस्ट में उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह के बारे में लिखा है। देश के यशस्वी, तेजस्वी व दूरदर्शी गृह एवं सहकारिता मंत्री आदरणीय अमित शाह से स्नेहिल भेंट हुई एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। अपना बहुमूल्य समय व मार्गदर्शन देने के लिए आदरणीय गृहमंत्री जी का आभार व अभिनंदन।

नकली नोट गिरोह का पर्दाफाश, सरगना सहित तीन गिरफ्तार, ऐसे हुआ मामले का भंडाफोड़


कुरुक्षेत्र, एजेंसी। हरियाणा के कुरुक्षेत्र में नकली नोट गिरोह का बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शाहाबाद की अनाज मंडी से तीन लोगों को गिरफ्तार किया, जिनमें इस गिरोह का सरगना संजीव उर्फ रिंकू, शैंकी और राहुल शामिल हैं। संजीव पहले भी इसी अपराध में 2016 में गिरफ्तार हुआ था और 5 साल की सजा काट चुका था, लेकिन जेल से छूटने के बाद उसने फिर से नकली नोट का धंधा शुरू कर दिया।

इस बार आरोपियों ने नोट डबल करने के नाम पर लोगों को ठगने की चाल चली। वे लोगों को असली नोट के बदले डबल नकली नोट देने का झांसा देते थे। असली नोटों को चेकिंग के बहाने नकली बताकर खुद रख लेते और फरार हो जाते। चूंकि पीड़ितों के पास खुद नकली नोट रखने का डर था, इसलिए वे पुलिस में शिकायत करने से बचते थे। छ्ठु-2 के इंचार्ज मोहन लाल ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी शाहाबाद की अनाज मंडी में किसी को ठगने वाले हैं। पुलिस ने जाल बिछाकर तीनों को रंगे हाथ पकड़ लिया। उनके पास से नकली नोट बनाने की मशीन, प्रिंटर, कार और अन्य सामग्री बरामद की गई। फिलहाल, पुलिस यह जांच कर रही है कि इन लोगों ने अब तक कितने लोगों को ठगा और कहां-कहां नकली नोट चलाए।

गाय का पीछा करता हुआ बेडरूम में घुसा सांड, घंटों चला हाई वोल्टेज ड्रामा

फरीदाबाद, एजेंसी। डबुआ कॉलोनी के सी ब्लॉक में बुधवार को एक परिवार को सांड के चक्कर में सांसत हो गई। परिवार को घंटों एक सांड से जूझना पड़ा। जो गाय का पीछा करते हुए उनके बेडरूम में घुस गया। बेडरूम में घुसे सांड को देखने के लिए आसपास के लोग एकत्र हो गए। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद सांड को निकाला गया।

सांड की वजह से परिवार की महिला को एक घंटे तक अलमारी में बंद रहना पड़ा। वह बगल में स्थित कमरे में पूजा कर रही थी। परिवार के लोगों ने शहर में घूम रहे बेसहारा पशुओं



को लेकर नाराजगी जताई।

लोगों का कहना था कि सड़क पर घूमने वाले पशुओं की वजह से अब लोग बेडरूम में सुरक्षित नहीं है। अगर बेडरूम में कोई व्यक्ति मौजूद होता तो वह जरूर घायल हो चुका होता। चार दिन पहले सी ब्लाक में एक घर में सांड घुस गया था।

डबुआ कॉलोनी सी ब्लॉक में रहने वाले राकेश साहू ने बताया कि सुबह के 10 बजे घर के सभी सदस्य अपने काम में व्यस्त थे। घर का मुख्य द्वार खुला हुआ था। उनकी पत्नी सपना पूजा कर रही थी। मां दुकान पर सामान लेने के लिए गई थी। बच्चे अपनी बुआ के यहां घूमने गए थे।

इस दौरान एक गाय दौड़ती हुई उनके सीधा उनके बेडरूम में जा घुसी। काम में व्यस्त परिवार के लोग कुछ समझ पाते इतने में उसका पीछा करते हुए सांड भी बेडरूम में घुस गया। यह देखकर परिवार के सभी सदस्यों का माथा चकरा गया। सभी लाठी डंडे की सहायता से उसको निकालने में प्रयास में जुट गए। एक घंटे की मशक्कत के बाद सांड को निकालने में कामयाब हुए।

अब हरियाणा के इस जिले से अहमदाबाद तक सीधे दौड़ेगी डबल स्टैक कंटेनर ट्रेन



फरीदाबाद, एजेंसी। फरीदाबाद और पारयल में स्थित औद्योगिक इकाइयों के लिए बड़ी राहत है। अब उनके उत्पाद और कच्चा माल तेज़, सुलभ और सुरक्षित तरीके से अहमदाबाद तक पहुँच सकेंगे। यह संभव हुआ है न्यू पृथला से जुड़े डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के माध्यम से, जिसमें पलवल और असावटी रेलवे स्टेशन को भी शामिल किया गया है।

इस रूट पर पहली बार डबल स्टैक कंटेनर ट्रेन शुरू की गई है, जिसे उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आलोक कुमार चमोली और डीएफसीआई के प्रबंध निदेशक प्रवीण कुमार ने हिंद टर्मिनल लॉजिस्टिक्स पार्क से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अधिकारियों का दावा है कि अब खाद्य पदार्थ, दूध और अन्य आवश्यक सामग्री कम समय में अपने गंतव्य तक पहुंचेगी, जिससे खराब होने की संभावना लगभग समाप्त हो जाएगी।

डीएफसी रूट को 120 किमी प्रति घंटे की गति से मालगाड़ियों के संचालन के लिए डिज़ाइन किया गया है। वर्तमान में, मालगाड़ियां 70 से 80 किमी प्रति घंटे की औसत रफ्तार से चलेंगी, जिससे औद्योगिक इकाइयों के उत्पाद तेजी से अपनी मंज़िल तक पहुंच सकेंगे।

न्यू पृथला में डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर स्टेशन बनाया गया है, जिससे पलवल और असावटी स्टेशनों को सीधे जोड़ा गया है। इसके चलते फरीदाबाद और पारयल के उद्योगपति अपने उत्पाद हिंद टर्मिनल लॉजिस्टिक्स पार्क के माध्यम से सुगमता से देशभर में भेज सकेंगे।

डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से जुड़ने के बाद, फरीदाबाद और पारयल के उद्योगों को तेज़, सस्ता और सुरक्षित परिवहन साधन मिलेगा। इससे न केवल लॉजिस्टिक्स समय में कटौती होगी, बल्कि आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी।

सरकारी कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर! अब ऐसे भी कमा सकेंगे पैसे

चंडीगढ़, एजेंसी। हरियाणा सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए एक बड़ा फैसला लिया है, जिससे वे अपनी नौकरी के साथ-साथ सोशल मीडिया से भी पैसे छाप सकते हैं। हरियाणा सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, सरकारी अधिकारी और कर्मचारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे इंस्टाग्राम, फेसबुक, यूट्यूब आदि के जरिए कंटेंट बनाकर सालाना 8,000 रुपये तक की कमाई कर सकते हैं। सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार, कर्मचारी कला या वैज्ञानिक विषयों से संबंधित कंटेंट बना सकते हैं। इसका मतलब यह है कि वे अपनी रचनात्मकता और विज्ञान से जुड़े विषयों पर वीडियो या पोस्ट बनाकर सोशल मीडिया के जरिए कमाई कर सकते हैं।

हरियाणा सरकार का कहना है कि सरकारी अधिकारी और कर्मचारी अपनी ड्यूटी के बाद सोशल मीडिया पर सक्रिय रह सकते हैं और इसका उपयोग कर सकते हैं। लेकिन यदि कोई कर्मचारी अपनी नौकरी के दौरान अर्जित ज्ञान को कंटेंट बनाने में उपयोग नहीं करता, तो वह अपनी पूरी कमाई खुद रख सकता है।

दिल्ली-जयपुर हाईवे पर ट्रैफिक रहेगा डायवर्ट, घर से निकलने पहले देख लें ट्रैफिक एडवाइजरी



गुरुग्राम, एजेंसी। दिल्ली-जयपुर हाईवे पर नरसिंहपुर में गुरुग्राम मेट्रोपालिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीएमडीए) द्वारा बनाए जा रहे फुटओवर ब्रिज (एफओबी) के ऊपर का हिस्सा बुधवार को रात 12 बजे से बृहस्पतिवार सुबह छह बजे तक जोड़ा जाएगा।

इसको लेकर ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों को हाईवे से दूसरे रूट पर डायवर्ट करने के लिए एडवाइजरी की है। इस एफओबी के बनने से पैदल राहगीरों और हाईवे पार करने वाले लोगों को राहत मिलेगी और हादसों में कमी आने की उम्मीद है।

जीएमडीए के अधिकारियों के अनुसार 31 मार्च तक एफओबी बनकर तैयार हो जाएगा। पहले इसके ऊपर के हिस्से को जोड़ने का कार्य किया जाएगा। इसके बाद सीढ़ियां लगाई जाएंगी। एक अप्रैल से इसको लोगों के लिए खोलने की तैयारी है। इसको बनाने पर 1.60 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

नरसिंहपुर और खेड़कीदौला क्षेत्र में काफी कंपनियों के कार्यालय हैं और इनमें हजारों लोग काम करते हैं। एफओबी नहीं होने के कारण इनको सड़क पार करने में परेशानी होती है। हाईवे पार करने के दौरान कई राहगीर वाहनों की चपेट में आ चुके हैं। पिछले कुछ सालों में यहां पर कई मौतें हो चुकी हैं।

दिल्ली-जयपुर हाईवे के दोनों तरफ की लेन के बीच ग्रिल लगी हुई है। शॉर्ट कट के चक्कर में दिन और रात के समय काफी लोग ग्रिल पर चढ़कर हाईवे पार करते हैं। ऐसे में तेज गति से आ रहे वाहनों के सामने आ जाने से कई मौतें हो चुकी हैं। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में भी इसको लेकर चर्चा हुई थी। जिसके बाद जीएमडीए ने एफओबी का निर्माण कार्य शुरू किया था।

गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) शहर में पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए पांच और नए फुट ओवर ब्रिज का निर्माण करेगा। पांच नए स्थानों में मेदांता अस्पताल, आर्टिमिस अस्पताल, गुड अर्थ सिटी सेंटर विकास मार्ग, सेक्टर 14-16 डिवाइडिंग रोड, महाराणा प्रताप चौक फ्लाइओवर के पास और न्यू रेलवे रोड पर भीम नगर चौक शामिल है।

एफओबी स्टेनलेस स्टील से बने होंगे और इनमें सीढ़ियां, एस्केलेटर की सुविधा होगी। प्रस्तावित पांच एफओबी के अलावा जीएमडीए शहर में चार एफओबी का भी निर्माण करेगा, जिनमें सेक्टर 14 मार्केट, सोहना रोड पर रहेजा माल के पास, सोहना रोड पर सीडी चौक और शीतला माता रोड शामिल हैं, जहां पैदल यात्रियों की ज्यादा आवाजाही रहती है।

2 साल से फर्जी इंस्पेक्टर बन लोगों से कर रहा था ठगी, पुलिस ने ऐसे जाल बिछाकर किया काबू

अंबाला, एजेंसी। हरियाणा के अंबाला में एक फर्जी पुलिस इंस्पेक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अब उसको कोर्ट में पेश करेगी पुलिस के अनुसार आरोपी लोगों को पुलिस की धमकी देकर अवैध वसूली करता था। एक व्यक्ति की शिकायत पर यह पूरा मामला दर्ज किया गया है।

स्ाह्ब बलकार सिंह ने बताया कि कल हमारे पास एक व्यक्ति ने आकर एक पुलिस वाले के बारे में बताया कि पुलिस वाले ने केस से नाम निकालने के नाम पर उससे पैसे मांगे। शक होने पर वह थाने पहुंच गए और शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद हरकत में आई पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे दो सड़का थाना मुलाना से गिरफ्तार कर लिया।

स्ाह्ब ने बताया कि आरोपी पूर्व में टाटा मोटर्स में बतौर मैनेजर का काम करता था। जिसके बाद वह इस काम में पड़ गया। उसके बाद वह पुलिस का अधिकारी बन लोगों को ठगने का काम करने लगा। स्ाह्ब ने बताया कि फर्जी इंस्पेक्टर की हिस्ट्री खंगालने के लिए कोर्ट से उसे रिमांड पर लिया जाएगा। पूछताछ के आधार पर



उसके ठगी के केसों का खुलासा हो सकता है। लगभग वह दो वर्षों से यह काम कर रहा था।

आरोपी प्रेमचंद्र पुलिस का आईडी कार्ड लेकर चलता था। अक्सर लोगों ने उसको आईडी कार्ड के साथ घूमता देखा गया है। पुलिस को मिली शिकायत में भी आईडी कार्ड का जिक्र है। इसपर बोलते हुए स्ाह्ब ने कहा कि अब इसकी भी जांच की जाएगी कि इसने अपना जाली आईडी कार्ड कहां से और कैसे बनाया। क्या इसका कोई अन्य साथी भी है।

धरती का सीना चीर बुझाई जाएगी गुड़गांव वासियों की प्यास, 170 एमएलडी पानी की रहेगी कमी

नहरी पानी की पूर्ति करने के लिए 100 एमएलडी का एक प्लांट और बनकर तैयार होने वाला है

गुड़गांव, एजेंसी। हर बार की तरह इस बार भी गर्मी में पानी की किल्लत लोगों को झेलनी पड़ सकती है। गुड़गांव निवासियों को नहरी पानी पर्याप्त मात्रा में नहीं मिलेगा। ऐसे में लोगों को पानी की पर्याप्त मात्रा में पूर्ति कराने के लिए धरती का सीना चीरना ही पड़ेगा। इससे भूजल स्तर के और अधिक नीचे जाने की संभावना है। अधिकारियों की मानें तो नहरी पानी की पूर्ति करने के लिए 100 एमएलडी का एक प्लांट और बनकर तैयार होने वाला है।

ऐसे में इस गर्मी धरती का सीना चीरकर पानी कम ही निकालना पड़ेगा।



गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण द्वारा 2031 के मास्टर प्लान के अनुसार पेयजल आपूर्ति करने के लिए कार्य किया जा रहा है जिसके बाद जिसके अनुसार अगले साल ट्यूबवैल के जरिए भूजल नहीं निकाला जाएगा और पूरी तरह से नहरी पानी हर व्यक्ति को मिल पाएगा।

अधिकारियों की मानें तो साल 2023 में आईआईटी रुड़की की टीम ने शहर का सर्वे किया था। जिसके अनुसार गुड़गांव जिले में पिछले साल तक 700 एमएलडी पानी की जरूरत थी। इस साल इस डिमांड को 740 एमएलडी मानकर कार्य किया जा रहा है। चंदू और बसई वाटर ट्रीटमेंट प्लांट अपनी क्षमता के अनुसार पूरी कैपेसिटी से चल रहे हैं और शहर को 570 एमएलडी पानी की आपूर्ति कर रहे हैं। शेष पानी की पूर्ति नगर निगम द्वारा ट्यूबवैल के माध्यम से की जा रही है।

अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि वह साल 2031 के अनुसार गुड़गांव को 1170 एमएलडीपानी देने के लिए कार्य कर रहे हैं। ऐसे में वह हर साल 100 एमएलडीपानी के प्लांट को बनाए जाने की तैयारी कर रहे हैं। अप्रैल माह की शुरूआत में नया 100 एमएलडी का पानी का प्लांट शुरू करने के बाद 70 एमएलडी पानी की आपूर्ति के लिए ट्यूबवैल पर निर्भर रहना होगा, लेकिन अगले साल ट्यूबवैल की निर्भरता को समाप्त कर दिया जाएगा।

संपादकीय

दो साल से जातीय आग में जल रहा मणिपुर

मणिपुर में जातीय संघर्ष को दो वर्ष होने आ रहे हैं, मगर अब भी वहां स्थिति में कोई सुधार नजर नहीं आ रहा। हालांकि सरकार बार-बार दावा करती है कि वहां स्थिति जल्दी ही सामान्य हो जाएगी, पर इसका कोई संकेत नहीं दिखता। रविवार को इंफाल पूर्वी जिले में फिर दो चरमपंथी गुटों में हिंसक झड़प हो गई, जिससे वातावरण तनावपूर्ण हो गया है। यह घटना ऐसे वक्त हुई जब वहां छह न्यायाधीशों की एक टीम स्थिति का आकलन करने पहुंची थी। उस टीम में गए मैतेई समुदाय से संबंधित, वहां के उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश का इस बात पर दर्द भी छलक उठा कि वे कुकी बहुल इलाके में नहीं जा सकते। शुरू में राज्य सरकार की शिथिलता और रहस्यमय चुप्पी के चलते वहां जातीय संघर्ष बढ़ता गया और आज हालत यह है कि राज्य का प्रशासन भी मैतेई और कुकी समुदायों में स्पष्ट रूप से विभाजित हो चुका है। कुकी बहुल इलाकों में मैतेई समुदाय के सुरक्षाकर्मी और अन्य कर्मचारी तैनात नहीं किए जाते। यही हाल मैतेई बहुल इलाकों का है। लंबे समय तक राज्य सरकार की शिथिलता बनी रही और केंद्र सरकार ने भी अपेक्षित पहल नहीं की, तब सर्वोच्च न्यायालय ने मणिपुर की स्थिति पर स्वतः संज्ञान लेते हुए जांच और निगरानी समितियां गठित कर दी, पर उसे भी काफी वक्त बीत जाने का बावजूद कोई उल्लेखनीय नतीजा सामने नहीं आ सका है। आखिरकार एक नाटकीय घटनाक्रम में वहां के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने इस्तीफा दे दिया और उनकी जगह किसी को कमान सौंपने के बजाय राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया। तब माना गया कि केंद्र सरकार के हाथ में वहां की कमान आने के बाद कुछ कड़ाई होगी और चरमपंथी गुटों पर लगाम कसी जा सकेगी, जातीय संघर्ष कुछ थमेगा, पर वह उम्मीद भी धुंधलाने लगी है। मौका पाते ही दोनों समुदायों के चरमपंथी गुट रणनीति के तहत हिंसक हमले कर देते हैं। उन्होंने भारी मात्रा में आधुनिक हथियार और साजो-सामान जुटा रखे हैं। भौगोलिक रूप से मणिपुर की संरचना थोड़ी जटिल जरूर मानी जा सकती है, मगर चरमपंथी गुटों पर नजर रखना मुश्किल नहीं माना जा सकता। वहां बड़ी संख्या में सुरक्षाबल तैनात हैं, पर उन इलाकों में भी हिंसक घटनाएं नहीं रुक पा रहीं, जिनमें टकराव की सबसे अधिक आशंका मानते हुए सबसे अधिक सुरक्षाबल तैनात हैं। वहां के चुराचांदपुर और विष्णुपुर जिलों को इसलिए संवेदनशील माना गया और उन दोनों के बीच 'बफर जोन' बना कर बड़ी संख्या में सुरक्षाबल तैनात किए गए कि एक मैतेई बहुल है और दूसरा कुकी बहुल। फिर भी इन्हीं जिलों में अधिक चरमपंथी हमलों की घटनाएं होती हैं।

हम नहीं जानते कि अप्रैल कितना भीषण गर्म होगा, लेकिन अब एक महत्वपूर्ण प्रश्न पर ध्यान देने का समय है कि गर्म होती दुनिया के लिए भारत कितना तैयार है? दुनिया गर्म हो रही है। जलवायु परिवर्तन से हालात और भी बदतर हो रहे हैं। भारत आर्थिक दृष्टि से बेहद असमानताओं वाला देश है। कुछ लोग दूसरों की तुलना में अधिक असुरक्षित हैं, क्योंकि वे जहां रहते हैं, जिस तरह से काम करते हैं और उनकी समग्र स्वास्थ्य स्थिति अलग-अलग है। दिन और रात, दोनों समय उच्च तापमान के संपर्क में लंबे समय तक रहने से न केवल गर्मी का तनाव बढ़ सकता है, मृत्यु दर बढ़ सकती है और कृषि उत्पादकता कम हो सकती है, बल्कि यह व्यापक अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित करता है और संभावित रूप से लाखों नौकरियों को नष्ट कर सकता है।

अभी तो अप्रैल भी नहीं आया- बढ़ते तापमान से कई चिंताएं

(पत्रलेखा चटर्जी)

भारत का बड़ा हिस्सा एक बार फिर भीषण गर्मी से जूझ रहा है। बीती?25 फरवरी को गोवा और महाराष्ट्र में देश में इस साल की पहली हीटवेव दर्ज की गई, जो कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा परिभाषित सर्दियों (जनवरी-फरवरी) के दौरान पहली बार हीटवेव का संकेत है। आईएमडी के अनुसार, 1901 में तापमान का रिकॉर्ड रखने की शुरुआत हुई थी। उसके बाद से फरवरी 2025 को सबसे गर्म फरवरी के रूप में दर्ज किया गया। और यह सिर्फ दिन के तापमान की बात नहीं है, रात के तापमान में भी वृद्धि हो रही है। मार्च की शुरुआत से ही कई जगहों पर भीषण गर्मी पड़ रही है।

हम नहीं जानते कि अप्रैल कितना भीषण गर्म होगा, लेकिन अब एक महत्वपूर्ण प्रश्न पर ध्यान देने का समय है कि गर्म होती दुनिया के लिए भारत कितना तैयार है? दुनिया गर्म हो रही है। जलवायु परिवर्तन से हालात और भी बदतर हो रहे हैं। भारत आर्थिक दृष्टि से बेहद असमानताओं वाला देश है। कुछ लोग दूसरों की तुलना में अधिक असुरक्षित हैं, क्योंकि वे जहां रहते हैं, जिस तरह से काम करते हैं और उनकी समग्र स्वास्थ्य स्थिति अलग-अलग है। दिन और रात, दोनों समय उच्च तापमान के संपर्क में लंबे समय तक रहने से न केवल गर्मी का तनाव बढ़ सकता है, मृत्यु दर बढ़ सकती है और कृषि उत्पादकता कम हो सकती है, बल्कि यह व्यापक अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित करता है और संभावित रूप से लाखों नौकरियों को नष्ट कर सकता है।

गर्मी के मामले में भारत की कामकाजी आबादी विशेष रूप से असुरक्षित है। जरा किसानों, निर्माण मजदूरों और रेहड़ी-पटरी वालों, खाद्य वितरण करने वाले मजदूरों और अन्य लोगों के बारे में सोचिए, जो लंबे समय तक चिलचिलाती धूप में काम करते रहते हैं और जो एयर कंडीशनर का खर्च नहीं उठा सकते। गर्मी से एक बड़े वर्ग के प्रभावित होने के बावजूद, देश में अत्यधिक गर्मी कोई राजनीतिक/चुनावी मुद्दा नहीं है। दिल्ली स्थित सस्टेनेबल फ्यूचर्स कोलैबोरेटिव (एसएफसी) की नई रिपोर्ट में नौ शहरों में दीर्घकालिक ताप जोखिम न्यूनीकरण उपायों के कार्यान्वयन का आकलन करके +1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान वृद्धि के तहत अनुमानित चरम गर्मी के मद्देनजर भारत की तैयारियों का विश्लेषण किया गया है।



अध्ययन में बंगलूरू, फरीदाबाद, ग्वालियर, कोटा, लुधियाना, मेरठ, मुंबई, नई दिल्ली और सूरत को शामिल किया गया, जो संस्थागत और आर्थिक संदर्भों की विविधता का प्रतिनिधित्व करते हैं और वर्ष 2011 की जनगणना के मुताबिक, भारत की शहरी आबादी के 11 प्रतिशत से अधिक लोग इन शहरों में रहते हैं। अध्ययन के दौरान स्वास्थ्य आपदा प्रबंधन, श्रम, योजना एवं बागवानी सहित विभिन्न विभागों के 88 सरकारी अधिकारियों से साक्षात्कार लिया गया।

रिपोर्ट के लेखकों ने महत्वपूर्ण जानकारी दी है, जिस पर नीति निर्माताओं को ध्यान देना चाहिए। यह भारत के कई शहरों में अत्यधिक गर्मी से निपटने की नीतियों के क्रियान्वयन का पहला आकलन है। अहमदाबाद नगर निगम ने भारत की पहली हीट एक्शन प्लान (एचएपी) 2013 में बनाई थी, जब 2010 में शहर में घातक लू से 1,300 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। तब से, कई भारतीय शहरों में एचएपी लागू हो चुका है, जिससे कई लोगों की जान बची है। लेकिन रिपोर्ट में कहा गया है कि अब तक की कार्रवाई अल्पकालिक प्रतिक्रिया उपायों की ओर झुकी हुई है, जिनका उद्देश्य गर्मी से संबंधित मृत्यु दर और बीमारी को रोकने के लिए हीटवेव से ठीक पहले और उसके दौरान कार्रवाई करना है, न कि कोई दीर्घकालिक उपाय। रिपोर्ट में शामिल नौ शहरों में से कम से कम सात ने हीट रिस्पॉन्सिव उपायों का इस्तेमाल किया, जैसे जागरूकता अभियान, पानी और ओआरएस के जरिये हाइड्रेशन स्तर में वृद्धि, लू से पीड़ित रोगियों के उपचार के लिए अस्पताल के वार्डों का पुनः उपयोग, कुछ छाया, पानी और शीतलता के उपायों के साथ अस्थायी शीतलन केंद्र बनाना, और श्रमिकों के लिए कार्य समय में बदलाव करना। ये जरूरी और स्वागत योग्य कदम थे, जिसने कई मौतों को रोका और लोगों को राहत पहुंचाई। लेकिन ये पर्याप्त नहीं हैं।

जिस चीज की कमी है, वह है दीर्घकालिक उपाय, जैसे कि काम के खोए हुए घंटों के लिए बीमा, जो बहुत जरूरी है, क्योंकि गर्मी के कारण उत्पादकता कम हो जाती है; बिजली ग्रिड में सुधार, जो बढ़ती बिजली की मांग को पूरा कर सके; तथा सबसे कमजोर लोगों के लिए शीतलता की सुविधा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के सर्वाधिक गर्म शहरों में एचएपी कार्यान्वयन के लिए लक्षित क्षमता निर्माण कार्यक्रम तैयार करना चाहिए। यानी देश के दस सर्वाधिक गर्म शहरों में शहर/जिला स्तर पर विभागीय कार्यवाहियों के क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदार लोगों के बीच सतत, बहुवार्षिक क्षमता-निर्माण प्रयास करना चाहिए। इससे भारत की गर्मी से निपटने की क्षमता में तेजी से सुधार हो सकता है। रिपोर्ट में जिला स्तर पर प्रशिक्षित आपदा प्रबंधन सहायक कर्मचारियों की क्षमता निर्माण करने का भी सुझाव दिया गया है। जलवायु के प्रति सबसे ज्यादा संवेदनशील जिलों में स्थायी और वित्तपोषित विशेषज्ञ पदों का सृजन किया जाना चाहिए, जिन्हें दीर्घकालिक जोखिम शमन के लिए प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।

एक मुख्य सुझाव अत्यधिक लक्षित सक्रिय शीतलन कार्यक्रम का निर्माण है। तापमान में तेजी से वृद्धि और दीर्घकालिक ताप सहन करने की क्षमता में अंतर बताता है कि जोखिम में रहने वाली शहरी आबादी अपने जीवन और आय की रक्षा के लिए एसी का रुख करेगी। रिपोर्ट कहती है कि राज्य और राष्ट्रीय सरकारों को सब्सिडी या बड़े पैमाने पर खरीद कार्यक्रम शुरू करने चाहिए, जिससे ऐसे परिवार ऊर्जा कुशल एसी खरीद सकें। जीवन, आजीविका, देश की आकांक्षाएं और भविष्य दांव पर लगा है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की 2019 की रिपोर्ट के अनुसार, 2030 तक गर्मी के कारण भारत के काम के घंटों में 5.8 प्रतिशत तक कमी आ सकती है, जो 3.4 करोड़ पूर्णकालिक नौकरियों के बराबर है। कम वेतन वाले असंगठित श्रमिकों को लंबे समय तक गर्मी में रहकर काम करने कारण वेतन में कमी और स्वास्थ्य व्यय में वृद्धि का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है, जिससे उनके गरीबी के जाल में फंसने की आशंका बढ़ जाती है।

झारखंड में रेलवे का अभूतपूर्व विकास



बिद्युत बरन महतो
लेखक तीन बार से जमशेदपुर के सांसद हैं।

वीर बिरसा मुंडा की पावन धरती झारखंड की अपनी विशिष्ट पहचान है। क्रांतिकारी आंदोलन और खनिज संपदा के लिए विख्यात इस प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रयासों से रेलवे के आधुनिकीकरण और विस्तार की नई कहानी लिखी जा रही है। बीते दशक में राज्य ने रेलवे नेटवर्क के विस्तार और आधुनिकीकरण की दिशा में अभूतपूर्व प्रगति की है। नई रेलवे लाइनों का निर्माण, डबलिंग, विद्युतीकरण, आधुनिक स्टेशन और वंदे भारत जैसी सेमी हाई-स्पीड ट्रेनों की शुरुआत का विकास इन सभी परियोजनाओं ने झारखंड को रेलवे कनेक्टिविटी के नए युग में प्रवेश करा दिया है।

वंदे भारत का झारखंड में ऐतिहासिक प्रवेश



बीते दशक में झारखंड ने औद्योगिक, सांस्कृतिक और बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में अनगिनत उपलब्धियाँ हासिल की हैं। अब वंदे भारत एक्सप्रेस इस गौरवशाली सफर को और आगे ले जा रही है। 27 जून 2023 को झारखंड की धरती पर एक नया इतिहास रचा गया, जब पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह सिर्फ एक ट्रेन नहीं, बल्कि झारखंड की प्रगति, तकनीकी नवाचार और तेजी से बढ़ते रेल नेटवर्क का प्रतीक बनी। आज झारखंड में 12 वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं, जो 14 जिलों को जोड़ते हुए 22 स्टॉपेज तक यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचा रही हैं।

वंदे भारत- झारखंड के विकास में एक नई क्रांति

सेमी हाई-स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस झारखंड की रेलवे कनेक्टिविटी को आधुनिकता और सुविधा का नया स्तर प्रदान कर रही है। तेज़, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा अनुभव के साथ यह ट्रेन राज्य के विभिन्न जिलों को एक मजबूत और तेज़ रेल नेटवर्क से जोड़ रही है। इससे व्यापार, पर्यटन और उद्योगों को भी नया प्रोत्साहन मिल रहा है।

वंदे भारत एक्सप्रेस का झारखंड में आगमन केवल रेल यात्रा में बदलाव नहीं, बल्कि राज्य के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह ट्रेन न केवल झारखंड को देश के अन्य हिस्सों से तेजी से जोड़ रही है, बल्कि राज्य के लोगों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में भी मदद कर रही है।झारखंड अब केवल खनिजों और संसाधनों का प्रदेश नहीं, बल्कि तकनीकी नवाचार और विकास की मिसाल भी बन रहा है। झारखंड में वंदे भारत के दौड़ते पहिए के साथ प्रगति की बात हो रही है। राज्य सरकार से पर्याप्त सहयोग न मिलने के बावजूद केंद्र सरकार ने झारखंड की रेल परियोजनाओं के लिए 7,306 करोड़ की राशि वित्त वर्ष 2025-26 में उपबल्ध करायी है, जो उस बात का परिचायक है कि भारत सरकार सभी प्रदेशों साथ समभाव रखती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का सबका साथ, सबका विश्वास, सबका प्रयास, सबका विश्वास का मूल मंत्रा समाज और राष्ट्र के निर्माण में मील का पत्थर साबित हुआ है।

हम विकास पथ के राही, हम अनंत तक जायेंगे
हम सपनों के झारखंड को, मंज़िल तक पहुँचायेंगे।

विश्व शांति एवं समृद्धि के लिए हिंदुओं को एक करने का प्रयास करता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

वैश्विक स्तर पर आज कुछ देशों के बीच प्रत्यक्ष युद्ध चल रहा है (रूस-यूक्रेन के बीच एवं इजराइल-हमास के बीच) तो कुछ देशों की बीच शीत युद्ध की स्थिति निर्मित होती दिखाई दे रहे है (ईरान-इजराइल के बीच, रूस-यूरोपीयन देशों के बीच, अमेरिका-हूतियों के बीच, अमेरिका-कुछ अफ्रीकी देशों के बीच) तथा कुछ देशों के बीच व्यापार युद्ध छिड़ता हुआ दिखाई दे रहा है (अमेरिका-चीन, अमेरिका-मेक्सिको, अमेरिका- कनाडा, आदि के बीच)। कुल मिलाकर आज वैश्विक स्तर पर स्पष्टतः शांति का अभाव दिखाई दे रहा है। वैश्विक स्तर पर इन विपरीत परिस्थितियों के बीच सनातनी हिंदुओं द्वारा भारत के प्रयागराज में एक महाकुम्भ का आयोजन शांतिपूर्वक एवं अति सफलता से सम्पन्न किया जाता है।

(प्रह्लाद सबनानी)

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का यह भी मानना है कि धर्म के अधिष्ठान पर आत्मविश्वास से परिपूर्ण संगठित सामूहिक जीवन के आधार पर ही हिंदू समाज अपने वैश्विक दायित्व का निर्वाह प्रभावी रूप से कर सकेगा।

वैश्विक स्तर पर आज कुछ देशों के बीच प्रत्यक्ष युद्ध चल रहा है (रूस-यूक्रेन के बीच एवं इजराइल-हमास के बीच) तो कुछ देशों की बीच शीत युद्ध की स्थिति निर्मित होती दिखाई दे रहे है (ईरान-इजराइल के बीच, रूस-यूरोपीयन देशों के बीच, अमेरिका-हूतियों के बीच, अमेरिका-कुछ अफ्रीकी देशों के बीच) तथा कुछ देशों के बीच व्यापार युद्ध छिड़ता हुआ दिखाई दे रहा है (अमेरिका-चीन, अमेरिका-मेक्सिको, अमेरिका-कनाडा, आदि के बीच)। कुल मिलाकर आज वैश्विक स्तर पर स्पष्टत- शांति का अभाव दिखाई दे रहा है। वैश्विक स्तर पर इन विपरीत परिस्थितियों के बीच सनातनी हिंदुओं द्वारा भारत के प्रयागराज में एक महाकुम्भ का आयोजन शांतिपूर्वक एवं अति सफलता से सम्पन्न किया जाता है। इस महाकुम्भ में पूरे विश्व से सनातनी हिंदू एवं अन्य धर्मों के अनुयायी 66 करोड़ से अधिक की संख्या में पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाते हैं। इन 66 करोड़ धर्मावलम्बियों के बीच किसी भी प्रकार का असहयोग एवं किसी भी स्तर पर असहमति नहीं दिखाई देती है। जाति, पंथ, मत, प्रांत, भाषा आदि के नाम पर किसी भी प्रकार का विरोध दिखाई नहीं दिया, बस सभी धर्मावलंबी अपने आप को केवल और केवल सनातनी हिंदू कहते हुए दिखाई दिए हैं। ऐसा आभास हो रहा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा इस संदर्भ में पिछले 100 वर्षों से किए जा रहे प्रयास अब सफल होते दिखाई दे रहे हैं।

अब लगभग पूरा विश्व ही यह मानने लगा है कि वैश्विक स्तर पर लगातार पनप रही अशांति का हल केवल भारतीय सनातन संस्कृति के संस्कारों के अनुपालन से ही सम्भव है। इसी संदर्भ में दिनांक 21 मार्च 2025 से 23 मार्च 2025 तक बंगलूरू में सम्पन्न अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विश्व शांति और समृद्धि के लिए समरस और संगठित हिंदू समाज का निर्माण विषय पर एक प्रस्ताव पास किया है। इस प्रस्ताव में यह कहा गया है कि अनंत काल से ही हिंदू समाज एक प्रदीर्घ और अविस्मरणीय



यात्रा में साधनारत रहा है, जिसका उद्देश्य मानव एकता और विश्व कल्याण है। तेजस्वी मातृशक्ति सहित संतो, धर्माचार्यों तथा महापुरुषों के आशीर्वाद एवं कर्तृत्व के कारण हमारा राष्ट्र कई प्रकार के उतार चढ़ावों के उपरांत भी निरंतर आगे बढ़ रहा है। अर्थात सनातन संस्कृति के संस्कारों की आज के संदर्भ में परख करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि यह संस्कार हिंदू देवी देवताओं द्वारा समाज के भले के लिए ही लागू किये गए हैं और हजारों वर्षों से भारतीय हिंदू समाज इनका सफलतापूर्वक अनुसरण करता आया है। समय की कसौटी पर सदैव ही यह खरे उतरे हैं। अतः आज भी सनातन हिंदू संस्कारों की प्रासंगिकता बनी हुई हैं। इन्हीं संस्कारों के चलते भारत सदैव से ही वसुधैव कुटुम्बकम एवं सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की भावना को आत्मसात करता आया है। भारत के लिए तो पूरा विश्व ही अपना परिवार है, फिर क्यों एक दूसरे से झगड़ा करना। बल्कि, भारत में तो विश्व के कोने कोने से अन्य धर्मावलंबी भी आकर आसानी से रच बस गए हैं एवं सनातन संस्कृति में समा गए हैं। जैसे, कुषाण, शक, हूण, पारसी, आदि। पूरे विश्व में भारत ही एक ऐसा राष्ट्र है जहां मुस्लिम अनुयायीयों के समस्त फिर्के पाए जाते हैं अन्यथा मुस्लिम देशों में भी समस्त फिर्के शायद ही पाए जाते हों। उक्त प्रस्ताव में इस संदर्भ में आगे कहा गया है कि अपनी प्राचीन संस्कृति और समृद्ध परम्पराओं के चलते सौहार्दपूर्ण विश्व का निर्माण करने के लिए भारत के पास अनुभव जनित ज्ञान उपलब्ध है। हमारा चिंतन विभेदनकारी और आत्मघाती प्रवृतियों से मनुष्य को सुरक्षित रखते हुए चराचर जगत में एकत्व की भावना तथा शांति सुनिश्चित करता है।

चूंकि भारत में लगभग 1000 वर्षों तक अरब के आक्रांताओं एवं अंग्रेजों का शासन चलता रहा अतः उस खंडकाल में भारतीय जनमानस को अपनी महान संस्कृति का विस्मृति लोप हो गया था। उक्त प्रस्ताव में इस विचार को आगे बढ़ाते हुए कहा गया है कि काल के प्रवाह में राष्ट्र जीवन में आए अनेक दोषों को दूर कर एक संगठित, चारित्र्य सम्पन्न और सामर्थ्यवान राष्ट्र के रूप में भारत को परम वैभव तक ले जाने हेतु परम पूजनीय डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने वर्ष 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्य प्रारम्भ किया। संघकार्य का बीजारोपण करते हुए, डॉक्टर हेडगेवार ने दैनिक शाखा के रूप में व्यक्ति निर्माण की एक अनूठी कार्यपद्धति विकसित की, जो हमारी सनातन परम्पराओं व मूल्यों के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्र निर्माण का निःस्वार्थ तप बन गया। उनके जीवनकाल में ही इस कार्य का एक राष्ट्रव्यापी स्वरूप विकसित हो गया। द्वितीय सर संघचालक पूजनीय श्री गुरूजी (माधव सदाशिव गोलवलकर) के दूरदर्शी नेतृत्व में राष्ट्रीय जीवन के विविध क्षेत्रों में शाश्वत चिंतन के प्रकाश में कालसुसंगत युगानुकूल रचनाओं के निर्माण की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई।



कोलेस्ट्रॉल कम करने के सरल उपाय हैं पान के पत्ते

कोलेस्ट्रॉल बढ़ना एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है। रक्त वाहिकाओं में जमने वाला यह गंदा पदार्थ दिल के रोगों का सबसे बड़ा कारण है। ध्यान रहे कि दिल के रोगों की वजह से पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा मौत होती हैं। इसका मतलब यह है कि इस गंदे जहरीले पदार्थ से छुटकारा पाकर आप दिल के रोगों, हार्ट अटैक, स्ट्रोक और खून की नसों से जुड़े रोगों का जोखिम कम कर सकते हैं।

खून की नसों में चिपका यह गंदा पदार्थ हार्ट अटैक की वजह बन सकता है इसलिए इसे खत्म करना जरूरी है, पान के पत्ते कोलेस्ट्रॉल कम करने के सरल उपाय हैं, बस आपको इन्हें खाने का सही तरीका पता होना चाहिए।

कोलेस्ट्रॉल क्या है और इसके क्या लक्षण हैं?

यह मोम की तरह चिपचिपा पदार्थ होता है, जो आपके द्वारा खाए जाने वाले फैट से भरपूर खाद्य पदार्थों से निकलता है। बेशक आपका लिवर भी इसे बनाता है लेकिन इसकी अधिक मात्रा सेहत के लिए घातक है। यह दो तरह का होता है गुड कोलेस्ट्रॉल और बैड कोलेस्ट्रॉल। शरीर के लिए जो घातक है, वो बैड कोलेस्ट्रॉल है। समस्या यह है कि कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के शुरूआती कोई संकेत नहीं होते हैं, जब तक पता चलता है कि तब नसें ब्लॉक हो चुकी होती हैं।

कोलेस्ट्रॉल कम करने के उपाय क्या है?

इस गंदे पदार्थो को जमने या खत्म करने का आसान तरीका नियमित रूप से एक्सरसाइज करना और फैट से भरपूर चीजों से तौबा करना है। कोलेस्ट्रॉल के मरीजों को इसे कंट्रोल में रखने के लिए ताउम्र दवाएं भी खानी पड़ती हैं। अगर आप दवाओं से बचना चाहते हैं, तो आपको कोलेस्ट्रॉल कम करने के घरेलू उपाय के रूप में पाने के पत्ते का इस्तेमाल कर सकते हैं क्योंकि इससे बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद मिलती है.

कोलेस्ट्रॉल का दुश्मन हैं पान के पत्ते

कोलेस्ट्रॉल कम करने के सबसे बेस्ट तरीका वैसे तो एक्सरसाइज करना और हेल्दी डाइट लेना है लेकिन आप इसके लिए कुछ घरेलू उपाय भी आजमा सकते हैं। बैड कोलेस्ट्रॉल कम करने का एक सबसे सरल और सस्ता उपाय पान के पत्ते हैं। एक अध्ययन में वैज्ञानिकों ने माना है कि इन हरे पत्तों में बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने की क्षमता होती है। वैज्ञानिकों ने पाया है कि पाने के पत्तों में विषाक्त पदार्थों को कम करने की क्षमता होती है। पाने के पत्ते एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट के रूप में काम कर कर सकते हैं। अपने अध्ययन में उन्होंने पान के पत्तों की एंटी-ऑक्सीडेंट एक्टिविटी का मूल्याकंन किया। उन्होंने यह पता लगाने की कोशिश की क्या यह गंदे कोलेस्ट्रॉल को कम कर सकता है या नहीं।

पान के पत्ते कम कर सकते हैं गंदा कोलेस्ट्रॉल

अपने अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि पान के पत्ते इन विट्रो में स्थरुकोलेस्ट्रॉल के ऑक्सीकरण को रोकने में सक्षम थे और मैक्रोफेज में लिपिड संचय को कम करने में सक्षम थे।

पान के पत्ते कैसे कम करते हैं कोलेस्ट्रॉल

पान के पत्तों में यूजेनॉल पाया जाता है जोकि एक नैचुरल एंटीऑक्सिडेंट है, जो फ्री रेडिकल्स को बेअसर करता है। यूजेनॉल लिवर में कोलेस्ट्रॉल को बनने से रोकता है और आंत में लिपिड अवशोषण को कम करता है।

कैसे करें पान के पत्तों का सेवन

अधिकतर लोग पान खाने को एक गलत आदत मानते हैं। इसे स्वास्थ्य के लिए खराब माना जाता है। वास्तव में इसे खाने का तरीका गलत है, जो सेहत के लिए खतरनाक है क्योंकि अधिकतर लोग पान में तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थ डालकर खाते हैं। दरअसल पान के हरे पत्ते सेहत के लिए ठीक हैं। इन हरे पत्तों में विभिन्न तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसके सेवन का सबसे बेहतर तरीका सिर्फ हरे पत्तों का चबाना या इनका रस पीना है, जैसे कि शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में इस्तेमाल किया।

पान के पत्ते के पोषक तत्व या गुण

पान के पत्तों में सिर्फ एंटीऑक्सिडेंट गुण नहीं पाए जाते बल्कि यह शरीर के लिए जरूरी कई जरूरी पोषक तत्वों का भी खजाना है। यह आयोडीन, पोटैशियम, विटामिन ए, विटामिन बी-1, निकोटिनिक एसिड, विटामिन सी, कैल्शियम, फाइबर और मिनरल्स आदि का बढ़िया स्रोत है।

पान के पत्तों के अन्य स्वास्थ्य लाभ

कोलेस्ट्रॉल कम करने के अलावा पान के पत्तों में ब्लड शुगर कम करने, कैंसर का जोखिम कम करने, घाव को जल्दी ठीक करने, तनाव दूर करने, अस्थमा का इलाज करने, ओरल हेल्थ को बढ़ावा देने, पाचन समस्याओं को खत्म करने की भी क्षमता होती है।



आंखों की समस्याओं को गंभीरता से लें

इस खूबसूरत दुनिया को देखने के लिए हमारा साथ देती हैं आंखें। हालांकि अक्सर लोग अपनी आंखों के प्रति काफी ज्यादा हल्के में लेते हैं। आंखों का लाल होना, आंखों से पानी आना, धुंधला दिखना और ड्राई आंखों जैसे लक्षणों को अक्सर मामूली समस्याओं के रूप में नजरअंदाज कर दिया जाता है, कई लोग इन बीमारियों के लिए घरेलू इलाज कर लेते हैं तो कुछ मेडिकल शॉप से दवाई ले आते हैं। ऐसे में इन परेशानियों को गंभीरता से नहीं लिया जाता है। हालांकि इनमें से अधिकांश लक्षण अपने आप ठीक हो जाते हैं, लेकिन कई मामलों में अगर यूहीं छोड़ दिया जाए तो वे अंधेपन से लेकर मृत्यु तक की गंभीर परेशानियां पैदा कर सकते हैं।

नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में पब्लिश एक रिपोर्ट की मानें तो अधिकांश ओकुलर संक्रमण मामूली होते हैं, वहीं दूसरे काफी जटिल होते हैं। अधिकांश मरीज या तो ओकुलर डिस्चार्ज, विजुअल लक्षण, लाल या दर्दनाक आंख के साथ होते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ रोग और संक्रमण पहले आंख के लक्षण के रूप में हो सकते हैं क्योंकि आंखें शरीर का एकमात्र अंग है जहां न्यूरॉन्स और रक्त वाहिकाओं को सीधे देखा जा सकता है और इसलिए किसी भी बीमारी का पहला लक्षण आंखों में नजर आता है।

राइनो ऑर्बिटल सेरेब्रल म्यूकोर्मिकोसिस

आम भाषा में इसे ब्लैक फंगस के रूप में जाना जाता है, यह म्यूकोरेल्स के कारण होने वाला एक असामान्य संक्रमण है और इसकी हाई मोर्बिडिटी और मोरटेलिटी रेट। यह मुख्य रूप से डायबिटीज, कैंसर, पोस्ट ऑर्गन ट्रांस्प्लांट के बाद क्रोनिक स्टेरॉयड थेरेपी वाले रोगियों में होता है और हाल ही में इसे गंभीर कोविड संक्रमण वाले पेशेंट में भी देखा गया था। फंगस नाक के जरिए से एंटर करने वाली ब्लड वेसेल्स पर आक्रमण करता है और साइनस और नेसल कैविटी में फैल जाता है। अगर समय पर ध्यान न दिया जाए तो ये दिमाग तक पहुंच जाता है, जो दिमाग के लिए घातक हो सकता है।

एस्परगिलोसिस

म्यूकोर्मिकोसिस के समान, ऑर्बिटल एस्परगिलोसिस इम्युनोकॉम्प्रोमाइज्ड रोगियों में होता है और नाक के बाद में दिमाग तक पहुंचता है।

कंजंक्टिवाइटिस (गुलाबी आंख)

कंजक्टिवा टिश्यू की एक पतली परत होती है जो आंखों के सफेद हिस्से और पलकों के अंदरूनी हिस्से को ढकती है। कंजक्टिवाइटिस को कंजंक्टिवा के संक्रमण या सूजन के रूप में वर्णित किया जा सकता है। इसके लक्षण खुजली और पानी बहना है।

ब्लेफेराइटिस

यह पलकों की सूजन है, और बैक्टीरिया के संक्रमण, एलर्जी, पलकों में तेल ग्रंथियों के बंद होने और स्किन की कुछ स्थितियों के कारण देखा जाता है। किसी को लाल और पलकों की सूजन, जलन और पानी बहता है। आंखों के चारों ओर परतदार स्किन जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। ब्लेफेराइटिस से अंधापन नहीं होगा, लेकिन यह कई अन्य परेशानियों को पैदा कर सकता है जैसे कि पलकें गिर सकती हैं।

यूवाइटिस

यह यूविया आईरिस युक्त नेत्रगोलक की मध्य परत की सूजन है। यह सोरायसिस, दाद संक्रमण, या रुमेटीइड गठिया जैसी स्थितियों से जुड़ा है। किसी को धुंधली दिखने, आंखों की लाली और फ्लोटर्स जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं।

केराटाइटिस


इसे कॉर्निया की सूजन या संक्रमण के रूप में जाना जाता है। लेंस का दुरुपयोग संक्रमण का कारण हो सकता है। लंबे समय तक लेंस पहनने, उनकी सफाई न करने से कॉर्निया में कीटाणुओं के आने का खतरा बढ़ सकता है। इसका तुरंत इलाज न करने से कॉर्निया पर निशान पड़ सकते हैं और नजरें खराब हो सकती हैं।



दूध में तुलसी की पत्तियां डालकर पिएं

दूध पोषण के लिहाज से अमृत के समान है और तुलसी को औषधि के रूप में प्रयोग किया जाता है जो आपकी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर कई रोगों से आपकी रक्षा करती है। इन दोनों का मिश्रण कर लिया जाएं, तो पोषण के साथ-साथ सेहत और उससे जुड़े कई फायदे पाए जा सकते हैं। अब जब भी आप दूध पिएं, उसमें तुलसी की पत्तियां डालें और पाएं यह फायदे -

- दमा के मरीजों के लिए यह उपाय फायदेमंद है। खास तौर से मौसम में बदलाव होने पर होने वाली सांस संबंधी समस्याओं से बचने के लिए दूध और तुलसी का यह मिश्रण बेहद लाभकारी होता है।
- सिर में दर्द या माइग्रेन की समस्या होने पर यह उपाय आपको रोहत देगा। जब भी माइग्रेन का दर्द हो आप इसे पी सकते हैं, रोजाना इसका सेवन करने से आपकी समस्या भी खत्म हो सकती है।
- तनाव अगर आपके जीवन का भी अभिन्न अंग बन गया है, तो दूध में तुलसी के पत्तों को उबालकर पिएं, आपका तनाव दूर होगा और धीरे-धीरे तनाव की समस्या ही समाप्त हो जाएगी।
- हृदय की समस्याओं में भी यह लाभदायक है। सुबह खाली पेट इस दूध को पीने से हृदय संबंधी रोगों में लाभ पाया जा सकता है। इसके अलावा यह किडनी में होने वाली पथरी के लिए भी अच्छा उपचार है।
- तुलसी में कैंसर कोशिकाओं से लड़ने का गुण होता है, अत: इसका सेवन आपको कैंसर से बचा सकता है। इसके अलावा सर्दी के कारण होने वाली सेहत समस्याओं में भी यह कारगर उपाय साबित होगा।





मेटाबॉलिक सिंड्रोम बढ़ा सकता है ब्लड प्रेशर और मोटापे का खतरा

पतियों का शौक पत्नियों को बीमार कर रहा है। मेडिकल कॉलेज की एक स्टडी के मुताबिक सीओपीडी (क्रॉनिक ऑब्सट्रेक्टिव पल्मोनरी डिसीज) ग्रस्त महिलाओं में से 55 प्रतिशत को यह बीमारी उनके चेन स्मोकर पतियों की वजह से हुई। लगातार धुएं से वह पैसिव स्मोकर बन गईं और खतरनाक सीओपीडी ने उन्हें चपेट में ले लिया। इनमें से ज्यादातर में मेटाबॉलिक सिंड्रोम भी पाया गया है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के चेस्ट विभाग की टीम ने यह स्टडी की, जिसमें सीओपीडी के 170 मरीजों को शामिल किया गया। दो साल तक लगातार इन मरीजों पर स्टडी हुई। परिणाम ने यह भ्रम तोड़ दिया है कि धूम्रपान न करने वाले सीओपीडी से बच सकते हैं। स्टडी में 46 फीसदी मरीज नॉन स्मोकर मिले। इनकी उम्र 35 से 87 साल के बीच थी। स्टडी में शामिल नॉन स्मोकर महिलाओं में 55 फीसदी के पति या घर का कोई पुरुष सदस्य चेन स्मोकर निकला। बाकी महिलाएं लंबे समय से बायोमास फ्यूल का इस्तेमाल कर रही थीं।

सिगरेट छोड़ने के बरसों बाद बीमारी

स्टडी में यह भी सामने आया कि सीओपीडी के शिकार 463 फीसदी पुरुष पहले सिगरेट पीते थे लेकिन जब उन्हें बीमारी हुई, तब उन्हें सिगरेट छोड़े कई साल बीत चुके थे। स्टडी में सिर्फ 134 फीसदी स्मोकर्स में सीओपीडी मिली।

हर मरीज में मिला मेटाबॉलिक सिंड्रोम

स्टडी में सीओपीडी के हर मरीज में मेटाबॉलिक सिंड्रोम मिला। स्टेज वन में कम तो स्टेज टू और थ्री में ज्यादा मरीज मिले। मेटाबॉलिक सिंड्रोम की स्टेज फोर में सबसे कम मरीज थे।

स्टडी में यह भी सामने आया कि सीओपीडी के शिकार 46.3 फीसदी पुरुष पहले सिगरेट पीते थे लेकिन जब उन्हें बीमारी हुई, तब उन्हें सिगरेट छोड़े कई साल बीत चुके थे। स्टडी में सिर्फ 134 फीसदी स्मोकर्स में सीओपीडी मिली।

मेटाबॉलिक सिंड्रोम कोई बीमारी नहीं बल्कि स्थिति है। इसमें शरीर में रोग के कारक बढ़ जाते हैं। हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, मोटापा और अनियंत्रित कोलेस्ट्रॉल इन चारों के संयुक्त रूप को मेटाबॉलिक सिंड्रोम कहते हैं। मेटाबॉलिक सिंड्रोम की कंडीशन होने पर हाई बीपी की समस्या, हाई शुगर, और कमर पर एक्सट्रा फैट जम जाता है। इसके साथ ही मेटाबॉलिक सिंड्रोम होने पर कोलेस्ट्रॉल लेवल असामान्य तरीके से बढ़ जाता है। सिंड्रोम के कारण हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। जरूरी दवाओं के साथ लाइफस्टाइल में बदलाव करने से आप इस समस्या से बाहर निकल सकते हैं।

स्टडी के चीफ गाइड प्रो. सुधीर चौधरी के मुताबिक बीपी, शुगर, मोटापा और कोलेस्ट्रॉल का असंतुलित होना सिंड्रोम है, जो कई बड़े रोगों की वजह बनता है। हार्ट, किडनी और ब्रेन की बीमारियां हो सकती हैं। किसी भी संक्रमण के लिए ऐसा शरीर आसान शिकार बनता है। मानक से असंतुलन होने पर मरीज को इस सिंड्रोम से ग्रस्त माना जाता है।

स्टडी ने यह साबित किया है कि सीओपीडी नॉन स्मोकर्स को भी हो सकती है। सिगरेट और उसके प्रदूषण के साथ बायोमास फ्यूल एक्सपोजर से सीओपीडी बीमारी मरीजों में मिली। घरेलू महिलाओं ने कभी धूम्रपान नहीं किया, फिर भी उन्हें यह बीमारी मिली ।





डिप्रेशन से छुटकारा पाने में आपकी मदद करेंगी ये चीजें

डिप्रेशन या अवसाद एक मानसिक बीमारी है जिसे ज्यादातर लोग ठीक तरह से समझ नहीं पाते हैं। यदि कोई व्यक्ति अवसाद से ग्रस्त है तो उसे क्या खाना चाहिए और क्या नहीं? इस बात का ध्यान रखा जाना बेहद जरूर है। अवसाद के कारण और लक्षणों को ध्यान में रखते हुए आप अपने आहार में कुछ ऐसी चीजों को शामिल कर सकते हैं जो इससे बाहर निकलने में आपकी मदद करें।

कैमोमाइल

कई लोग कैमोमाइल चाय का सेवन करते हैं, क्योंकि इसमें सूजन-रोधी, बैक्टीरिया-रोधी, एंटीऑक्सीडेंट और आराम देने वाले गुण होते हैं। ऐसा माना जाता है कि कैमोमाइल में मौजूद फ्लेवोनॉयड्स की वजह से ही इसमें अवसाद को कम करने की शक्ति होती है। कैमोमाइल चिंता के लक्षणों को कम कर सकता है।

दही

दही में लैक्टोबेसिलस और बिफिडोबैक्टीरिया नामक स्वस्थ बैक्टीरिया होते हैं। कई अध्ययनों में सामने आया है कि ये दोनों बैक्टीरिया मस्तिष्क पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। रोजाना दही का सेवन कर चिंता, अवसाद और स्ट्रेस को कम किया जा सकता है।

ग्रीन टी

ग्रीन टी में थायमिन नामक अमीनो एसिड होता है जो कि मूड से जुड़े विकारों को ठीक करने की शक्ति रखता है। थायमिन में अवसाद-रोधी और दिमाग को आराम देने वाले गुण होते हैं एवं यह सेरोटोनिन और डोपामाइन के उत्पादन में भी वृद्धि करता है। अवसाद से निपटने के लिए आप बड़ी आसानी से अपनी जीवनशैली में ग्रीन टी को शामिल कर सकते हैं।

एवोकैडो

मूड को बेहतर करने वाले सेरोटोनिन को एवोकैडो से भी बढ़ाया जा सकता है। इसमें विटामिन-बी के अलावा थायमिन, राइबोफ्लेविन और नियासिन होता है जो कि तंत्रिका तंत्र पर सकारात्मक असर डालता है। इन विटामिनों की कमी की वजह से कुछ लोगों में चिंता यानी एंग्जयाटी के मामले सामने आए हैं।

कद्दू के बीज

कद्दू के बीज पोटाशियम का उत्तम स्रोत होते हैं जो कि शरीर में इलेक्ट्रोलाइट को संतुलित रखने और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में मदद करता है। कद्दू के बीज स्ट्रेस और चिंता के लक्षणों को कम करने की शक्ति रखते हैं। ड्रिपेशन के कारण और लक्षणों की पहचान करने के आप अपने आहार में कद्दू के बीज जरूर शामिल करें। इनमें मिनरल जिंक भी होता है जो कि मूड को अच्छा रखता है। स्वस्थ व्यक्ति भी कद्दू के बीजों का सेवन कर सकते हैं।

सूखे मेवे

काजू, ब्राजील नट और हेजल नट में भी ओमेगा-3 फैटी एसिड भरपूर मात्रा में होता है। इसमें अखरोट का नाम सबसे ऊपर आता है। अखरोट मस्तिष्क को स्वस्थ रखने का काम करता है, क्योंकि इसमें प्रचुरता से पौधों से प्राप्त ओमेगा-3 होता है। ये प्रोटीन का भी बेहतरीन स्रोत है जिससे ब्लड शुगर के लेवल को संतुलित रखने में मदद मिलती है।

अंडे

अंडे की जर्दी विटामिन-डी का बेहतरीन स्रोत होती है। इसमें प्रोटीन भी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है जिससे शरीर को सभी प्रकार के जरूरी अमीनो एसिड मिलते हैं। ये शरीर के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। अंडे में ट्रिप्टोफेन नामक अमीनो एसिड होता है जो कि सेरोटोनिन बनाने में मदद करता है। सेरोटोनिन एक केमिकल न्यूरोट्रांस्मीटर है जो कि मूड, नींद, याद्दाश्त और व्यवहार को नियंत्रित करने में सहायक होता है। ऐसा माना जाता है कि सेरोटोनिन मस्तिष्क के कार्य में सुधार लाने और चिंता से राहत दिलाने का भी काम करता है।

हल्दी

हल्दी में करक्यूमिन नामक तत्व होता है जो कि सूजन और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस (शरीर में फ्री रेडिकल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स के बीच असंतुलन) को कम कर चिंता में कमी लाता है। मूड से जुड़े विकारों जैसे कि चिंता और डिप्रेशन में इन दोनों में अक्सर इजाफा आ जाता है।

ओला, उबर की तरह कैब सेवा शुरू करने जा रही सरकार

नईदिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार अब ओला और उबर की तरह टैक्सी सेवा शुरू करने जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में एलान किया है कि सरकार ड्राइवरों को राहत देने के लिए सहकार टैक्सी योजना शुरू करने जा रही है। इसमें सहकारी समितियां दोपहिया, टैक्सी, रिक्शा और चार पहिया वाहनों को पंजीकृत करा सकेंगीं। लोकसभा में योजना की जानकारी देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहकार से समृद्धि के ध्येय पर काम कर रही है। यह केवल एक नारा नहीं है। इसे जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए सहकारिता मंत्रालय पिछले साढ़े



तीन साल से काम कर रहा है। जल्द ही आने वाले महीनों में एक बड़ी सहकारी टैक्सी सेवा शुरू की जाएगी। इसका ड्राइवरों को सीधा लाभ मिलेगा। ओला, उबर के खिलाफ अलग-अलग किराया वसूलने की मिली थीं शिकायतें दिसंबर 2024 में सरकार को शिकायत मिली थी कि कैब कंपनियां, विशेषकर उबर और ओला, आईफोन तथा एंड्रॉयड फोन का उपयोग करने वाले ग्राहकों से अलग-अलग किराया वसूल कर रही हैं। इसके बाद केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने दोनों कंपनियों को नोटिस जारी किया था। आरोपों को खारिज करते हुए ओला ने कहा था कि कंपनी के पास सभी ग्राहकों के लिए एक समान मूल्य निर्धारण संरचना है। ओला ने एक बयान में कहा था कि समान सवारी के लिए उपयोगकर्ता के सेलफोन के ऑपरेटिंग सिस्टम के आधार पर भेदभाव नहीं करते हैं। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, हमने सीसीपीए को यह स्पष्ट कर दिया है, और हम इस संबंध में किसी भी गलतफहमी को दूर करने के लिए उनके साथ मिलकर काम करेंगे।

एसी की ऊर्जा दक्षता को दोगुना कर बिजली संकट टाल सकता है भारत

नईदिल्ली, एजेंसी। भारत में अगले दशक में रूम एयर कंडीशनर (एसी) की संख्या में 13-15 करोड़ की बढ़ोतरी होगी। इससे 2035 तक देश की अधिकतम बिजली मांग 180 गीगवाट से अधिक बढ़ सकती है, जो कुल अनुमानित मांग का 30 फीसदी है। इससे देश में बिजली संकट उत्पन्न हो सकता है।
कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के भारत ऊर्जा एवं



जलवायु केंद्र (आईईसीसी) के अध्ययन में कहा गया, भारत अगले 10 वर्षों में कमरे के एसी की ऊर्जा दक्षता को दोगुना कर गंभीर बिजली संकट से बच सकता है और ग्राहकों को 2.2 लाख करोड़ रुपये तक की बचत करा सकता है। अध्ययन के मुताबिक, बिजली की मांग बढ़ाने में एसी की सबसे अधिक भूमिका होती है। आर्थिक विकास और एसी की बढ़ती मांग के कारणभारत की कुल बिजली खपत में घरेलू क्षेत्र का हिस्सा 2012-13 के 22 फीसदी से बढ़कर 2022-23 में 25 फीसदी हो गया है। चालू वित्त वर्ष में बिकेंगे 14 लाख एसी गर्मी जल्द शुरू होने से चालू वित्त वर्ष में देश में 14 लाख यूनिट एसी बिकने की उम्मीद है।

टिक टॉक बेचो, टैक्स में छूट पाओ...

डील फाइनल के करने के लिए ट्रंप ने चीन को दी धमकी

नई दिल्ली, एजेंसी। क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टिक टॉक को बेचने के लिए मजबूर कर रहे हैं ट्रंप ने कहा है कि अगर चीन टिक टॉक को बेचता है तो वह चीन पर लगे टैक्स (टैरिफ) में थोड़ी छूट दे सकते हैं। ट्रंप ने कहा, शायद मैं इसे पूरा करने के लिए टैरिफ में थोड़ी कमी कर दूं या कुछ और करूं। इसका मतलब है कि ट्रंप टिक टॉप डील को फाइनल करने के लिए चीन को कुछ फायदे दे सकते हैं। ट्रंप ने कहा कि टिक टॉक पर चीन के साथ किसी तरह का समझौता होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर यह समय पर नहीं हुआ तो वह डेडलाइन को 5 अप्रैल से आगे बढ़ा देंगे। ट्रंप ने कहा, चीन को इसमें एक भूमिका निभानी होगी, संभवतः मंजूरी के रूप में और मुझे लगता है कि वे ऐसा करेंगे। मतलब, चीन की मंजूरी इस डील के लिए जरूरी है।

अमेरिका में संकट में टिक टॉक

टिक टॉक की मुश्किलें अमेरिका में तब शुरू हुईं, जब एक अमेरिकी कानून में कहा गया कि इस ऐप को अपनी चीनी पैरेंट कंपनी बाइटडांस से अलग होना होगा। ऐसा



इसलिए है क्योंकि अमेरिका को डर है कि चीन इस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल अमेरिकियों पर नजर रखने या उन्हें प्रभावित करने के लिए कर सकता है।

यह कानून 19 जनवरी को लागू हुआ था यानी ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से पहले। हालांकि, उन्होंने बाद में एक और आदेश जारी किया, जिससे टिक टॉक का कामकाज जारी रहा। ट्रंप ने पहले भी अपने पहले कार्यकाल में टिक टॉक के अमेरिकी कामकाज पर रोक लगाने की कोशिश की थी।

ऐप स्टोर से हटा दिया था

जनवरी में टिक टॉक ने कुछ समय के लिए अमेरिका में काम करना बंद कर दिया था और ऐप स्टोर्स से इसे हटा दिया गया था। ऐसा डेडलाइन करीब आने की वजह से हुआ था, जिससे लाखों यूजर्स प्रभावित हुए थे। 20 जनवरी को अपना दूसरा कार्यकाल शुरू करने के बाद ट्रंप ने चीन के साथ समाधान खोजने के लिए बैन को 75 दिनों के लिए रोक दिया। फरवरी में टिक टॉक ने अमेरिका में अपनी सेवाएं फिर से शुरू कर दीं और एप्पल और गूगल के प्लेटफॉर्म पर वापस आ गया।

कौन खरीदना चाहता है इसे

हाल ही में एआइ (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) कंपनी पर्पलटी ने टिक टॉक को खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। इस अमेरिकी कंपनी ने एक ब्लॉग पोस्ट में बताया कि वो अपनी एआई सर्च टेक्नोलॉजी को टिक टॉक के वीडियो शेयरिंग प्लेटफॉर्म के साथ जोड़ना चाहती है। सैन फ्रांसिस्को स्थित पर्पलटी ने कहा, पर्पलटी के आंसर इंजन को टिक टॉक की विशाल वीडियो लाइब्रेरी के साथ मिलाकर हम दुनिया का सबसे अच्छा सर्च एक्सपीरियंस बना सकते हैं।

7000 पर जाएगा टाटा का यह शेयर, खरीदने की मची लूट

24 में से 17 एक्सपर्ट की सलाह- खरीदो



नई दिल्ली, एजेंसी। टाटा ग्रुप की कंपनी ट्रेंट लिमिटेड के शेयर आज गुरुवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर आज शुरुआती कारोबार में ही 2.3 प्रतिशत चढ़कर 5445 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। दरअसल, ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म मैक्वेरी ने टाटा समूह के ट्रेंट पर 'आउटपरफॉर्म' रेटिंग के साथ कवरेज शुरू की है। ब्रोकरेज ने स्टॉक के लिए 7,000 का टारगेट रखा है, जो बुधवार के बंद भाव 5318.85 रुपये से 32 प्रतिशत की संभावित बढ़त दिखा रहा है।

ब्रोकरेज ने क्या कहा

मैक्वेरी ने अपने नोट में लिखा है कि ट्रेंट वैल्यू-टू-मिड-प्रीमियम सेगमेंट में भारत का अग्रणी फैशन रिटेलर है, जो विकास, रिटर्न प्रोफाइल और इन्वेंट्री टर्नओवर में अपने एशियाई कम्पिटिटर से बेहतर परफॉर्म कर रहा है। ब्रोकरेज को उम्मीद है कि यह गति जारी रहेगी। ब्रोकरेज ने कहा कि भारत में फैशन के क्षेत्र में बढ़ते विवेकाधीन खर्च पर आधारित ट्रेंट एशिया में कुछ बेहतरीन खुदरा बिक्री मीट्रिक्स का दावा करता है। बता दें कि हाल ही में कंपनी ने यह घोषणा की है कि उसके ब्रांड वेस्टसाइड ने कई शहरों में तीन और स्टोर खोले हैं, जिससे उसके स्टोर की कुल संख्या 244 हो गई है। तीन अलग-अलग एक्सचेंज फाइलिंग में, ट्रेंट ने जोधपुर, जयपुर और चेन्नई में तीन नए वेस्टसाइड स्टोर खोलने की घोषणा की।

अन्य ब्रोकरेज की राय

बता दें कि इस महीने की शुरुआत में कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने ट्रेंट को 5,150 के टारगेट प्राइस के साथ 'रिड्यूस' रेटिंग दी थी। कोटक को वेस्टसाइड और जूडियो के अपने नए स्टोरों के कारण ट्रेंट के रेवेन्यू थ्रूपुट पर दबाव देखने को मिल रहा है। इससे पहले फरवरी में गोल्डमैन सैक्स ने कहा था कि ट्रेंट के शेयरों में देखी गई कमजोरी पोजीशन जोड़ने का एक अवसर है।

ट्रंप टैरिफ का झटका, टाटा मोटर्स के शेयर हुए धड़ाम, 6 प्रतिशत से ज्यादा लुढ़के

नईदिल्ली, एजेंसी। टाटा मोटर्स के शेयर गुरुवार को धड़ाम हो गए हैं। ऑटोमोबाइल कंपनी के शेयर बीएसई में 6 पर्सेंट से ज्यादा टूटकर 661.35 रुपये पर जा पहुंचे हैं।

जगुआर लैंड रोवर की पैरेंट कंपनी टाटा मोटर्स के शेयरों में यह गिरावट अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के एक अनाउंसमेंट के बाद आई है। ट्रंप ने इंपोर्टेड कारों और हल्के ट्रकों पर 25 पर्सेंट टैरिफ लगाने की घोषणा की है। यह टैरिफ 2 अप्रैल 2025 से प्रभावी होंगे। टाटा मोटर्स के अलावा दूसरी ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट्स कंपनियों के शेयरों में भी गिरावट देखने को मिली है।

JLR के लिए अहम मार्केट है अमेरिका- जगुआर लैंड रोवर के लिए अमेरिका एक बेहद अहम मार्केट है। जेएलआर की फाइनेंशियल ईयर 2024 की सालाना रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी की टोटल सेल्स में यूएस मार्केट की हिस्सेदारी 22 पर्सेंट रही है।

अगर पिछले छह महीने में टाटा मोटर्स के शेयर परफॉर्मेंस की बात करें तो कंपनी के शेयरों में 30 पर्सेंट से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। टाटा मोटर्स के शेयर 27 सितंबर 2024 को 993 रुपये पर थे। ऑटोमोबाइल कंपनी के शेयर 27 मार्च 2025 को लुढ़ककर 661.35 रुपये पर पहुंच गए हैं।

भारतीय उद्योगपतियों को रास नहीं आ रहा अपना ही देश



नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के 22 फीसदी अमीरों को अपना ही देश रास नहीं आ रहा। कोटक प्राइवेट की एक रिपोर्ट के अनुसार 22 फीसदी भारतीय रहने की स्थिति, विदेशों में बेहतर जीवन स्तर और आसान कारोबारी माहौल के कारण दूसरे देश में बसने की इच्छा रखते हैं। कोटक प्राइवेट द्वारा मंगलवार को जारी सर्वेक्षण रिपोर्ट में ये खुलासा हुआ है। देश के 150 अमीर लोगों पर हुए सर्वेक्षण में ये नतीजा सामने आया है। दो तिहाई लोग इसलिए विदेश में बसना चाहते हैं, क्योंकि वहां कारोबार करना आसान है। पांच देश पहली पसंद- देश के जो अमीर विदेशों में बसना चाहते हैं उनकी पहली पसंद अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) है। सर्वेक्षण में लोगों ने बताया कि वे यूएई में उसके गोल्डन वीजा योजना के कारण बसना चाहते हैं क्योंकि इसके कई लाभ हैं।

क्या पूरा पैसा भी भारत से ले जाएंगे

कोटक महिंद्रा बैंक की अध्यक्ष गौतमी गवांकर का कहना है कि अमीरों के विदेश जाने का मतलब ये नहीं है कि वे अपना पूरा पैसा भी भारत से ले जाएंगे। ऐसा इसलिए है क्योंकि कुछ नियम और शर्तें हैं, जिसके तहत कोई व्यक्ति ऐसा नहीं कर सकता है।

अस्पतालों की नहीं चलेगी मनमानी, सरकार लाएगी नया नियम

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार देशभर के अस्पतालों, नर्सिंग होम और जांच केंद्रो में बिलिंग प्रक्रिया को पारदर्शी और एकसमान बनाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए सरकार जल्द ही सभी स्वास्थ्य संस्थानों के लिए एक मानकीकृत बिलिंग प्रारूप पेश करेगी। इसमें इलाज के खर्च का स्पष्ट और विस्तृत ब्यौरा देना अनिवार्य होगा। इस कवायद का मकसद बिलिंग में होने वाली गड़बड़ियों और अस्पतालों की मनमानी को रोकना है।

मामले से जुड़े सूत्रों के अनुसार, इस नए बिलिंग प्रारूप को भारतीय मानक ब्यूरो और स्वास्थ्य मंत्रालय मिलकर तैयार कर रहे हैं। बीआईएस ने पिछले साल इस प्रक्रिया को शुरू किया था और इसके लिए स्वास्थ्य क्षेत्र के विशेषज्ञों, मरीजों के संगठनों और अन्य हितधारकों से सलाह ली है।

नए प्रारूप में बिल में शामिल होने वाली अनिवार्य और वैकल्पिक चीजों को भी निर्धारित किया गया है। इससे मरीजों को यह समझने में आसानी होगी कि उनके पैसे का उपयोग कहां हुआ।



मरीजों को होगा बड़ा फायदा- इस नए प्रारूप के लागू होने से मरीजों को कई तरह के फायदे होंगे। सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि उन्हें अपने बिल का हर हिस्सा समझने का मौका मिलेगा। अभी कई बार बिल में एकमुश्त राशि लिखी होती है, जिसमें यह नहीं बताया जाता कि कितना पैसा किस चीज पर खर्च हुआ। नए नियम में जरूरत पड़ने पर वे बिल की जांच कर सकेंगे और गलत शुल्क लगने पर शिकायत कर सकेंगे।

ये जानकारियां जरूरी

- **चिकित्सा प्रक्रिया** -इसके तहत प्रतिदिन कमरे का किराया, कमरे का प्रकार, डॉक्टर और विशेषज्ञ परामर्श के लिए शुल्क, सर्जरी शुल्क, सर्जन शुल्क, एनेस्थीसिया शुल्क, ऑपरेशन थिएटर चार्ज, रोजाना होने वाली सभी जांचों की सूची (ब्लड जांच, एक्स-रे, एमआरआई) जैसे सभी शुल्कों का स्पष्ट विवरण शामिल होगा।
- **दवाएं**- वितरित दवाओं की सूची, प्रत्येक दवा की मात्रा और कीमत, बैच संख्या और समाप्ति तिथि, चिकित्सा उपभोग्य वस्तुएं और डिस्पोजेबल, सीरिंज, दस्ताने, कैथेटर इत्यादि जैसी वस्तुएं, प्रत्येक वस्तुओं की मात्रा और कीमत, बैच संख्या और समाप्ति तिथि और नर्सिंग शुल्क भी शामिल होंगे।
- **अन्य ब्योरा** - इसके तहत उपस्थित डॉक्टरों का पदनाम, छूट या रियायतें, आपातकालीन संपर्क या अन्य जरूरी चिकित्सा जानकारी जैसे विवरण शामिल हो सकते हैं।

पढ़-लिखकर नौकरी की जगह भाई-बहन की जोड़ी ने किया अपना काम, अब बंपर कमाई



नई दिल्ली, एजेंसी। नासिक के रहने वाले निशा और भूषण जाधव भाई-बहन हैं। उनकी जोड़ी ने शिक्षा और शौक को मिलाकर एक सफल बिजनेस शुरू किया है। उन्होंने द फूड फैंटेसी नाम से एक फूड ट्रक की शुरुआत की है। निशा एमबीए हैं। भूषण ने होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई की है। नौकरी करने के बजाय उन्होंने अपना बिजनेस करने का फैसला किया। सिर्फ चार महीने में ही उनका फूड ट्रक हर महीने 70,000 रुपये कमाने लगा। भाई-बहन साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखते हैं। खुद ही बर्गर, पिज्जा और मोमोज जैसे लोकप्रिय व्यंजन बनाते हैं। हर शाम उनके फूड ट्रक के सामने खाने वालों की भीड़ लग जाती है। आइए, यहां निशा और भूषण जाधव की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

पढ़े-लिखे हैं भाई-बहन - निशा और भूषण जाधव नासिक से हैं। वे भाई-बहन हैं। उन्होंने मिलकर द फूड फैंटेसी नाम का फूड ट्रक शुरू किया है। निशा ने एबीए किया हुआ है। वहीं, भूषण ने होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई की है। दोनों ने नौकरी करने की जगह अपना बिजनेस शुरू करने के बारे में सोचा। फिर बिना देरी किए इस दिशा में कदम बढ़ा दिए।

कुछ महीनों में ही बंपर कमाई - निशा और भूषण का फूड ट्रक अभी कुछ महीने पहले ही शुरू हुआ है। लेकिन, यह बहुत जल्दी ही सफल हो गया है। उन्हें अपने बिजनेस को ब्रेक-ईवन पर लाने में ज्यादा वक्त नहीं लगा। बिजनेस में ब्रेक-ईवन वह पॉइंट होता है जहां कुल राजस्व (कुल बिक्री) कुल लागत के बराबर होता है। अब यह फूड ट्रक हर महीने 70,000 रुपये कमा रहा है। सारे खर्च निकालने के बाद दोनों को यह कमाई होती है। निशा और भूषण खाने की चीजों को साफ-सुथरा रखते हैं। लेबर कॉस्ट कम रखने के लिए वे खुद ही बर्गर, पिज्जा और मोमोज बनाते हैं।

आत्मनिर्भर होने की खुशी

निशा और भूषण अपने बिजनेस में बहुत ज्यादा दिलचस्पी लेते हैं। दोनों इस बात से बेहद खुश हैं कि उनके बिजनेस ने उन्हें आत्मनिर्भर बनाया है। उन्हें उम्मीद है कि वे जल्द ही कई लोगों को रोजगार देने की स्थिति में होंगे। इस बिजनेस के कारण उन्हें अपने सपनों को पूरा करने में मदद मिली है। वे अब अपने फैसले खुद ले सकते हैं और जो करना चाहते हैं, वो कर सकते हैं।

मनोबल बढ़ाती है यह जोड़ी

भाई-बहन की यह जोड़ी लोगों को बहुत प्रेरित करती है। यह उन युवाओं के लिए भी एक उदाहरण है जो अपना बिजनेस शुरू करना चाहते हैं। निशा और भूषण की कहानी दिखाती है कि अगर आपमें कुछ करने का जुनून है तो आप अपनी पढ़ाई और हुनर का इस्तेमाल करके सफल हो सकते हैं। इसमें कोई भी चीज बाधा नहीं बन सकती है।

देशभर में कई जगहों पर यूपीआई सेवा हुई ठप

उपयोगकर्ताओं को भुगतान करने में हो रही परेशानी



नईदिल्ली, एजेंसी। देश में यूपीआई की सेवा कई जगहों पर ठप हो गई है, जिससे लोगों को डिजिटल भुगतान करने में दिक्कत हो रही है। कई उपयोगकर्ताओं ने शिकायत की है कि उनके यूपीआई पेमेंट फेल हो रहे हैं या बहुत देर से प्रोसेस हो रहे हैं कई बैंकों के ग्राहक को यूपीआई के जरिए पैसे भेजने और रिसीव करने में दिक्कत आ रही है। यूजर्स ने यूपीआई लेन-देन से जुड़ी समस्या को लेकर अपनी शिकायत और नाराजगी इंटरनेट पर जाहिर कर रहे हैं।

सोशल मीडिया पर लोगों की प्रतिक्रियाएं- कई व्यापारियों ने बताया कि ग्राहक यूपीआई से भुगतान नहीं कर पा रहे हैं, जिससे लेन-देन भी प्रभावित हो रहा है।

ऐसी स्थिति में क्या करें

अगर आपका यूपीआई भुगतान फेल हो रहा है, तो आप कुछ समय बाद ही दोबारा कोशिश करें। लेकिन इससे पहले इस मामले से जुड़े अपडेट के लिए एनपीसीआई और अपने बैंक की आधिकारिक वेबसाइट या प्रमाणिक समाचार पत्रों के सोशल मीडिया पेज को जरूर देख लें। इसके अलावा, नेट बैंकिंग, डेबिट/क्रेडिट कार्ड या कैश के जरिए अपने सभी भुगतान करें।

एनपीसीआई की आधिकारिक प्रतिक्रिया- वहीं इस मामले पर यूपीआई का संचालन करने वाली संस्था नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने प्रतिक्रिया दी है। भुगतान नियामक ने एक्स पर कहा, एनपीसीआई को बीच-बीच में तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ा था, जिसके कारण यूपीआई में आंशिक गिरावट आई थी। अब इसे सुलझा लिया गया है और सिस्टम स्थिर हो गया है। असुविधा के लिए खेद है। जानकारी के अनुसार शाम सात बजे के बाद अचानक से यूपीआई से भुगतान फेल होने की शिकायतों की बाढ़ सी आ गई है।



अवनीत कौर ने प्लास्टिक सर्जरी कराने की खबरों को नकारा

टेलीविजन से अपना करियर शुरू करने वाली अभिनेत्री अवनीत कौर ने बॉलीवुड तक का सफर तय किया है। अवनीत सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। हाल ही में अवनीत एक बार फिर सुर्खियों में तब आ गईं जब उनको लेकर ये कहा जाने लगा कि अवनीत ने प्लास्टिक सर्जरी कराई है। ये चर्चाएं काफी तेजी से फैल रही हैं। अब इन चर्चाओं पर अवनीत ने अपनी प्रतिक्रिया दी है और इन्हें अफवाह बताया है।

अवनीत ने उनको लेकर हो रही चर्चाओं और उनके शारीरिक बनावट में बदलाव को लेकर बात करते हुए कहा, मुझे लगता है कि मैं कैमरे के सामने बड़ी हो गई हूं। कभी-कभी मुझे अभी भी बहुत अजीब लगता है जब लोग कहते हैं कि उसने अपने चेहरे पर बहुत कुछ करवाया या वो बहुत बदल गई है और बिल्कुल अलग दिखती है। जब आपने मुझे देखा था तो मैं सिर्फ 7 या 8 साल की सचमुच एक बच्ची थी। तब से अब में वाकई बहुत बदलाव आया है। अब मैं 23 साल की हूं, तो बदलाव आना स्वाभाविक है। उम्र के साथ आप बड़े होते हैं और आपकी शारीरिक बनावट बदल जाती है।

मैं फिलर्स नहीं करवाती हूं

अभिनेत्री ने उनके प्लास्टिक सर्जरी कराने की अफवाहों का खंडन किया और अपनी खूबसूरती के रहस्य के बारे में भी बताते हुए कहा, मैं फिलर्स नहीं करवाती, लेकिन मैं फेशियल करवाती हूं और अपनी स्किन का बहुत ध्यान भी रखती हूं। मैं अपनी त्वचा को कसने और उसमें निखार लाने के लिए सबकुछ करती हूं। मैंने अपने शारीरिक बनावट को बदलने के लिए कुछ नहीं किया है, जैसे नाक की सर्जरी या कुछ भी। मेरे फीचर्स काफी अच्छे हैं।

डांस रियलटी शो से की करियर की शुरूआत

अवनीत ने 2010 में एक डांस शो 'डांस इंडिया डांस, लिटिल मास्टर्स' में भाग के लेकर अपने करियर की शुरूआत की थी। बाद में 2012 में 'मेरी मां' शो से उन्होंने अपने एक्टिंग करियर का आगाज किया। इसके बाद वो कई टीवी सीरियल्स में दिखाई दीं। उन्होंने बॉलीवुड में डेब्यू रानी मुखर्जी की फिल्म 'मर्दानी' से किया। इसके बाद अवनीत 2023 में आई फिल्म 'टीकू वेड्स शेरू' में अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ पहली बार प्रमुख भूमिका में नजर आई।



शबाना आजमी के जैसा बनना चाहती हैं शालिनी पांडे

साउथ से लेकर बॉलीवुड फिल्मों में भी नजर आ चुकीं अभिनेत्री शालिनी पांडे ने हाल ही में आई नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज 'डब्बा कार्टेल' की अपनी सह कलाकार व दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी की तारीफ की है और उन्हें अपना मार्गदर्शक बताया है। साथ ही शालिनी ने शबाना आजमी के साथ काम करने के अपने अनुभवों को भी साझा किया है।


खुद को भाग्यशाली मानती हैं शालिनी

शालिनी पांडे ने शबाना आजमी की तारीफ करते हुए कहा, मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं कि मै उन्हें (शबाना आजमी) एक इंसान के रूप में करीब से जान पाई हूं। अगर मुझे जीवन में आगे बढ़ना है, तो मैं खुद को उनके जैसा ही बनाना चाहती हूं। मैं उन्हें अपना मार्गदर्शक मानती हूं। उनसे सेट पर काफी कुछ सीखने को मिला। आगे शबाना आजमी की तारीफ करते हुए अभिनेत्री शालिनी ने डब्बा कार्टेल में उनके साथ काम करने के अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा, मेरी पसंदीदा सह-कलाकार शबाना आजमी ही हैं। मुझे उनके साथ काम करके बहुत मजा आया, वह बहुत प्यारी हैं। मैंने उनके साथ सेट पर काफी मस्ती भी की।



डब्बा कार्टेल में बनीं थी शबाना आजमी की बहू

वर्कफ्रंट की बात करें तो शालिनी पांडे आखिरी बार इसी साल आई नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज 'डब्बा कार्टेल' में नजर आई थीं। ड्रग माफियाओं की कहानी को दिखाती इस सीरीज में शालिनी ने राजी नाम की महिला का किरदार निभाया था, जो शबाना आजमी की बहू बनी हुई है। इस सीरीज को दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों की ओर से काफी सराहा गया था। अब शालिनी पांडे प्राइम वीडियो की फिल्म 'बैंड वाले' में नजर आएंगी। इसमें उनके साथ जहान कपूर और स्वानंद किरकिरे भी दिखाई देंगे। इसके अलावा शालिनी धनुष के साथ एक फिल्म में भी नजर आएंगी।



जलियावाला बाग पर बेस्ड है केसरी चैप्टर 2

के सरी चैप्टर 2 का रोंगटे खड़े कर देने वाला टीजर सामने आ गया है। अक्षय कुमार की ये फिल्म जलियांवाला बाग हत्याकांड की अनसुनी कहानी पर बेस्ड है। इसके टीजर की शुरुआत कुछ डायलॉग्स से होती है। गोलियों की आवाज, चीखें और बढ़ता तनाव एक ऐसा माहौल बनाते हैं जो दर्शकों को आगे के सीन के लिए एक्साइट करते हैं। इसके बाद अमृतसर के गोल्डन टेंपल की झलक दिखाई जाती है जहां अक्षय मत्था टेकते नजर आते हैं। इसके बाद वे वकील के रूप में कोर्ट में दिखाई देते हैं। अक्षय इशमें सर सी. शंकरन नायर का रोल निभाएंगे, जो एक निडर वकील हैं। उन्होंने जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद ब्रिटिश साम्राज्य से लोहा लेने की हिम्मत की थी। टीजर में एक डायलॉग भी है- आज तक क्राउन से कोई नहीं जीता है। मत भूलो कि तुम अभी भी ब्रिटिश सरकार के गुलाम हो। यह फिल्म पुष्पा पलात और रघु पलात की लिखी किताब द केस दैट शुक द एम्पायर पर बेस्ड है। करण सिंह त्यागी के डायरेक्शन और धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनी ये फिल्म 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।


ढाई साल से फिल्मों से दूर आमिर खान ने शुरू किया यूट्यूब चैनल

आमिर खान काफी दिनों से फिल्मों से दूर हैं। साल 2022 में उनकी फिल्म लाल सिंह चड्ढा आई थी। इसके बाद उनकी कोई फिल्म नहीं आई है। अब उन्होंने एक बड़ा एलान किया है। वह अपना एक यूट्यूब चैनल लेकर आने वाले हैं। वह यह यूट्यूब चैनल क्यों लाने वाले हैं और इसके पीछे का क्या मकसद है?

आमिर खान टॉकीज नाम के यूट्यूब चैनल ने यूट्यूब पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में आमिर खान ने बताया है कि उन्होंने एक यूट्यूब चैनल लॉन्च किया है। इस चैनल का नाम आमिर खान टॉकीज है। इस चैनल पर वह अपने करियर के बारे में बताएंगे। आमिर के मुताबिक वह हमेशा से चाहते थे कि वह एक ऐसा प्लेटफॉर्म बनाएं जहां पर वह अपनी कहानी लोगों को बता सकें। अब ये प्लेटफॉर्म बन कर तैयार हो गया है।

आमिर के चैनल में क्या होगा?

आमिर खान ने वीडियो में बताया है कि इस चैनल पर निर्देशकों के विचार होंगे। पिछले सालों में हमारी फिल्मों के साथ जो लोग जुड़े हैं उनकी क्या सोच है। एक्टर्स की बात सुनेंगे। टेक्नीशियन की बात सुनेंगे। लेखकों की बात सुनेंगे। कुछ चीजें मैं भी आपसे शेयर करूंगा। फिल्मों के सीन देखने को मिलेंगे। फिल्म बनाने के पीछे जो कहानियां होती हैं वो आप सुन पाएंगे। मेरे जहन में ये बात थी कि मैं जो कहना चाहता हूं वह मैं सीधे अपने दर्शकों के साथ कह पाऊं, बीच में और कोई न हो। इससे मुझे भी आपकी आवाज सुनने का मौका मिलेगा। आमिर खान प्रोडक्शन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा है सिनेमा। कहानियां। अनफिल्टर्ड पल। हमने ऐसी कहानियां बनाई हैं जिन्होंने आपको सालों तक हंसाया, रुलाया और सोचने पर मजबूर किया। अब, हम आमिर खान टॉकीज के साथ सिनेमा की दुनिया में आपका स्वागत कर रहे हैं।



छावा, सिकंदर के बाद द गर्लफ्रेंड पर बोलीं रश्मिका

रश्मिका मंदाना की पिछली तीन फिल्मों ने 500 करोड़ से अधिक की कमाई की। आगे वह सिंकदर और द गर्लफ्रेंड में भी दिखेंगी।

अपने किरदारों से संतुष्ट हैं या अभी और कुछ पाने की इच्छा बाकी है?

मैं कभी संतुष्ट नहीं होती। मुझे लगता है कि यह हम एक्टर्स के लिए सामान्य बात है, क्योंकि हम जो भी हासिल करते हैं, उससे आगे और बेहतर करने की चाह हमेशा रहती है। जैसे मैंने पुष्पा की और अब मैं सोचती हूं कि इससे बेहतर प्रदर्शन कैसे कर सकती हूं। मेरे लिए सबसे बड़ी बात यह है कि मैं खुद अपनी कॉम्पिटिटर हूं। मुझे पसंद नहीं कि कोई मुझसे तुलना करे या कहे कि किसी और ने मुझसे बेहतर किया।

करियर के शुरुआती दिनों के संघर्ष के बारे में बताएंगी?

ओह, वो वक्त... सच कहूं तो बहुत दर्दनाक था। ऐसा लगता था जैसे मैं पूरी ताकत से दौड़ रही हूं लेकिन मंजिल कहीं दिख ही नहीं रही। हर दिन ऐसा महसूस होता था कि बस अब और नहीं कर सकती। एक तरफ डबल शिफ्ट्स और दूसरी तरफ डायलॉग कोचिंग। कभी-कभी समझ ही नहीं आता था कि मैं यह सब क्यों कर रही हूं। उस दौर में बस एक ही बात मुझे आगे बढ़ाती थी कि एक दिन सब कुछ बदल जाएगा। आज सोचती हूं कि वो संघर्ष नहीं होता, तो शायद मैं यहां नहीं होती। अब जब तारीफ होती है तो लगता है कि इतनी मेहनत बेकार नहीं गई।


छावा के किरदार में ढलने के लिए क्या रिसर्च की थी?

छावा के लिए मेरी तैयारी किसी महारानी की तरह ही शाही रही थी। लक्ष्मण उतेकर सर से कहा, जो आप कहेंगे, मैं करूंगी। हालांकि सबसे बड़ी चुनौती लैंग्वेज थी। हिंदी मेरी मातृभाषा नहीं है लेकिन ऑडियंस के लिए इसे सीखना मेरा फर्ज था। संवादों के लिए मैंने हर दिन 3-4 घंटे मेहनत की। यह सिलसिला पांच महीनों तक चला। मेरे लिए यह सिर्फ किरदार निभाने की बात नहीं थी, बल्कि उस किरदार की आत्मा को जीने की कोशिश थी।

द गर्लफ्रेंड के बारे में कुछ शेयर करेंगी?

द गर्लफ्रेंड के बारे में... बहुत कुछ एक्साइटिंग है। मुझे लगता है कि यह एक अनोखी कहानी है। यह एक कॉन्सेप्ट है जो आज के समय की बात करता है। यह फिल्म मेरे करियर में एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है क्योंकि यह मेरी पहली सोलो फिल्म है। मैं इसे अपनी बेबी फिल्म मानती हूं और इसके लिए पूरी टीम ने बहुत मेहनत की है। कहानी को परदे पर लाने के लिए हमारी कड़ी मेहनत और जुनून साफ दिखाई देगा। मुझे यकीन है कि यह ऑडियंस को प्रभावित करेगी। यह सिर्फ एक कहानी नहीं है, बल्कि यह मेरी एक और चुनौतीपूर्ण जर्नी होगी।





अभिषेक बच्चन को अपना सबसे अच्छा को-स्टार मानते हैं जॉन

अभिनेता जॉन अब्राहम इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'द डिप्लोमेट' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस बीच जॉन अब्राहम ने बॉलीवुड के स्टारकिड्स के साथ अपने रिश्तों पर बात की और बताया कि उन्होंने कई स्टारकिड्स के साथ पढ़ाई भी की है।

अभिषेक बहुत अच्छे इंसान हैं

जूम के साथ हालिया बातचीत में जॉन अब्राहम ने कहा, मुझे इंडस्ट्री के लोग बहुत पसंद हैं। अभिषेक बच्चन मेरे सबसे अच्छे सह कलाकारों में से एक हैं। पूरी ईमानदारी से कहूं तो वो वाकई बहुत अच्छे इंसान हैं, जिनके साथ मुझे काम करने का मौका मिला। ऋतिक रोशन को मैं स्कूल के समय से जानता हूं। वो मेरे क्लासमेट थे और सबसे अच्छे लड़कों में से एक थे। उदय चोपड़ा भी मेरे क्लासमेट रहे हैं।



रणबीर कपूर थे जॉन के जूनियर

जॉन ने आगे कहा, मेरे स्कूल के कई लोग आजकल इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं। रणबीर कपूर मेरे जूनियर थे और आदित्य चोपड़ा मेरे सीनियर हुआ करते थे। जबकि आमिर खान मेरे सुपर सीनियर थे। हम सब एक ही स्कूल से हैं। उनसे मिलना और सीखना काफी अच्छा रहता है। इंडस्ट्री के लोगों से बहुत कुछ सीखने को मिलता है इंडस्ट्री के लोगों की तारीफ करते हुए अभिनेता ने कहा, इंडस्ट्री से जुड़े लोगों में एक सहजता और आत्मविश्वास होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि वो इस बिजनेस को काफी अच्छे से समझते हैं। उनका रवैया बहुत बढ़िया रहता है। वो लोग यहां के लोगों और जगहों को काफी अच्छे से जानते हैं। मैं इन लोगों से बहुत कुछ सीखता रहता हूं।

बॉक्स ऑफिस पर अभी भी टिकी है जॉन की 'द डिप्लोमेट'

वर्कफ्रंट की बात करें तो जॉन अब्राहम की हालिया रिलीज 'द डिप्लोमेट' अभी सिनेमाघरों में चल रही है। उनकी फिल्म का मुकाबला विक्की कौशल की 'छावा' से हो रहा है। 'द डिप्लोमेट' में जॉन अब्राहम के साथ कुमुद मिश्रा, शारिब हाशमी, सादिया खातीब और जगजीत संधू भी अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं।

क्रॉस-कल्चरल प्रेम कहानी है सुस्वागतम खुशामदीद

पुलकित सम्राट और इसाबेल कैफ की आगामी फिल्म सुस्वागतम खुशामदीद अपनी अनूठी प्रेम कहानी के कारण लगातार चर्चा में है। धीरज कुमार, जिन्होंने पहले शरमन जोशी के साथ काशी इन सर्च ऑफ गंगा का निर्देशन किया था, इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। अब, निर्माताओं ने इस फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा की है। यह पहले पिछले साल 22 नवंबर को रिलीज होने वाली थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका। अब यह फिल्म इसी साल 16 मई को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। निर्माताओं ने फिल्म का एक नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें पुलकित और इसाबेल की शानदार जोड़ी दिख रही है। शरवन कुमार अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, धीरज कुमार, दीपक धर, अजान अली और सुनील राव ने मिलकर इसका निर्माण किया है। यह फिल्म एक क्रॉस-कल्चरल प्रेम कहानी को दर्शाती है, जो आज की विभाजित दुनिया में एकता के महत्व पर फोकस करती है।





टॉम लैथम पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

दाहिने हाथ में फ्रैक्चर, हेनरी निकोल्स टीम में शामिल; 29 मार्च से शुरू होगी सीरीज

वेलिंगटन (एजेंसी)। न्यूजीलैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज टॉम लैथम चोट की वजह से पाकिस्तान के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज से बाहर हो गए है। प्रैक्टिस के दौरान उनका दाहिना हाथ फ्रैक्चर हो गया है। उनकी जगह बल्लेबाज हेनरी निकोल्स को टीम में शामिल किया गया है। वहीं लैथम की गैरमौजूदगी में माइकल ब्रेसवेल टीम की कमान संभालेंगे। दोनों टीमें 29 मार्च से 3 मैचों की वनडे सीरीज में भिड़ेंगी। सीरीज का आखिरी मुकाबला 5 अप्रैल को खेला जाएगा। दरअसल, लैथम को इस हफ्ते नेट पर बल्लेबाजी करते समय चोट लग गई थी। एक्स-रे के बाद पता चला कि उनके हाथ में फ्रैक्चर है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बताया कि, उन्हें कम से कम चार हफ्ते मैदान से दूर रहना होगा। टॉम लैथम ने अभी तक 157 वनडे मैच खेले हैं। हेनरी निकोल्स अभी तक 78 वनडे मैच खेल चुके है। उन्होंने अपने काफ में आई चोट के बाद छह पारियों में पांच अर्द्धशतक बनाकर घरेलू क्रिकेट से वापसी की है। वे इस मैच में लैथम की जगह बल्लेबाजी करेंगे। इस बीच सलामी बल्लेबाज विल यंग अपनी प्रेगनेंट पत्नी जेनिफर बर्मिंघम के साथ रहने के लिए दूसरे और तीसरे वनडे मैच से बाहर रहेंगे। यंग शनिवार को नेपियर में सीरीज का पहला मैच खेलेंगे।

मेसी 14 साल बाद भारत में फ्रेंडली मैच खेलेंगे



कोलकाता (एजेंसी)। लियोनेल मेसी 14 साल बाद भारत में फ्रेंडली मैच खेलने के लिए अर्जेंटीना टीम के साथ आएंगे। बुधवार को अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन इसकी घोषणा की। इससे पहले मेस्सी ने 2011 में भारत का दौरा किया था, जब अर्जेंटीना ने कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में वेनेजुएला के खिलाफ वर्ल्ड कप क्वालिफिकेशन मैच खेला था। केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमन ने पिछले साल नवंबर में अर्जेंटीना की टीम का केरल का दौरा करने और कोच्चि में दो दोस्ताना मैच खेलने की घोषणा की थी। एचएसबीसी इंडिया बुधवार को भारत में फुटबॉल के सहयोग और प्रचार के लिए अर्जेंटीना की टीम का आधिकारिक साझेदार बन गया। उसने घोषणा की कि मैच अक्टूबर में आयोजित किए जाएंगे। एचएसबीएस इंडिया ने बताया कि इस साझेदारी के तहत दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेसी समेत अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम अक्टूबर 2025 में एक अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी मैच खेलने के लिए भारत का दौरा करेगी। अर्जेंटीना ने 2022 में 36 साल बाद फुटबॉल वर्ल्ड कप खिताब जीता था। इससे पहले अर्जेंटीना 1986 में विश्प कप जीता था। कतर में खेले गए फीफा वर्ल्ड कप फाइनल में अर्जेंटीना ने फ्रांस को पेनल्टी शूट आउट में 4-2 से हरा दिया। तय 90 मिनट तक दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर रही थी। एक्स्ट्रा टाइम के बाद मुकाबला 3-3 की बराबरी पर रहा था। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट से फैसला हुआ। फाइनल में मेसी ने दो गोल किए। वहीं, फ्रांस के लिए किलियन एमबाप्पे ने हैट्रिक जमाई थी। अर्जेंटीना 1978 में पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बना था। अर्जेंटीना ने 26 मार्च को ब्राजील को 4-1 से हरा कर 2026 वर्ल्ड कप कप के लिए क्वालिफाई किया है। इस मैच में लियोनेल मेसी नहीं खेले थे।

ये तो अन्याय है...! क्विंटन डि कॉक को मिल गया प्लेयर ऑफ द मैच

गुवाहाटी (एजेंसी)। क्रिकेट को बल्लेबाजों का खेल कहा जाता है। नियम से लेकर परिस्थिति ऐसी होती है कि बल्लेबाजों को फायदा मिले। आईपीएल के पिछले कुछ सीजन से बड़े स्कोर दिखने को मिल रहे हैं। लीग के 10 सबसे बड़े स्कोर में से 9 तो पिछले सीजन से लेकर अब तक बन चुके हैं। प्लेयर ऑफ द मैच देने में भी बल्लेबाजों की अहमियत मिलती है। ऐसा ही कोलकाता नाइटराइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के मैच में भी हुआ।

क्विंटन डिकॉक प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए

गुवाहाटी के बारसापारा स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में केकेआर ने आरआरे को 8 विकेट से हराया। पहले खेलते हुए राजस्थान की टीम सिर्फ 151 रन बना सकी। जवाब में केकेआर ने 18वें ओवर में रनचेज कर लिया। सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने 97 रनों की पारी खेली। 61 गेंदों की अपनी पारी में उन्होंने 8 चौके और 6 छक्के मारे। इस पारी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया।

राजस्थान को रोकने वाले गेंदबाजों का क्या?

कोलकाता को मिली इस जीत में गेंदबाजों का योगदान सबसे ज्यादा था।

जीत के असली हीरो थे गेंदबाज, देखते रह गए



उनकी वजह से ही राजस्थान की टीम 151 रन पर रुक पाई। यह आसान रनचेज था और उसमें डिकॉक ने 97 रन बनाए। केकेआर के लिए वरुण चक्रवर्ती ने 4 ओवर में सिर्फ 17 रन देकर दो विकेट लिए। उन्होंने कप्तान रियान पराग और ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा को आउट किया। वह प्लेयर ऑफ द मैच जीतने के सबसे बड़े दावेदार थे। मोईन अली ने भी 4 ओवर में 23 रन देकर संजू सैमसन और नीतीश राणा के बड़े विकेट लिए। इन दोनों की वजह से ही केकेआर को छोटा टारेगट मिले। केकेआर के लिए रमनदीप सिंह 8वें नंबर पर बैटिंग करते हैं। उनकी बल्लेबाजी इतनी लंबी है कि 151 रन चेज हो ही जाना था। लेकिन टीम की जीत के असली होने मोईन अली और वरुण चक्रवर्ती थे। प्लेयर ऑफ द मैच जीतने के हकदार इन दोनों में से कोई एक गेंदबाज था।

मोईन और वरुण ने किया कमाल

केकेआर से मोईन अली और वरुण चक्रवर्ती ने बेहद किफायती बॉलिंग की, दोनों ने 2-2 विकेट भी लिए।गुवाहाटी का बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में चयक्र ने बॉलिंग चुनी। राजस्थान ने 9 विकेट खोकर 151 रन बनाए। टीम से ध्रुव जुरेल ने 33 और कप्तान रियान पराग ने 25 रन बनाए। कोलकाता ने 17.3 ओवर में 2 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

1. प्लेयर ऑफ द मैच

152 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी चयक्र से क्विंटन डी कॉक ने तेज बैटिंग की। उनके सामने मोईन अली को खेलने में बड़ी परेशानी हो रही थी, लेकिन डी कॉक ने अपने साथी बैटर्स पर दबाव नहीं बढ़ने दिया। उन्होंने बैटिंग के लिए मुश्किल और धीमी पिच पर 8 चौके और 6 छक्के लगाए। डी कॉक ने महज 61 बॉल पर 97 रन बनाए और टीम को 15 गेंद पर पहले जीत दिला दी।

2. जीत के हीरो

वैभव अरोड़ा- नई गेंद से वैभव ने बेहतरीन बॉलिंग की और टीम को पहला विकेट दिलाया। उन्होंने संजू सैमसन को बोल्ड किया। फिर आखिर में शुभम दुबे को भी कैच कराया।

मोईन अली-सुनील नरेन की जगह मैच खेलने उतरे मोईन ने बॉलिंग के 4 ओवर में महज 23 रन दिए। उन्होंने नीतीश राणा और यशस्वी जायसवाल के 2 बड़े विकेट भी लिए।

वरुण चक्रवर्ती- केकेआर के मिस्ट्री स्पिनर वरुण ने महज 17 रन देकर 2 विकेट लिए। उन्होंने राजस्थान के कप्तान रियान पराग और वनिंदु हसरंगा को पवेलियन भेजा।

3. फाइटर ऑफ द मैच

राजस्थान से कप्तान रियान पराग ही फाइट दिखाते नजर आए। उन्होंने धीमी पिच पर 3 छक्के लगाए और महज 15 गेंद पर 25 रन बनाए। फिर गेंदबाजी के 4 ओवर में 25 रन ही दिए। हालांकि, उन्हें कोई विकेट नहीं मिला, लेकिन उन्होंने केकेआर बैटर्स पर दबाव बनाने की पूरी कोशिश की।

4. टर्निंग पॉइंट

कोलकाता के स्पिनर्स ने पहले बॉलिंग करते हुए राजस्थान पर दबाव बनाया। मोईन और वरुण ने 8 ओवर में 40 ही रन दिए और 4 विकेट झटक लिए। बैटिंग में डी कॉक और अंगकृष रघुवंशी की पार्टनरशिप गेमचेंजर रही। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 44 गेंद पर ही 83 रन की पार्टनरशिप कर दी।

कप्तान रियान पराग ने कहा

170 अच्छा स्कोर रहता। मैंने बैटिंग में बहुत जल्दबाजी की, इसलिए हम 20 रन कम बना सके। हम स्पिन के सहारे क्विंटन को जल्दी आउट करने की कोशिश कर रहे थे। टीम मैनेजमेंट ने मुझे नंबर-3 पर भेजा, इसलिए मैं उनके फैसले से खुश हूं। इस साल हमारे पास युवा टीम है, इसलिए सभी सीख रहे हैं। हम अपनी गलतियों से सीखने की कोशिश कर रहे हैं।

कप्तान अजिंक्य रहाणे ने कहा

हमने शुरुआती 6 ओवरों में अच्छी गेंदबाजी की। मिडिल ओवर्स बहुत जरूरी थे, मोईन ने मौके को भुनाया और बेहतरीन बॉलिंग की। वे बैटिंग में नहीं चले, लेकिन उनके प्रदर्शन से खुश हूं। इस फॉर्मेट में हम चाहते हैं कि खिलाड़ी निडर होकर खेलें। बॉलर्स को पूरा क्रेडिट जाता है, जिन्होंने विकेट लेने पर ही ध्यान दिया।



केएल राहुल अगला मैच खेल सकते हैं

दिल्ली कैपिटल्स के लिए पहला मैच नहीं खेले; 24 मार्च को पिता बने थे

नईदिल्ली (एजेंसी)। केएल राहुल 30 मार्च को होने वाले दिल्ली कैपिटल्स के अगले मैच खेल सकते हैं। हाल ही में राहुल पिता बने है। 24 मार्च को उनके घर बेटी ने जन्म लिया था। इसकी वजह से वो टूर्नामेंट का पहला मैच नहीं खेल पाए थे।डीसी का दूसरा मैच सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ विशाखापट्नम में होने वाला है। केएल राहुल की पत्नी अथिया शेट्टी ने नवंबर 2024 में अपनी प्रेग्नेंसी की जानकारी दी थी।18 जनवरी को केएल राहुल ने उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में भगवान महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने गर्भगृह की देहरी से पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद लिया।
ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने यूट्यूब पर दी जानकारी एलिसा हीली ने यूट्यूब चैनल एलआईएसटीएनआर स्पोर्ट्स पर कहा कि यह देखना दिलचस्प होगा कि हैरी ब्रूक की जगह कौन आता है। उनके पास केएल राहुल हैं जो शायद पहले कुछ मैच नहीं खेलेंगे।

आईपीएल में गेंदबाजों की बर्बादी देख अश्विन का छलका, बोले- पर्सनल साइकोलॉजिस्ट की जरूरत

चेन्नई (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में अनुभवी खिलाड़ी आर अश्विन ने टी20 फॉर्मेट में गेंदबाजों के सामने आने वाली मुश्किलों पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि बल्लेबाजों को बहुत फायदा मिल रहा है। टूर्नामेंट के पहले हफ्ते में 200 से कम रन के स्कोर बहुत कम देखने को मिले हैं। अश्विन ने सुझाव दिया कि गेंदबाजों पर लगातार रन रोकने का जो दबाव है, उसके कारण उन्हें मानसिक स्वास्थ्य की मदद की जरूरत पड़ सकती है। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि कुछ आईपीएल पिचों पर गेंदबाजों के लिए सफल होना मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने मजाक में यह भी कहा कि पारंपरिक गेंदबाजी की तुलना में फुल टॉस गेंद फेंकना ज्यादा अच्छा तरीका हो सकता है।


पहले हफ्ते के मैचों में ज्यादातर मुकाबले हाई-स्कोरिंग रहे। सिर्फ दो मैचों में 200 से कम रन बने। यहां तक कि कम स्कोर वाले मैचों में भी, एक टीम ने आसानी से लक्ष्य का पीछा कर लिया। कई अन्य मैचों में टीमों ने 200 से ज्यादा रन बनाए। कुछ टीमों ने बड़े स्कोर का पीछा किया और कुछ ने ज्यादा रन बनाकर भी मुश्किल से जीत हासिल की। 2024 आईपीएल सीजन में इम्पैक्ट प्लेयर नियम लागू होने के बाद, टीमों को एक बल्लेबाज या गेंदबाज को बदलने की अनुमति मिली। इससे औसत मैच स्कोर बढ़कर 189 रन हो गया। विश्लेषक प्रसन्ना अगोरम की टिप्पणी पर कि गेंदबाज ज्यादा सतर्क हो रहे हैं, अश्विन ने अपनी राय दी। अश्विन ने कहा कि गेंदबाजों को जल्द ही पर्सनल साइकोलॉजिस्ट की जरूरत होगी। उन्होंने मजाक में कहा कि कुछ पिचों पर गेंदबाजी करना नामुमकिन हो गया है।



अनुभवी ऑफ-स्पिनर आर अश्विन 9.75 करोड़ रुपये में चेन्नई सुपर किंग्स (ष्ट्स्) में वापस आ गए हैं। 2015 के बाद यह उनकी फ्रेंचाइजी में वापसी है। उन्होंने हाल ही में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। मुंबई इंडियंस के खिलाफ 23 मार्च को खेले गए मैच में अश्विन ने चार ओवर में 31 रन देकर एक विकेट लिया। रविचंद्रन अश्विन का अगला आईपीएल 2025 मैच 28 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ होगा।

करुण नायर का वनवास आखिरकार होने वाला है खत्म, रोहित-विराट संग इस टीम में खेलते आ सकते हैं नजर

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इंग्लैंड दौरे से पहले एक बड़ा फैसला लिया है। जून में शुरू होने वाले इंग्लैंड दौरे से पहले बीसीसीआई ने कुछ बड़े टेस्ट खिलाड़ियों को इंडिया ए टीम में शामिल करने का फैसला किया है। ये खिलाड़ी इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो चार दिवसीय मैच खेलेंगे। यह तैयारी इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए है। 20 जून से टेस्ट सीरीज की शुरुआत होनी है। इन मैचों का मकसद 2025-27 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप साइकिल से पहले खिलाड़ियों को अभ्यास का मौका देना है।



इंडिया ए टीम इंग्लैंड लायंस के साथ दो मैच खेलेगी। इसकी शुरुआत 30 मई को होगी। आईपीएल 2025 का खिताबी मुकाबला 25 मई को खेला जाना है। प्लेऑफ की शुरुआत 20 मई से होगी। इन मैचों से खिलाड़ियों को इंग्लैंड की परिस्थितियों में खेलने का अनुभव मिलेगा। रिपोर्ट के अनुसार, इंडिया के मुख्य टेस्ट खिलाड़ी इन अभ्यास मैचों के लिए 'ए' टीम में शामिल किए जाएंगे। फॉर्म से जूझ रहे रोहित शर्मा और विराट कोहली भी इंडिया ए

अनुभवी बल्लेबाज करुण नायर इंडिया ए टीम के लिए चुने जा सकते हैं। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है। वह विजय हजारे ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। रणजी ट्रॉफी में भी उन्होंने 9 मैचों में 54 की औसत से 863 रन बनाए। वह सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की लिस्ट में चौथे नंबर पर थे। उन्होंने चार शतक और दो अर्धशतक लगाए हैं। उनके इस प्रदर्शन की वजह से उन्होंने टेस्ट टीम के लिए भी दावेदारी पेश कर दी है।

करुण नायर भारतीय क्रिकेट इतिहास के उन दो बल्लेबाजों में शामिल हैं, जिनके नाम टेस्ट में तिहरा शतक है। नायर ने 2016 में अपने करियर के तीसरे ही मैच में 303 रनों की पारी खेली थी।

इंदौर में क्रिकेट का रोमांच, महिला वर्ल्डकप के होंगे मैच

आईपीएल की तर्ज पर मध्यप्रदेश प्रीमियर लीग के भी मुकाबले



इंदौर (एजेंसी) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टूर्नामेंट के मैच भले इंदौर को न मिले हों लेकिन क्रिकेट प्रेमियों की निराशा विमेंस वर्ल्ड कप मैच के मिलने से दूर हो जाएगी। दरअसल, 29 सितंबर से आईसीसी विमेंस वर्ल्ड कप शुरू हो रहा है। इस बार मेजबानी भारत कर रहा है। इस नाते इंदौर में भी मैच खेले जाएंगे।

इंदौर के अलावा रायपुर, विशाखापट्?टनम, मोहाली और तिरुवनंतपुरम में भी मैच होंगे। हालांकि, ये अभी तय नहीं है कि इंदौर में कितने मैच होंगे और कौन-कौन से देशों की टीमें यहां भिड़ेंगी। इसका शेड्यूल अभी तय होना बाकी है।

मध्यप्रदेश को 2018 के बाद लगातार 7वें साल आईपीएल का एक भी मैच नहीं मिला है। इससे यहां के फैंस मायूस नजर आ रहे हैं। 14 जनवरी 2024 को इंदौर में आखिरी इंटरनेशनल टी-20 मैच खेला गया था।

यह मैच होलकर स्टेडियम में भारत और अफगानिस्तान के बीच था। इसके बाद यह माना जा रहा था कि 2025 के शेड्यूल में इंदौर को एक मैच जरूर मिल सकता है। इंदौर के होलकर स्टेडियम में अब तक 9 इंटरनेशनल मैच और इतने ही आईपीएल मैच हो चुके हैं।

भारत 12 साल बाद विमेंस वर्ल्ड कप की मेजबानी करने जा रहा है। इससे पहले 2013 में महिलाओं के वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी की थी।

विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में 8 टीमें हिस्सा लेंगी। मेजबान भारत समेत ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड और श्रीलंका ने क्वालिफाई कर लिया है। वहीं, 2 जगह के लिए 9 अप्रैल से पाकिस्तान में क्वालिफायर मुकाबले खेले जाने हैं।

इसमें पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश, आयरलैंड, थाईलैंड और स्कॉटलैंड की टीमों के नाम हैं। क्वालिफायर टीम के नाम फाइनल होने के बाद ही सभी मैचों के शेड्यूल तय होंगे।

मोहाली, तिरुवनंतपुरम और रायपुर में अब तक विमेंस इंटरनेशनल मैच नहीं हुए हैं। इंदौर के नेहरू स्टेडियम में 2 विमेंस मैच हुए हैं, जिनमें से एक 1997 के वर्ल्ड कप में हुआ था। विशाखापट्टनम का एसीए-वीडीसीए स्टेडियम विमेंस इंटरनेशनल मैच की होस्टिंग कर चुका है। यहां 5 वनडे और 6 टी-20 खेले जा चुके हैं।

2024 में एमपीएल के उद्घाटन मैच के पहले सीएम डॉ. मोहन यादव ने नए क्रिकेट स्टेडियम का शुभारंभ किया था। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, बीसीसीआई सचिव जय शाह, पूर्व कप्तान कपिल देव मौजूद रहे थे।

2024 में एमपीएल के उद्घाटन मैच के पहले सीएम डॉ. मोहन यादव ने नए क्रिकेट स्टेडियम का शुभारंभ किया था। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, बीसीसीआई सचिव जय शाह, पूर्व कप्तान कपिल देव मौजूद रहे थे।

आईपीएल की तर्ज पर एमपीएल टी-20 (मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग) 2025 इस बार इंदौर में होगा। मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने इस साल मध्यप्रदेश प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन को इंदौर के होलकर स्टेडियम में आयोजित करने का फैसला किया है।

संक्षिप्त समाचार



दिल्ली के वाहन चालक सावधान, इस स्टीकर के बिना नहीं होगी प्रदूषण जांच; परिवहन विभाग का आदेश

नईदिल्ली, एजेंसी। वाहनों के शीशे पर होलोग्राम स्टीकर (थर्ड रजिस्ट्रेशन) नहीं लगाने पर प्रदूषण जांच प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद अब दिल्ली के परिवहन विभाग ने सभी पीयूसी केंद्रों को आदेश जारी किए हैं। परिवहन विभाग की ओर से नियमों का सख्ती से पालन करने और बिना होलोग्राम स्टीकर वाले वाहनों को किसी भी सूरत में पीयूसी सर्टिफिकेट जारी नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। नियमों का पालन न करने वाले वाहनों को प्रदूषण जांच केंद्रों से लौटाना शुरू कर दिया गया है। दरअसल, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) के साथ-साथ डीजल, पेट्रोल और सीएनजी से चलने वाले वाहनों के शीशे पर अलग-अलग रंग के होलोग्राम स्टीकर लगाया जाना अनिवार्य है। क्रोमियम आधारित इस स्टीकर से दूर से ही वाहन की पहचान हो जाएगी कि वह किस तरह के ईंधन से संचालित हो रहा है। प्रदूषण को कम करने की पहल के लिए यह रंग आधारित स्टीकर लगाना जरूरी कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने बीती 27 जनवरी को इसके संबंध में आदेश दिए थे, इसके बाद से ही परिवहन विभाग ने ऐसे स्टीकर लगवाने के लिए वाहन मालिकों पर सख्ती शुरू कर दी थी। इस स्टीकर को न लगवाने वाले वाहनों की फिटनेस और परमिट का काम रोक दिया था। परिवहन विभाग ने दिल्ली में संचालित 850 से ज्यादा प्रदूषण जांच केंद्र संचालकों को पत्र भेजने शुरू कर दिए हैं। परिवहन विभाग की ओर से सॉफ्टवेयर भी अपडेट किया जाएगा ताकि होलोग्राम स्टीकर न होने पर वाहन का प्रदूषण जांच प्रमाणपत्र अपलोड न हो सके।

शेयर बाजार में मुनाफे का लालच देकर ठग लिए 91 लाख, नोएडा में महिला से साइबर धोखा



नईदिल्ली, एजेंसी। साइबर अपराधियों ने शेयर बाजार में दोगुने मुनाफे का झांसा देकर महिला से 91 लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने पीड़िता से 12 खातों में 19 बार में रकम ट्रांसफर कराई। ठगों ने महिला को निवेश करने के लिए प्रशिक्षण भी दिया। साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने तीन तथाकथित आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सेक्टर-78 स्थित सोसाइटी निवासी शिवालिका शर्मा ने पुलिस को शिकायत दी कि उनके पति की सप्लाई चेन की नौकरी है। शिवालिका को शेयर बाजार की अच्छी जानकारी है। इसी साल जनवरी में वह बार्कलेज के वेल्थ मैनेजमेंट के बारे में ऑनलाइन ब्राउजर पर जानकारी एकत्र कर रही थीं। इसी दौरान आस्था शर्मा नाम की महिला ने शिवालिका से संपर्क किया और खुद को बार्कलेज से जुड़े होने का दावा किया। उसने कई दिनों तक बार्कलेज में ट्रेडिंग टूल्स के बारे में बातचीत की।कथित आस्था शर्मा ने यह भी बताया कि बार्कलेज के साथ में जुड़कर उनका समूह पीडब्लूएमए का काम करता है। इसमें भी रुपये निवेश कर दो गुना मुनाफा कमाया जा सकता है। स्टॉक मार्केट और ट्रेडिंग में शिवालिका की रुचि को देखते हुए आस्था ने तुरंत उसे एक व्हाट्सऐप ग्रुप पर जोड़ दिया। शिवालिका ने लिंकडइन ऐप पर प्रोफाइल की जांच कराई तो पुष्टि हुई कि बार्कलेज के साथ में काम करने वाली आस्था शर्मा नाम की महिला पुणे में रहती है।

प्राइवेट स्कूलों पर दिल्ली सरकार सख्त, मुफ्त यूनिफॉर्म और किताबें देने के निर्देश

नईदिल्ली, एजेंसी।
राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर दिल्ली सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने राष्ट्रीय राजधानी के सभी निजी स्कूलों को अपनी वेबसाइट और नोटिस बोर्ड पर कम से कम पांच किताब और वर्दी विक्रेताओं की जानकारी प्रदर्शित करने का आदेश दिया है। निदेशालय ने स्पष्ट किया है कि जो निजी स्कूल अभिभावकों को विशेष दुकानों से किताबें और वर्दी खरीदने के लिए मजबूर करेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

यह आदेश निदेशालय को कुछ निजी स्कूलों के खिलाफ कई शिकायतें मिलने के बाद उठाया गया है। आदेश में कहा गया है कि प्राइवेट स्कूल अभिभावकों को विशेष विक्रेताओं से पुस्तकें, वर्दी और अध्ययन सामग्री खरीदने के लिए मजबूर कर रहे हैं। स्कूलों को अपनी आधिकारिक वेबसाइट और नोटिस बोर्ड पर किताबों और वर्दी के विक्रेताओं तथा विभिन्न दुकानों पर उनकी उपलब्धता के बारे में जानकारी प्रदर्शित करनी होगी।

निदेशालय ने स्कूलों को यह भी आदेश दिया है कि एक बार निर्धारित होने के बाद वर्दी के रंग, डिजाइन या किसी भी अन्य चीज में कम से कम तीन वर्षों तक कोई बदलाव न किया जाए। निदेशालय ने अभिभावकों से किसी भी उल्लंघन की सूचना नोडल



अधिकारी को देने का आग्रह किया है। उसने दोषी स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। वहीं दिल्ली सरकार में शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने दाखिला लेने वाले छात्रों पर वर्दी, किताबें और अन्य लेखन सामग्री खरीदने के लिए दबाव डालने और छात्रों से पैसे वसूलने की शिकायत मिलने पर सभी निजी स्कूलों को सख्त चेतावनी दी है। इसके साथ ही शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने दिल्ली के हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने का संकल्प पूरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई है। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बताया कि प्राइवेट स्कूलों को निर्देश इस वजह से जारी करना पड़ा है क्योंकि दिल्ली सरकार को छात्रों से वर्दी और किताबें किसी विशेष दुकानदार से खरीदने के लिए बाध्य करने की कई शिकायतें मिल रही थी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कई प्राइवेट स्कूल बच्चों को जरूरी सामान देने के लिए अभिभावकों से पैसे की भी मांग कर रहे हैं, जबकि ऐसी हर गतिविधि को रोकने के लिए कड़े कानूनी प्रावधान हैं। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि सभी प्राइवेट स्कूलों को किताब, शिक्षा सामग्री और अन्य आवश्यक सामग्री की एक सूची जारी करनी होगी। यह सूची सभी छात्रों और अभिभावकों के लिए सुगमता से उपलब्ध होगी। इसे स्कूल के नोटिस बोर्ड पर और अधिकारिक वेबसाइट पर भी दी जाएगी।

यमुना को गंदा किया तो होगा ऐक्शन



नईदिल्ली, एजेंसी।
यमुना को प्रदूषित कर रहे उद्योगों पर कार्रवाई की जाएगी। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सुनिश्चित किया जाए कि यमुना में सीवर का गंदा पानी या फैक्टरी का केमिकलयुक्त प्रदूषित पानी नहीं डलना चाहिए। गुरुग्राम के मंडलायुक्त आरसी बिढान और फरीदाबाद के मंडलायुक्त संजय जून ने गुरुग्राम के लघु सचिवालय में दोनों जिलों के नगर निगम समेत अन्य विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्योगों में इंफ्लूंट शोधन संयंत्र लगे हैं या नहीं, इसकी जांच की जाए।

जांच के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि ईटीपी सही ढंग से काम कर रहा है। यदि ईटीपी खराब है तो उन उद्योगों पर भारी जुर्माना लगाया जाए। ईटीपी को दुरुस्त करवाया जाए। राष्ट्रीय हरित अभिकरण (एनजीटी) ने आदेश जारी किए हुए हैं कि यमुना में सीवर का प्रदूषित पानी नहीं डाला जाए। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के सर्वे के मुताबिक करीब 50 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) गंदा पानी बिना शोधित किए यमुना में जा रहा है। ये पानी मानेसर, सेक्टर-34, बहरामपुर, खांडसा, मोहम्मदपुर झाड़सा, दौलताबाद, कादीपुर के औद्योगिक क्षेत्रों से जा रहा है। अधिकांश उद्योगों में ईटीपी नहीं लगे हुए हैं।

गुरुग्राम और फरीदाबाद के मंडलायुक्तों ने मेवात, पलवल, रेवाड़ी और महेंद्रगढ़ में पानी निकासी के बंदोबस्त को लेकर भी चर्चा की। अरावली के नजदीक लगते क्षेत्रों में बारिश के पानी की निकासी की व्यवस्था करने के आदेश दिए। बारिश में इन क्षेत्रों में भारी जलभराव हो जाता है। बैठक में फरीदाबाद के डीसी विक्रम यादव, रेवाड़ी के डीसी अभिषेक मीणा, महेंद्रगढ़ के डीसी डॉ. विवेक भारती भी मौजूद रहे।

दिल्ली से रोज मेरठ और नोएडा जाने वालों के लिए गुडन्यूज, एनएचएआई लेकर आया सुविधा; होगी बचत



नईदिल्ली, एजेंसी। अगर आप नौकरी पेशा हैं और हर दिन मेरठ से दिल्ली, नोएडा आना-जाना है तो एक्सप्रेसवे पर सफर के लिए मासिक पास बनवा सकते हैं। 22 दिन के टोल शुल्क में आप महीने भर सफर कर सकते हैं। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर मेरठ से दिल्ली और दिल्ली से मेरठ के बीच सफर के लिए महीने भर का टोल शुल्क 5695 रुपये निर्धारित किया गया है। एनएचएआई ने एक अप्रैल से लागू होने वाले टोल शुल्क को लेकर जो सूचना जारी की है उसमें मासिक पास की भी व्यवस्था है। दिल्ली के सराय काले खां से मेरठ के काशी टोल तक एक्सप्रेसवे पर चार पहिया निजी वाहनों का एक तरफ का टोल शुल्क 170 रुपये है। वहीं 24 घंटे में आने-जाने का टोल 255 रुपये है। महीने भर का टोल शुल्क 5695 रुपये तय किया गया है। अर्थात यदि हर दिन कोई व्यक्ति आना-जाना करेगा तो 22 दिन के टोल शुल्क के बराबर भुगतान करने पर मासिक पास बन जाएगा। काशी टोल प्लाजा के मैनेजर भूपेश त्यागी ने कहा, मासिक पास की व्यवस्था तो अच्छी है, लेकिन लोग फायदा नहीं लेते। इसका कारण है कि दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम में नौकरी करने वाले लोगों के आने-जाने का समय तय नहीं होता।

जस्टिस वर्मा के घर अधजले नोट वाला एरिया पुलिस ने किया सील

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास में लगी आग के बाद कथित भारी मात्रा में कैश बरामदगी के मामले की जांच के सिलसिले में दिल्ली पुलिस की एक टीम बुधवार को उनके सरकारी आवास पर पहुंची। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पुलिस उपायुक्त (नयी दिल्ली) के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास में आग लगने वाले स्थान (स्टोर रूम) और उसके आसपास की जगह को सील कर दिया।

पुलिस ने यह कार्रवाई जांच कमेटी के निर्देश के बाद की है। पुलिस टीम की अगुवाई खुद नई दिल्ली जिले के डीसीपी देवेश महाला कर रहे थे। उनके साथ तुगलक रोड के एसीपी वीरेंद्र जैन और कोर्ट के दो-तीन कर्मी भी अंदर गए थे। दिल्ली पुलिस की टीम बुधवार दोपहर करीब 2 बजकर 15 मिनट पर जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास पर पहुंची। इस टीम ने स्टोर रूम का मुआयना किया, जहां 14 मार्च की रात करीब साढ़े 11 बजे आग लगी थी।

पुलिस टीम ने बताया कि वह जांच कमेटी के निर्देश पर टीम जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास पर पहुंची है। बता दें कि बीते 14 मार्च की रात करीब 11 बजकर 35 मिनट पर कंट्रोल रूम को वर्मा के आवास पर आग लगने



की सूचना मिली थी। इसके बाद दो दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया था। दमकल कर्मियों ने रात करीब 11 बजकर 48 मिनट पर काबू पा लिया गया। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने देखा कि आग स्टोर रूम में रखे सामान में आग लगी है। करीब 15 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया था। घटना के दौरान कोई हताहत नहीं हुआ था। आग बुझाने के बाद अग्निशमन विभाग के कर्मियों की टीम मौके से चली गई थी। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ उनके अधिकारिक आवास से बड़े पैमाने पर नकदी मिलने के आरोप में मुकदमा दर्ज करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई होगी। हालांकि, शीर्ष अदालत ने याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया। याचिका में कहा गया है कि जस्टिस वर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने की जरूरत है। जस्टिस वर्मा ने इन-हाउस जांच समिति के समक्ष पेश होने से पहले बुधवार को वकीलों की एक टीम से मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार, उन्होंने वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ अग्रवाल, मेनका गुरुस्वामी, अरुंधति काटजू और अधिवक्ता तारा नरूला से कानूनी राय मांगी। उम्मीद है कि इस हफ्ते सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त इन-हाउस समिति के सामने जस्टिस वर्मा उपस्थित हो सकते हैं।

जल्द ही मर जाएंगे पुतिन और खत्म हो जाएंगा युद्ध, रूसी राष्ट्रपति की सेहत पर जेलेंस्की का गंभीर दावा

कीव/मास्को एजेंसी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की सेहत को लेकर एक गंभीर दावा किया है। उन्होंने कहा है कि पुतिन जल्द ही मर जाएंगे और इससे दोनों देशों के बीच चल रहे युद्ध का भी अंत हो जाएगा। यह टिप्पणी पुतिन की सेहत को लेकर चल रही अफवाहों के बीच आई है। पेरिस में एक इंटरव्यू के दौरान जेलेंस्की ने कहा कि पुतिन की सेहत जल्द ही बिगड़ने वाली है और यह एक तथ्य है। बुधवार को फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए जेलेंस्की ने यह भी कहा, ÷वो (पुतिन) जल्द ही मर जाएंगे, और



यह एक तथ्य है। फिर इस युद्ध का भी अंत हो जाएगा।पुतिन के स्वास्थ्य को लेकर पिछले कुछ महीनों से अफवाहें और अटकलें चल रही हैं। हाल ही में उनके खांसने और उनके शरीर में झटके आने की कई वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आई थीं, जिससे इन अफवाहों को और बल मिला। एक वीडियो में पुतिन को अपने पूर्व रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु के साथ बैठक करते हुए देखा गया था, जिसमें वह टेबल को पकड़कर बैठे थे और उनकी स्थिति भी सामान्य नहीं लग रही थी। कुछ रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि पुतिन पार्किंसन रोग और कैंसर से पीड़ित हो सकते हैं, लेकिन इन दावों की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है और क्रेमलिन ने इन अफवाहों का खंडन किया है।

सेक्स वर्कर्स को मिलेगी कानूनी सुरक्षा, मुस्लिम देश में प्रॉस्टिट्यूशन पर सरकार का बड़ा कदम

ढाक, एजेंसी।
सेक्स वर्क को दुनिया का सबसे पुराना पेशा माना जाता है। कई देशों में इसे अब भी अनैतिक और गैरकानूनी माना जाता है लेकिन बांग्लादेश ने इसे कानूनी मान्यता देकर एक अलग रुख अपनाया है। वहां की सरकार ने इसे कानून के दायरे में लाकर लाइसेंस प्रक्रिया शुरू की है, जिससे सेक्स वर्कर्स को सरकारी मान्यता और सुरक्षा मिल सके। बांग्लादेश में सेक्स वर्क करने के लिए पहले रजिस्ट्रेशन कराना पड़ता है। इसके तहत सेक्स वर्कर्स को एक कागज देना होता है जिसमें लिखा होता है कि वे अपनी मर्जी से इस पेशे में आई हैं और उनके पास आजीविका कमाने का कोई अन्य विकल्प नहीं है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य जबरन देह व्यापार को रोकना और कार्यरत महिलाओं को कानूनी सुरक्षा प्रदान करना है।

बांग्लादेश में करीब 2 लाख महिलाएं सेक्स वर्क में शामिल हैं। इनमें से दौलतदिया देश का सबसे बड़ा रेड लाइट एरिया है, जहां करीब 1,300 महिलाएं इस पेशे में हैं। यह क्षेत्र देश में सेक्स वर्क का प्रमुख केंद्र माना जाता है। कानूनी मान्यता के बावजूद चुनौतियां बरकरार

बांग्लादेश ने 2000 में सेक्स वर्क को कानूनी मान्यता दी, लेकिन इसके बावजूद कई गंभीर समस्याएं बनी हुई हैं। गरीब परिवारों द्वारा अपनी बेटियों को बेचने और नाबालिग लड़कियों को धोखे से इस धंधे में धकेलने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, करीब 29,000 नाबालिग लड़कियां अभी भी इस दलदल में फंसी हुई हैं। हालांकि, बांग्लादेश का संविधान जुआ और देह व्यापार को रोकने की बात करता है। इसीलिए, बच्चों का देह व्यापार, जबरदस्ती किसी को इस पेशे में धकेलना और बिना लाइसेंस के सेक्स वर्क करना पूरी तरह गैरकानूनी है।

भारत को प्रस्तावित अमेरिकी टैरिफ से मिल सकती है बड़ी राहत: सूत्र

वाशिंगटन एजेंसी।
भारत को प्रस्तावित अमेरिकी टैरिफ से राहत मिल सकती है। सूत्रों के हवाले से ऐसी जानकारी सामने आई है। दोनों देशों के बीच ट्रेड को लेकर अच्छे तरीके से बातचीत चल रही है। सूत्रों के मुताबिक, अधिकारी एक ÷क्षेत्रीय और अनुकूलित÷ दृष्टिकोण अपनाने की कोशिश कर रहे हैं, जिसका मतलब है कि नए व्यापार उपायों को धीरे-धीरे लागू किया जाएगा। इस सौदे के तहत, जिन सामानों की मांग ज्यादा है और जिनका व्यापार बड़े पैमाने पर होता है, उन पर मध्यम टैरिफ बढ़ाए जा सकते हैं। इससे भारत के निर्यात पर अमेरिकी टैरिफ का असर कम हो सकता है। भारतीय व्यापार अधिकारी कुछ खास क्षेत्रों पर कम टैरिफ लगाने की मांग कर रहे हैं, जहां भारत अमेरिका को अधिक निर्यात करता है। सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली है कि अगले तीन दिनों में एक नए सौदे का खाका तैयार करने पर काम किया जा रहा है। हालांकि, अमेरिकी



अधिकारी भारत से और भी रियायतें मांग रहे हैं। अमेरिका अपनी टैरिफ रणनीति को वैश्विक व्यापार बदलाव के तहत फिर से देख रहा है, और भारत को चीन, मैक्सिको और कनाडा के समान टैरिफ का सामना न करने से अमेरिका के साथ विशेष व्यापार संबंधों की पहचान बन रही है। इससे भारत के निर्यातकों को भारी टैरिफ वृद्धि से राहत मिल सकती है। एक दिन पहले यह जानकारी मिली थी कि भारत अमेरिका के साथ चल रही व्यापार वार्ता के हिस्से के तौर पर 23 बिलियन डॉलर से ज्यादा के अमेरिकी आयातों पर टैरिफ में कटौती करने को तैयार है। इस कदम का उद्देश्य भारतीय व्यापारियों को अमेरिकी टैरिफ से बचाना है, जो उनके निर्यात पर भारी असर डाल सकते हैं। सरकारी सूत्रों ने बताया कि भारत ने आंतरिक विश्लेषण किया, जिसमें पाया गया कि नए अमेरिकी टैरिफ 87 प्रतिशत भारतीय निर्यात को प्रभावित कर सकते हैं, जिसका मूल्य लगभग 66 बिलियन डॉलर है। आयातों पर टैरिफ कम करने के लिए तैयार है। इन आयातों पर अब 5 प्रतिशत से 30 प्रतिशत तक टैरिफ है। कुछ टैरिफ में बड़ी कटौती हो सकती है और कुछ को पूरी तरह हटा दिया जा सकता है, लेकिन ये सभी प्रस्ताव अभी भी चर्चा में हैं। यह भी ध्यान देने योग्य है कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच के नेतृत्व में एक अमेरिकी टीम इस समय भारत में है और 2 अप्रैल से पहले इस सौदे को अंतिम रूप देने के लिए काम कर रही है।

दक्षिण फ्लोरिडा में गोलीबारी, महिला और तीन बच्चों की मौत, दो अन्य को अस्पताल ले जाया गया

वॉशिंगटन, एजेंसी।
अमेरिका में एक बार फिर भीषण गोलीकांड का मामला सामने आया है। बताया गया कि बुधवार रात दक्षिण फ्लोरिडा में एक महिला और तीन बच्चों की गोली मारकर हत्या कर दी गई और दो अन्य को अस्पताल ले जाया गया। ब्रोवार्ड शेरिफ कार्यालय के



अग्निशमन बचाव बटालियन प्रमुख माइकल केन ने साउथ फ्लोरिडा सन सेंटिनल को बताया कि पेम्ब्रोक पार्क में गोलीबारी रात करीब 8 बजे हुई। एक वयस्क पुरुष और एक लड़की को अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल ले जाए गए दो लोगों की स्थिति तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाई। समाचार रिपोर्ट के मुताबिक, पेम्ब्रोक पार्क पुलिस के प्रवक्ता इवान रॉस ने गोलीबारी को घरेलू घटना बताया।

12_16.12..2018 PAGE-04.qxd 27-03-2025 22:07 Page 1

रजिस्ट्री आफिस का कंप्यूटर आपरेटर रिश्वत लेते गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

लोहरदगा। लोहरदगा में रजिस्ट्री ऑफिस का कंप्यूटर ऑपरेटर पांच हजार रुपए रिश्वत लेते एसीबी के हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार परिवादी मोहम्मद आलीमुद्दीन पिता स्वर्गीय मोहिउद्दीन ग्राम हिसरी पोस्ट हिसरी थाना बगरू जिला लोहरदगा ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रांची को लिखित आवेदन देकर सूचित किया कि इनका अपना निजी जमीन जिसका खाता संख्या 366 प्लॉट नंबर 2850 रकबा 5 डिसिमल जो ग्राम हिसरी में स्थित है। इसका पट्टा निकालने हेतु निबंधन कार्यालय लोहरदगा में संपर्क किया गया तो निबंधन कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत दिलीप कुमार द्वारा इनसे 5000 रुपये रिश्वत की मांग की गई। परिवादी ने इसकी सूचना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रांची को लिखित रूप से दिया। आवेदन के सत्यापन के बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम 27 मार्च को दोपहर बाद निबंधन कार्यालय लोहरदगा में पांच हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों दिलीप कुमार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे आगे की कार्रवाई के लिए रांची ले जाया गया। इधर इस कार्रवाई की जानकारी मिलती है पूरे समाहरणालय परिसर में हड़कंप मच गया। रजिस्ट्री ऑफिस के कर्मी भी मौका देखकर इधर-उधर छिटक गए। लोहरदगा जिला में यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

अमृत स्टेशन योजना के तहत बोकारो स्टील सिटी स्टेशन का पुनर्विकास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोलकाता/बोकारो। बोकारो स्टील सिटी स्टेशन भारतीय रेलवे के माल परिवहन और यात्री परिवहन क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है, क्योंकि यह देश के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में से एक की सेवा करता है।

इस स्टेशन को भारतीय रेलवे द्वारा अमृत स्टेशन योजना के तहत चुना गया है और इसे विश्व स्तरीय स्टेशन के रूप में पुनर्विकसित किया जाएगा। दक्षिण पूर्व रेलवे के चारों मंडलों में पश्चिम बंगाल, झारखंड और ओडिशा राज्यों के कुल 72 स्टेशनों को इस योजना के अंतर्गत पुनर्विकास के लिए चिन्हित किया गया है।

बोकारो स्टील सिटी, दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल का एक प्रमुख स्टेशन है। यह बोकारो शहर और उसके आसपास के खनिज संपदा से भरपूर क्षेत्रों की सेवा करता है। यह स्टेशन बड़ी आबादी को सेवा प्रदान करता है और महत्वपूर्ण रेल मार्गों से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। इसके आसपास बोकारो स्टील प्लांट, थर्मल पावर प्लांट, सीमेंट फैक्ट्रियां आदि बड़ी औद्योगिक इकाइयां स्थित हैं। इसके अलावा, बोकारो में एक प्रमुख माल लदान यार्ड भी है।

स्टेशन पुनर्विकास की विशेषताएँ:

नए स्टेशन भवन का निर्माण एक प्रतिष्ठित समकालीन शैली में किया जाएगा। स्टेशन प्लाजा में पर्याप्त पार्किंग सुविधा और मल्टी-मोडल एकीकरण होगा, जिससे यातायात का सुचारू प्रवाह सुनिश्चित किया जा सकेगा। स्टेशन पर यात्रियों के लिए विश्व स्तरीय सुविधाओं से युक्त एक विशाल कॉनकोर्स (प्रवेश कक्ष) बनाया जाएगा, जिसमें खुदरा स्टोर, कैफेटेरिया, आरामदायक प्रतीक्षा क्षेत्र, कार्यकारी लाउंज आदि की सुविधा होगी।

स्टेशन को बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, डिजिटल साइनबोर्ड और डिस्प्ले सिस्टम से सुसज्जित किया जाएगा, जिससे यात्रियों को यात्रा संबंधी सभी आवश्यक जानकारी आसानी से मिल सके। यात्रियों की सुविधा के लिए फुट ओवरब्रिज, लिफ्ट और एस्केलेटर लगाए जाएंगे।

इसके अलावा, स्टेशन में दिव्यांगजनों के लिए अनुकूल सुविधाएं, निःशुल्क वाई-फाई, अग्निशमन प्रणाली, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए स्वन स्टेशन वन प्रोडक्टर कियोस्क आदि की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

अब तक पूर्ण किए गए कार्य:

स्टेशन का बाहरी स्वरूप (फैसाड) विकास कार्य, वीआईपी लाउंज, दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों के लिए पार्किंग क्षेत्र, कॉनकोर्स क्षेत्र, प्रवेश और निकास द्वार, मौजूदा फुट ओवरब्रिज पर स्क्रीन प्रोटेक्शन, सकुर्लेटिंग क्षेत्र, निगरानी कक्ष (सर्विलांस रूम), विद्युत उप-स्टेशन भवन, अन्य आधारभूत ढांचे से संबंधित कार्य।


शेष कार्य जो चरणबद्ध तरीके से पूरे किए जाएंगे:

प्लेटफॉर्म शेड का फॉल्स सीलिंग कार्य (मौजूदा फुट ओवरब्रिज से नए फुट ओवरब्रिज तक), द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय, जीआरपी कार्यालय, 12 मीटर लंबा नया फुट ओवरब्रिज, सकुर्लेटिंग एरिया सड़क निर्माण, उद्यान (गार्डन) विकास कार्य।

बोकारो स्टील सिटी स्टेशन यात्री अनुभव और आराम को बेहतर बनाने के लिए एक बड़े बदलाव से गुजरने वाला है। पुनर्विकास कार्यों को इस तरह से पूरा किया जाएगा कि रेलवे संचालन पर न्यूनतम प्रभाव पड़े और यात्रियों को अधिकतम सुविधा मिले।



मजदूर मैदान में 9 दिवसीय श्री राम कथा का शुभारंभ







नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा वाचक राजन जी महराज के श्री मुख से श्री राम कथा सुनने की बोकारो वासियों की चिरप्रतीक्षित इच्छा गुरुवार को पूरी हो गई। श्री राम कथा आयोजन ट्रस्ट के द्वारा बोकारो इस्पात नगर के मजदूर मैदान में आयोजित 9 दिवसीय श्री राम कथा का आज से शुभारंभ हुआ।

श्री राम कथा प्रारंभ करने से पूर्व राजन जी महाराज ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। पूजा अर्चना की। भगवान श्री राम की आरती में यजमान के अलावा उपायुक्त विजया जाधव, पुलिस अधीक्षक मनोज स्वगीर्यारी, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलर और मां छिन्नमस्तिके, बाबाधाम और गिरिडीह के झारखंड धाम से आए पुरोहित भी शामिल रहे। पूजा अर्चना और आर्टिबके उपरांत राजन जी महराज ने श्री राम कथा की महिमा का गुणगान किया।

श्री तुलसी दास द्वारा रचित रामचरित्र मानस के संबंध में श्रद्धालुओं को विस्तार से बताया। श्री राम कथा सुनने आए हजारों श्रद्धालु राजन जी महराज के श्री मुख्य से मधुर स्वर में चौपाई और भजन सुनकर मंत्र मुग्ध हो गए। श्री राम कथा सुनने आस पाशविक जिले से भी सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचे।

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत हस्ताक्षर अभियान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। बीएसएल में जारी स्वच्छता पखवाड़ा के तहत 27 मार्च को स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता हेतु हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत बीएसएल के इस्पात भवन, अधिशासी निदेशक (संकार्य) कार्यालय तथा सिटी सेंटर स्थित मैत्री भवन में लोगों ने हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया। हस्ताक्षर अभियान में अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सीआर मिश्रा, मुख्य महाप्रबंधक व वरीय अधिकारी, बीएसएल कर्मी सहित अन्य ने बढ़-चढ़ कर हिंसा लिया। कार्यक्रम में शामिल सभी ने स्वच्छता अभियान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

बीएसएल में दो दिवसीय सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। बीएसएल के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में संयंत्र के अधिकारियों के लिए दो दिवसीय सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 27 एवं 28 मार्च को किया जा रहा है. इस कार्यक्रम मे लगभग चालीस अधिकारी विभिन्न विभागों से शामिल हो रहे हैं तथा फैकल्टी के रूप मे वैसे अधिकारी योगदान कर रहे हैं जिन्होंने पूर्व में मेसर्स एएसके इएचएस का ट्रेन द ट्रेनर प्रशिक्षण प्राप्त किया हुआ है। इस कार्यक्रम में कुल आठ सत्रों में बीआईपी, आरसीए, सीएसएसए, आरएसएम, इलेक्ट्रिकल सेफ्टी, बो टाई, कवच पर प्रशिक्षण शामिल है। कार्यक्रम के उदघाटन सत्र मे मुख्य महाप्रबंधक (एच आर -ज्ञानार्जन एवं विकास) डी आर टोप्पो उपस्थित थे। सर्वप्रथम कनीय प्रबंधक एस के डी भौमिक ने सभी प्रतिभागियों तथा मुख्य अतिथियों का स्वागत किया तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। श्री सरतापे ने प्रतिभागियो को सुरक्षा शपथ दिलाई तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा के विषय में अपने विचार रखे। उन्होंने प्रतिभागियों से अपने लर्निंग पॉइंट दूसरे सहकर्मियों से साझा करने की अपील की। श्रीमती टोप्पो ने भी प्रतिभागियों से इस कार्यक्रम से लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम के आयोजन मे वरीय ओपरेटिव राकेश कुमार, इंस्ट्रक्टर कौशलेन्द्र प्रताप सिंह तथा अर्जुन प्रसाद बाउरी का योगदान सराहनीय रहा।

जिले वासियों को नहीं होनी चाहिए पानी की समस्या : उपायुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। जिले वासियों को गर्मी में पानी की समस्या नहीं होनी चाहिए। पानी की सप्लाई आवश्यक सेवा है। पानी नहीं मिलने से लोगों को विकट समस्या का सामना करना पड़ता है। जलापूर्ति से संबंधित विभागों को आमजनों की समस्या समझना होगी। जलापूर्ति योजना में विलंब करने वाली एजेंसी के शीर्ष अधिकारियों पर नामजद एफआईआर दर्ज करें। काम में देरी करने से जिले में पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है।

यह बातें उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने गुरुवार को समाहरणालय के सभागार में नगर निगम क्षेत्र में चल रही जलापूर्ति योजनाओं की समीक्षा करने के दौरान काम करने वाली एजेंसी, श्री राम ईपीसी व एल एंड टी, पर कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए कही। उपायुक्त ने योजना में



अप्रत्याशित विलंब करने के कारण जुडको को श्री राम ईपीसी के शिर्ष अधिकारी पर एफआईआर दर्ज करने व एल एंड टी को ब्लैक लिस्ट करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने श्री राम ईपीसी पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि संवेदक को 425 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाकर, जल मिनार का निर्माण कर, 55 हजार घरों में जलापूर्ति करनी थी। लेकिन इतने वर्षो के बाद भी कंपनी ने मात्र 55% काम किया है। उपायुक्त ने पीएचईडी, झमाडा तथा जुडको को कहा कि किसी भी परिस्थिति में पानी के लिए जिले के लोगों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए पीएचईडी, झमाडा तथा जुडको को जिला प्रशासन हर तरह से सहयोग प्रदान करने के लिए तैयार है।

उपायुक्त ने धनबाद फेस 1, धनबाद फेस 2, भेलाटांड, जामाडोबा, सिंदरी व कतरास क्षेत्र में चल रही योजना, झमाडा की जलापूर्ति योजना, तोपचांची फिल्टर बेड, निरसा गोविंदपुर उत्तर व निरसा गोविंदपुर दक्षिण जलापूर्ति योजना, मैथन में बनने वाले इनटेक वेल सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। उपायुक्त ने जलापूर्ति जैसी जन कल्याणकारी योजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए दामोदर वैली कॉरपोरेशन, फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड, नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया, जेबीवीएनएल सहित अन्य विभागों को लंबित अनापत्ति प्रमाण पत्र शीघ्र निर्गत करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, पीएचईडी 1 एवं 2 के कार्यपालक अभियंता के अलावा जुडको, डीवीसी, हर्ल, एनएचएआई, एल एंड टी, श्री रम ईपीसी के प्रतिनिधि व अन्य संबंधित विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

लैंग्वेज फेस्टिवल सह एफएलएन मेला आयोजित

सिमडेगा। सिमडेगा के नगर भवन में आज झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से लैंग्वेज फेस्टिवल सह एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। मेले में विभिन्न पीएम विद्यालयों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसमें प्रतिभागियों ने आकर्षक गीत, नृत्य और मार्शल आर्ट आदि की प्रस्तुति की। वहीं एफएलएन अर्थात फाउंडेशन लिटरेसी एंड न्यूमैरेसी के तहत कई आकर्षक प्रदर्शों की प्रस्तुति की गई। बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

मुख्य अतिथि उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर देते हुए कहा कि पीएम पोषण योजना के तहत बच्चों को बेहतर भोजन दें, ताकि बच्चे स्वस्थ हों और अच्छी तरह से पढ़ाई कर सकें। उन्होंने कहा कि बच्चों को प्रारंभिक कक्षाओं में अच्छी शिक्षा मिलनी चाहिए, तो ही आगे उनकी पढ़ाई अच्छी होगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय भाषाओं में बच्चों को बेहतर माहौल देने का प्रयास किया जा रहा है। इस दिशा में भविष्य में काम किया जाना है।

धनबाद मंडल में डीजल पंप हाउस का हो विद्युतीकरण : इसीआरकेयू

रेल कर्मचारियों की समस्या पर हुई चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन ईसीआरकेयू के केंद्रीय अपर महामंत्री सह वर्किंग कमिटी सदस्य एआईआरएफ के मो जियाउद्दीन धनबाद तीनो शाख पदाधिकारियों के साथ वरीय मण्डल विद्युत अभियंता(सामान्य) संजीव कुमार से शिष्टाचार मुलाकात किए। अपर महामंत्री मो जियाउद्दीन रेलकर्मियों के कई तरह की समस्याओं से वरीय मंडल विद्युत अभियंता सामान्य को अवगत कराए।अपने पीएनएम प्रभारी के कार्यकाल के दौरान मो जियाउद्दीन जी ये मुद्दा उठाया गया था कि अंग्रेजों के जमाने से रेलवे कालोनी और सर्विस बिल्डिंग्स में डीजल पंप के द्वारा पानी सप्लाई किया जाता रहा है आए दिन पंप में कुछ न कुछ खराबी होते रहता था जिस कारण पानी की कमी से कर्मियों को जूझना पड़ता है,मुद्दे को उठाने के बाद कही कही डीजल पंप के जगह पर इलेक्ट्रिक मोटर लगाया गया था,अभी तक लातेहार,मैकलुस्कीगंज,हजारीबाग रोड और पारसनाथ सहित कई ऐसे स्थान है जहां अभी भी इलेक्ट्रिक मोटर नहीं लगा है,जिसपर ध्यानाकर्षण कराया गया जिसपर उचित कार्यवाही करने की बात कही गई।अभी गर्मी का दिन शुरू हो गया है कालोनी में बिजली की आपूर्ति निर्बाध रूप से होती रहे,सभी रनिंग रूम पूरी तरह से वातानुकूलित रहे इस मुद्दे पर भी चर्चा किया गया।विद्युत सामान्य विभाग में कर्मियों की घोर कमी है इस मुद्दे पर भी ध्यानाकर्षण कराया गया लोकल परेशानियों से अवगत कराया गया।



इस मौके पर केंद्रीय संगठन मंत्री नेता जी सुभाष,जे के साव,एन के खवास,शाखा,आई एम सिंह,रणधीर प्रसाद,पिंटू नंदन,रणजीत यादव,अमित कुमार,प्रदीपतो सिन्हा,परमेश्वर कुमार,और विश्वजीत मुखर्जी उपस्थित थे।

बीएसएल में दो दिवसीय सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। बीएसएल के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में संयंत्र के अधिकारियों के लिए दो दिवसीय सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 27 एवं 28 मार्च को किया जा रहा है। इस कार्यक्रम मे लगभग चालीस अधिकारी विभिन्न विभागों से शामिल हो रहे हैं तथा फैकल्टी के रूप मे वैसे अधिकारी योगदान कर रहे हैं जिन्होंने पूर्व में मेसर्स एएसके इएचएस का ट्रेन द ट्रेनर प्रशिक्षण प्राप्त किया हुआ है। इस कार्यक्रम में कुल आठ सत्रों में बीआईपी, आरसीए, सीएसएसए, आरएसएम, इलेक्ट्रिकल सेफ्टी, बो टाई, कवच पर प्रशिक्षण शामिल है। कार्यक्रम के उदघाटन सत्र मे मुख्य महाप्रबंधक वीके सरतापे एवं महाप्रबंधक (एच आर -ज्ञानार्जन एवं विकास) डीआर टोप्पो उपस्थित थे। सर्वप्रथम कनीय प्रबंधक एस के डी भौमिक ने सभी प्रतिभागियों तथा मुख्य अतिथियों का स्वागत किया तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। श्री सरतापे ने प्रतिभागियो को सुरक्षा शपथ दिलाई तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा के विषय में अपने विचार रखे। उन्होंने प्रतिभागियों से अपने लर्निंग पॉइंट दूसरे सहकर्मियों से साझा करने की अपील की। श्रीमती टोप्पो ने भी प्रतिभागियों से इस कार्यक्रम से लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम के आयोजन मे वरीय ओपरेटिव राकेश कुमार, इंस्ट्रक्टर कौशलेन्द्र प्रताप सिंह तथा अर्जुन प्रसाद बाउरी का योगदान सराहनीय रहा।

परिवहन सह हथालन अभिकर्ता के विरुद्ध प्राथमिकी

जन वितरण प्रणाली दुकान का खाद्यान्न चोरी कर बेचने का मामला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक बेरमो एसएफसी नित्यानंद महतो ने बेरमो थाना में परिवहन सह हथालन अभिकर्ता कमल प्रसाद एवं ट्रैक्टर के चालक सीताराम तुरी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है। प्राथमिकी को लेकर दिए आवेदन में प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक ने द्वय पर स्टेट फूड कॉरपोरेशन बेरमो गाँधीनगर से निर्गत जन वितरण प्रणाली दुकान का खाद्यान्न चावल 55.35 क्विंटल में से कुल 1.59 क्विंटल चावल चोरी कर बेचने की बात कहीं है।

क्या है मामला - 05 मार्च को सुदेश साव के जन -वितरण प्रणाली दुकान खाद्यान्न चावल 55.35 क्विंटल को सुदेश साव के समक्ष दिया गया। इसके बाद परिवहन सह हथालन अभिकर्ता कमल प्रसाद के

1.59 क्विंटल चावल चोरी कर बेचने का आरोप

द्वारा उक्त चावल को ट्रैक्टर वाहन के चालक सीताराम तुरी के साथ भेजा गया था। कुछ देर बाद प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी बेरमो के द्वारा फोन कर सूचना दिया कि जन वितरण प्रणाली का चावल का दो-तीन बोरी किसी होटल में उत्तारा गया है।

तदुपरांत उक्त ट्रैक्टर को बीडीओ के द्वारा ओभर ब्रिज फुसरो के पास पकड़े तथा पुछ-ताछ हेतु प्रखण्ड कार्यालय बेरमो लाया गया। वहीं,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी बेरमो के निदेर्शानुसार उक्त चावल लदे ट्रैक्टर, चालक एवं प्रदीप यादव जनसेवक बेरमो के साथ डिलर सुदेश साव की उपस्थिति में उनके दुकान पर उक्त चावल का वजन कराया गया,तो निर्गत मात्रा से 1.59 क्विंटल चावल कम पाया गया।

इस संबंध में चालक सीताराम तुरी एवं परिवहन सह हथालन अभिकर्ता कमल प्रसाद से पूछा गया। लेकिन, कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। इससे प्रतीत होता है कि परिवहन सह हथालन अभिकर्ता कमल प्रसाद एवं ट्रैक्टर वाहन के चालक सीताराम तुरी के द्वारा बेरमों गाँधीनगर से निर्गत जन वितरण प्रणाली दुकान रेजिस्ट्रशन नं0-22/84 का खाद्यान्न चावल 55.35 क्विंटल में से कुल 1.59 क्विंटल चावल की चोरी कर बेचा गया है। इसी को लेकर प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया है।

अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा ने दी इफ्तार पार्टी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। गुरुवार को मध्यदेशीय वैश्य सभा द्वारा संस्था के धनबाद जिलाध्यक्ष विशाल गुप्ता के उर्मिला टावर स्थित सिटी कंप्यूटर में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। विशाल गुप्ता ने कहा इस तरह के आयोजनों से आपसी भाईचारा सांप्रदायिक सौहार्द बढ़ता है और हिंदू मुस्लिम एकता का संदेश है इफ्तार पार्टी में मुख्य रूप से पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल शामिल थे। पिछले कई वर्षों से विशाल कुमार बैंक मोड़ में हिंदू मुस्लिम एकता का मिसाल कायम कर रहे है विगत 20 वर्षों से उर्मिला टावर के इफ्तार पार्टी में हिंदू मुस्लिम एक साथ बैठकर यहां एकता का परिचय देते हैं इफ्तार पार्टी में पुर्व मेयर चन्द्रशेखर अग्रवाल रशीद महाजन, मेराज खान,शशी प्रकाश,कैलाश गुप्ता,रविराज झरिया ,एखलाक अहमद, मन्नू गेट,आशिष कादरी, उदय ठाकुर,मुन्ना खॉन,वकिल अंसारी,गुडडु खान,राजा गद्दी, आदिल,जाकिर खान,तोकिर खान, मुन्ना खान,गिरील एंव उर्मिला टावर के दुकानदार और मित्र समेत डेढ़ सौ लोग इफ्तार पार्टी मे शामिल हुए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक: मनोज विशाल
फोन नंबर: 9431145865, 8210783623,
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या: JHAHIN/2017/72655,
Email : bokaronbt@gmail.com

परिवहन सह हथालन अभिकर्ता के विरुद्ध प्राथमिकी

जन वितरण प्रणाली दुकान का खाद्यान्न चोरी कर बेचने का मामला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक बेरमो एसएफसी नित्यानंद महतो ने बेरमो थाना में परिवहन सह हथालन अभिकर्ता कमल प्रसाद एवं ट्रैक्टर के चालक सीताराम तुरी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है। प्राथमिकी को लेकर दिए आवेदन में प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक ने द्वय पर स्टेट फूड कॉरपोरेशन बेरमों गाँधीनगर से निर्गत जन वितरण प्रणाली दुकान का खाद्यान्न चावल 55.35 क्विंटल में से कुल 1.59 क्विंटल चावल चोरी कर बेचने की बात कहीं है।

क्या है मामला - 05 मार्च को सुदेश साव के जन -वितरण प्रणाली दुकान खाद्यान्न चावल 55.35 क्विंटल को सुदेश साव के समक्ष दिया गया। इसके बाद परिवहन सह हथालन अभिकर्ता कमल प्रसाद के

1.59 क्विंटल चावल चोरी कर बेचने का आरोप

द्वारा उक्त चावल को ट्रैक्टर वाहन के चालक सीताराम तुरी के साथ भेजा गया था। कुछ देर बाद प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी बेरमो के द्वारा फोन कर सूचना दिया कि जन वितरण प्रणाली का चावल का दो-तीन बोरी किसी होटल में उत्तारा गया है।

तदुपरांत उक्त ट्रैक्टर को बीडीओ के द्वारा ओभर ब्रिज फुसरो के पास पकड़े तथा पुछ-ताछ हेतु प्रखण्ड कार्यालय बेरमो लाया गया। वहीं,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी बेरमो के निदेर्शानुसार उक्त चावल लदे ट्रैक्टर, चालक एवं प्रदीप यादव जनसेवक बेरमो के साथ डिलर सुदेश साव की उपस्थिति में उनके दुकान पर उक्त चावल का वजन कराया गया,तो निर्गत मात्रा से 1.59 क्विंटल चावल कम पाया गया।

इस संबंध में चालक सीताराम तुरी एवं परिवहन सह हथालन अभिकर्ता कमल प्रसाद से पूछा गया। लेकिन, कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। इससे प्रतीत होता है कि परिवहन सह हथालन अभिकर्ता कमल प्रसाद एवं ट्रैक्टर वाहन के चालक सीताराम तुरी के द्वारा बेरमों गाँधीनगर से निर्गत जन वितरण प्रणाली दुकान रेजिस्ट्रशन नं0-22/84 का खाद्यान्न चावल 55.35 क्विंटल में से कुल 1.59 क्विंटल चावल की चोरी कर बेचा गया है। इसी को लेकर प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया है।